# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 15 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 295 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




धनबाद के डीसी आदित्य रंजन समेत कई अधिकारियों ने धैया स्थित रानी तालाब की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## झारखंड में छह माह में लागू होगा नया पुलिस मैनुअल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार छह माह में नया पुलिस मैनुअल लागू करेगी। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने भाजपा विधायक राज सिन्हा के सवाल पर इसका आश्वासन सदन को दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इसे लेकर कमेटी गठित की है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद इस दिशा में तेजी से काम किया जाएगा। इससे पहले भाजपा विधायक ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से राज्य में अभी तक पुलिस अधिनियम लागू नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तथा अन्य नवीनतम आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक पृथक पुलिस अधिनियम लागू करना जरूरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर क्यों राज्य सरकार पुराने कानूनों को ढो रही है? कहा कि राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी यहां नया पुलिस अधिनियम नहीं बना है। उन्होंने केंद्र की उक्त संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पृथक पुलिस मैनुअल तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने की मांग की। जवाब में मंत्री ने कहा कि कमेटी बना दी गई है। राज्य सरकार आवश्यक कदम उठा चुकी है। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मैनुअल छह माह में लागू किया जाएगा।

### ड्रग्स व मादक पदार्थों की रोकथाम को बनेंगी विशेष टीमें



राज्य सरकार ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर विशेष टीम गठित करेगी। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी के अल्पसूचित प्रश्न के सवाल के जवाब में यह आश्वासन दिया। विधायक ने अपने सवाल में कहा था कि राज्य के कई जिलों खासकर हजारीबाग, रामगढ़ के पतरातू, बड़कागांव, केरेडारी में ड्रग्स का धंधा तेजी से फैल रहा है। इससे क्षेत्र के युवा नशे की लत का शिकार हो रहे हैं। इससे अपराध की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-23 के बीच झारखंड में एनडीपीएस एक्ट के तहत 2,396 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, 2023 से अबतक इस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में काफी वृद्धि हुई है। हजारीबाग और आसपास के थानों में करोड़ों के ड्रग्स जब्त हुए हैं। उनकी बातों का समर्थन भाजपा नवीन जायसवाल ने भी करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए जिला स्तर पर टास्क फोर्स गठित हो। सरकार इसे गंभीरता से ले। जवाब में मंत्री ने जिला स्तर पर विशेष टीम गठित कर ऐसे मामलों पर रोक लगाने की बात कही।

## ट्रेलर ने बस और टेंपो को मारी टक्कर, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के चरही थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना चरही स्थित एनएच पर घाटों मोड़ के पास पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने पहले सड़क पर चल रहे एक टेंपो को टक्कर मारी। इसके बाद ट्रेलर ने हजारीबाग की ओर से आ रही सागर नामक बस को भी अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के साथ-साथ सड़क किनारे खड़ी एक 407 वाहन को भी ट्रेलर ने टक्कर मार दी। अनियंत्रित ट्रेलर यहीं नहीं रुका और सड़क किनारे लगी फल और पान की गुमटी को भी रौंद दिया। दुर्घटना में फल दुकान पर मौजूद विक्रेता उदय सिंह (27) ट्रेलर के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें निकालने का प्रयास किया लेकिन तब तक उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं दो घायलों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही चरही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल हजारीबाग भेजा गया। उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने का काम शुरू किया और धीरे-धीरे यातायात को सामान्य कराया। बस में सवार यात्रियों को भी दूसरी बसों के माध्यम से उनके गंतव्य तक भेजा गया। इस संबंध में चरही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह रेलवे स्टेशन के गार्ड पर हमला

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह रेलवे स्टेशन परिसर में शुक्रवार देर रात चोरी की नीयत से आए अज्ञात बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात एक गार्ड पर हमला कर दिया। इस हमले में गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार कुछ संदिग्ध लोग स्टेशन परिसर के स्टोर रूम के पास पहुंचे थे। गार्ड ने उनकी गतिविधि पर संदेह होने पर उनसे पूछताछ की लेकिन बदमाशों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी और गार्ड को बुरी तरह घायल कर दिया।

### बच्चा चोर की अफवाह पर हंगामा

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोरियारी बागी इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक महिला को बच्चा चोर होने के शक में पकड़ लिया। इसके बाद देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई और इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला वास्तव में बच्चा चोर है या फिर अफवाह के कारण उसे गलतफहमी में पकड़ लिया गया। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

### अपराधियों ने चलाई ताबड़तोड़ गोलियां

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार दोपहर करीब 1:45 बजे चूना भट्ठा मुख्य सड़क स्थित संजय इलेक्ट्रॉनिक बैटरी दुकान पर दो बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना के वक्त दुकान पर रवि नामक युवक बैठा था जिस पर अपराधियों ने निशाना साधते हुए करीब चार राउंड गोलियां चलाईं। गनीमत रही कि इस हमले में रवि बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मौके से चार खोखे बरामद किए। इनमें से एक खोखा दुकान के अंदर से मिला है।

### बच्चे का शव कुआं से बरामद

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित कसीरा गांव में एक 6 वर्षीय बच्चे अनमोल खड़िया का शव कुएं से बरामद किया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप मामले की गहन छानबीन कर रही है। अनमोल खड़िया के पिता टन टनिया खड़िया ने आरोपी कुलभूषण महली के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह घटना आपसी रंजिश का परिणाम प्रतीत होती है। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत छानबीन जारी है।

## कुआं से पिता, पुत्र और पुत्री का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जामताड़ा।** जिले के बागडेहरी थाना क्षेत्र को मुड़ाबेड़िया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है। गांव के कुएं से पिता और उसके दो नाबालिग बच्चों का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया है। एक साथ तीन शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कुएं से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। दरअसल, इलाके के चरवाहे मुडाबेड़िया आश्रम के पास मवेशी चराने गए थे। आश्रम से कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित कुएं में चरवाहों ने तीन लाश देखी। चरवाहों ने फौरन मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को बरामद किया।पुलिस के अनुसार मृतक और उसके दो बच्चे पश्चिम बंगाल के राजनगर, बीरभूम जिला के रहने वाले थे। आधार कार्ड के माध्यम से शवों की शिनाख्त हुई है। पुलिस की माने तो मित्र की पहली पत्नी की मौत हो चुकी थी। उसकी दूसरी शादी जामताड़ा जिले के कुंडहित थाना क्षेत्र में हुई थी। पहली पत्नी की मौत के बाद वह काफी डिप्रेशन में रहता था। कई दिनों से वह अपने बच्चों के साथ रह रहा था। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि मित्र नामक शख्स और उसके दो बच्चों की लाश कुएं में मिली है। पहली पत्नी की मौत के बाद वह काफी डिप्रेशन में रहता था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही तीनों की मौत की असली वजह सामने आएगी। फिलहाल पुलिस दूसरे बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

## 10 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा माओवादी नक्सली संगठन की कमर तोड़ दी। पुलिस ने माओवादी नक्सली संगठन के जोनल कमांडर 10 लाख का इनामी मृत्युंजय भुइयां और 2 लाख का इनामी सब जोनल कमांडर बबलू को गिरफ्तार कर लिया। मृत्युंजय भुइयां पर कुल 104 नक्सली हिंसा के मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। अलग-अलग नक्सली घटनाओं में 44 पुलिसकर्मियों की हत्याकांड में यह शामिल था। मृत्युंजय लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र नावाडीह चकलवा टोला का जबकि बबलू राम बिहार के अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जोनल कमांडर मृत्युंजय अपने कुछ साथियों के साथ जरूरत का सामान लेने के लिए छिपादोहर थाना क्षेत्र के हरिणामाड़ गांव के आसपास आने वाला है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम गठित कर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। इसी दौरान दो नक्सली मृत्युंजय भुइयां और बबलू राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक एके-47 स्वचालित हथियार, 21 गोलियां और 1 लाख 60 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली मृत्युंजय पर लातेहार समेत दूसरे जिले के विभिन्न थानों में 104 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि मृत्युंजय लगभग 20 वर्षों से नक्सली संगठन में सक्रिय रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र में हुए मुठभेड़ और हिंसक घटनाओं में यह मुख्य रूप से शामिल रहता था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ पुलिस के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए छापामारी अभियान में थाना प्रभारी छिपादोहर यकीन अंसारी, गारू थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी शशि कुमार, थाना प्रभारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी प्रभात दास, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर किशोर मुंडा, इंद्रजीत तिवारी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



## झारखंड के 155 आइएएस अधिकारियों की संपत्ति सार्वजनिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कैडर के 155 आइएएस अधिकारियों ने अपनी चल और अचल संपत्तियों का वार्षिक ब्यौरा सार्वजनिक कर दिया है। केंद्र सरकार के निर्देश पर यह जानकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पोर्टल पर अपलोड की गई है। जारी विवरण के अनुसार राज्य के कई वरिष्ठ अफसरों की संपत्ति सिर्फ झारखंड तक सीमित नहीं है बल्कि बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी उनकी जमीन, मकान और फ्लैट हैं। 1993 बैच के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने अपनी पैतृक और अर्जित संपत्तियों का विस्तृत विवरण दिया है। इसके तहत उनके पास सीतामढ़ी के सुरसंड में 1.18 एकड़ और 20 एकड़ कृषि भूमि, मुजफ्फरपुर के गन्नीपुर में हाउसिंग जमीन, पटना के बोरिंग रोड में फ्लैट, पाटलिपुत्र कॉलोनी और दानापुर में प्लॉट, नई दिल्ली के द्वारका में 1780 वर्ग फीट का 4-बीएचके फ्लैट (सालाना किराया करीब 5.76 लाख रुपये), लखनऊ के गोमती नगर में 6000 वर्ग फीट जमीन है। इसके अलावा रांची के अशोक नगर में 1600 वर्ग फीट और धुर्वा में 7820 वर्ग फीट जमीन भी उनके नाम दर्ज है। 1991 बैच के शैलेश कुमार सिंह ने बताया है कि देवघर में मकान और रांची के सांगा में 6000 वर्ग फीट जमीन है। वहीं 1992 बैच की निधि खरे की गौतम बुद्ध नगर में करीब 1.19 करोड़ की जमीन है। साथ ही रांची के ओल्ड एजी कोऑपरेटिव कॉलोनी में करीब 1 करोड़ का घर और 7820 वर्ग फीट प्लॉट है। 1995 बैच के नितिन मदन कुलकर्णी के पास रांची के हरमू और अशोक नगर में दो मकान है, जिनकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है। 1995 बैच के अजय कुमार सिंह के मुताबिक सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स, को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड की ओर से 7883 स्क्वॉयर फीट का प्लॉट है। 1996 बैच की वंदना दादेल के पास रांची के बरियातू में 7500 वर्ग फीट जमीन और खेलगांव में 1600 वर्ग फीट रो-हाउस है। 1997 बैच के सुनील कुमार वर्णवाल के पास गौतम बुद्ध नगर में 500 वर्ग मीटर जमीन, रांची के सांगा में प्लॉट और खूंटी के लोधमा में 58 डिसमिल जमीन है। 1998 बैच की अराधना पटनायक ने कांके के सांगा में 6,000 स्क्वॉयर फीट की जमीन, बरियातू में 1766 स्क्वॉयर फीट का घर, पुडुचेरी में 1200 स्क्वॉयर फीट का घर है जो पिता से मिला है। 1998 बैच के केके सोन के नाम से कांके के सांगा में 6,000 स्क्वॉयर फीट की जमीन है। 2000 बैच की पूजा सिंघल के नाम से कोलकाता के राजरहाट में घर, कांके के सुकुरहुट्टी में 7800 स्क्वॉयर फीट का प्लॉट, बरियातू के ऑर्चिड बिल्डिंग में 4,500 स्क्वॉयर फीट का कॉमर्शियल स्पेस है जो पति अभिषेक झा के नाम से है। साथ ही नगड़ी में प्रोपर्टी है जिससे सालाना 13 लाख की आमदनी होती है। वहीं 2002 बैच के मनीष रंजन के नाम से पुणे, रांची और देहरादून में अचल संपत्ति है। 2008 बैच के अरवा राजकमल के नाम से पुनदाग के जयसुमन अपार्टमेंट में आवासीय फ्लैट है। 2011 बैच के छवि रंजन के नाम से ओयना, कांके में फ्लैट है। रांची के डीसी और 2011 बैच के आईएएस मंजूनाथ भजंत्री की पत्नी के साथ बंगलुरु और रांची के पिठौरिया में संयुक्त संपत्ति है। जहां कई अधिकारियों ने करोड़ों की संपत्ति घोषित की है, वहीं दो आईएएस अफसरों ने खुद को बिना अचल संपत्ति वाला बताया है। इनमें 1996 बैच के मस्त राम मीणा और 2005 बैच के ऊर्जा सचिव के श्रीनिवास शामिल हैं। दोनों अधिकारियों ने अपने विवरण में बताया है कि उनके नाम से वर्तमान में कोई अचल संपत्ति दर्ज नहीं है। केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार सभी आईएएस अधिकारियों के लिए 31 जनवरी 2026 तक अपनी चल और अचल संपत्तियों का विवरण ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य किया गया था। इसी प्रक्रिया के तहत झारखंड कैडर के 155 अधिकारियों की संपत्ति का ब्यौरा अब सार्वजनिक कर दिया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मुताबिक चार अफसरों ने अभी तक संपत्ति का ब्यौरा फाइल नहीं किया है उनमें विनय कुमार चौबै, संजय कुमार, मनोहर मरांडी और कृष्ण कुमार सिंह के नाम शामिल हैं।

## डोल मेला में बड़ा हादसा, एक की मौत, कई घायल

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की राजधानी रांची के टाटीसिलवे इलाके में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। टाटीसिलवे से अनगड़ा की ओर जाने वाली सड़क के किनारे लगे डोल मेला में अचानक एक अनियंत्रित कार घुस गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 8 से 10 लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना के बाद मेले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में शामिल कार जमशेदपुर नंबर की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज रफ्तार में थी और अचानक चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया। इसके बाद कार सीधे मेले में मौजूद लोगों की भीड़ की तरफ घुस गई जिससे कई लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में घायल लोगों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के आवास पर सरहुल पूजा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित आवास में शनिवार को पूरे पारंपरिक उल्लास और आस्था के साथ सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी परंपराओं के अनुसार सभी धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न किए गए। पूजा स्थल पर साल के पेड़ की डाली गाड़कर प्रकृति की आराधना की गई और पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय और आध्यात्मिक बना रहा। सरहूल पूजा के अवसर पर अर्जुन मुंडा ने अपने परिवार के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनकी पत्नी डॉ मीरा मुंडा और पुत्र डॉ अभिषेक मुंडा समेत परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने पारंपरिक रीति के अनुसार अपने कानों में सरई यानी सखुआ के फूल लगाकर सरखोसी की परंपरा निभाई। पूजा के दौरान राज्य और देश की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। पूजा के बाद पूरे परिसर में पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य का आयोजन हुआ। सरहुल के इस उत्सव में मौजूद लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य और लोकगीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति की झलक पेश की। सरई फूल लगाकर सरखोसी की परंपरा निभाने के साथ-साथ लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान माहौल पूरी तरह से आदिवासी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरहूल केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह जनजातीय समाज की परंपराओं, सामुदायिक एकता और प्रकृति के प्रति सम्मान का जीवंत प्रतीक है।

## मेदिनीनगर की महापौर अरुणा शंकर ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर में नवनिर्वाचित महापौर अरुणा शंकर ने 35 वार्ड पार्षदों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को मेदिनीनगर नगर निगम के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अरुणा शंकर और वार्ड पार्षदों को पलामू की कमिश्नर कुमुद सहाय ने शपथ दिलाईं। महापौर के शपथ ग्रहण के साथ ही समारोह का औपचारिक आरंभ हुआ। इसके बाद नगर निगम के सभी नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को भी क्रमवार शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण की प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी की गई। शपथ लेते ही सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए काम करने का संकल्प लिया। मेदिनीनगर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी 35 वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षदों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के बाद पार्षदों ने नगर क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर काम करने की बात कही। समारोह के दौरान नगर निगम के नए जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल देखा गया। पार्षदों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में नगर निगम क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और विकास योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण के बाद नगर निगम के डिप्टी मेयर के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 75 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 70,695 प्री-लिटिगेशन मामले और 4,479 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही विभिन्न मामलों के निपटारे से 2 करोड़ 96 लाख 73 हजार 236 रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दुर्घटना वाद से जुड़े पीड़ितों को 1 करोड़ 3 लाख 44 हजार रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि के चेक भी प्रदान किए गए





कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री धनंजय कुमार तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारियों के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मार्तंड प्रताप मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आम लोगों और पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नालसा नई दिल्ली और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के निर्देश पर पूरे देश में यह आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से सुलहनीय आपराधिक मामले सिविल मामले बैंक ऋण से जुड़े मामले, मोटर दुर्घटना वाद बिजली वन विभाग, उत्पाद, माप-तौल तथा खाद्य सुरक्षा से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाता है, जिससे आम लोगों को राहत मिलती है और न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री सफदर अली नैयर ने किया। लोक अदालत को सफल बनाने के लिए गिरिडीह न्यायमंडल की ओर से पूर्व में विभिन्न विभागों और न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठकें की गई थीं तथा मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजकर सूचित किया गया था राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल 13 पीठों का गठन किया गया था जिनमें पीठासीन पदाधिकारियों ने अपने अपने आवंटित मामलों का निष्पादन किया। साथ ही जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के सहयोग से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण कर उन्हें सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में गिरिडीह न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारी अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित थे। लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं विभागीय अधिकारियों, न्यायालय कर्मियों, पारा लीगल वालंटियर्स और मीडिया कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# बालमुकुंद फैक्ट्री पर उठे मजदूर शोषण व प्रदूषण के सवाल : विधायक अरूप चटर्जी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में संचालित मेसर्स बालमुकुंद स्पंज एंड आयरन फैक्ट्री प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े मजदूरों के शोषण, प्रदूषण और आंदोलनकारियों पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों के मुद्दे को लेकर निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने आवाज उठाई है। विधायक ने कहा कि मामले की जल्द जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए माले से जुड़े नेताओं ने बताया कि असंगठित मजदूर मोर्चा और किसान नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि संगठन लगातार फैक्ट्री की जांच की मांग करते हुए लिखित आवेदन देता रहा है। इस संबंध में माले नेता राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने प्रेस को जानकारी दी कन्हाई पांडेय ने आरोप लगाया कि बालमुकुंद फैक्ट्री का प्रबंधन मजदूरों के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है।

मजदूरों से आठ घंटे के बजाय 12 घंटे तक काम कराया जाता है और शिकायत करने वालों को नौकरी से निकाल दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि हादसों में मजदूरों की मौत होने पर उनके परिजनों को मुआवजा देने में भी अनावश्यक देर की जाती है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की कई फैक्ट्रियां प्रदूषण मानकों का पालन नहीं कर रही हैं। कई बार उच्च अधिकारियों को जानकारी देने के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में प्रशासनिक जांच और जनआंदोलन के जरिए ही इस मुद्दे को दबाया जा सकता है। संगठन की मांग है कि फैक्ट्रियों में राज्य सरकार की नीति के अनुसार 75 प्रतिशत स्थानीय मजदूरों को रोजगार दिया जाए माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन पर पहले भी आंदोलनकारियों और ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवं कौशल विभाग के अवर सचिव की ओर से आए पत्र में श्रम अधीक्षक गिरिडीह को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई फैक्ट्री 75 प्रतिशत स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं देती है तो इसके लिए सरकार और प्रशासन को भी संज्ञान लेना चाहिए सिन्हा ने पिकेट थाना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि थाना प्रभारी फैक्ट्री प्रबंधन के दबाव में काम कर रहे हैं। यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो पिकेट थाना के समक्ष भी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा वहीं असंगठित मजदूर मोर्चा के मसूदन कोल, किशोर राय, भीम कोल, लखन कोल, पवन यादव और नवीन पांडेय सहित अन्य नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा किए गए सभी कथित फर्जी मुकदमों की जांच कराई जाएगी और उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है गिरिडीह और गांडेय के प्रभारी पूरन महतो ने कहा कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों में जल्द ही पार्टी का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें गिरिडीह के स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि पार्टी लगातार जनता से जुड़े मुद्दों पर नजर बनाए हुए है और मजदूरों व आम जनता के सवालों पर संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्प डंसने से महिला बेहोश

**एकमा/सारण (नबिटासं)।** एकमा थाना क्षेत्र के एकडीपुर गांव में सांप के डंसने से एक महिला अचेत हो गई। परिजनों ने उसे तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य हो गई। बताया जाता है कि एकडीपुर गांव निवासी शैलेंद्र महतो की 25 वर्षीय पत्नी अनीता देवी घर में काम कर रही थीं। इसी दौरान वह रसोईघर से बर्तन निकालकर चापाकल के पास रखने जा रही थीं। जैसे ही उन्होंने बर्तन उठाया, उसमें पहले से छिपे सांप ने उन्हें डंस लिया। इसके बाद वह अचेत होकर गिर पड़ीं। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा ले जाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार ने उनका उपचार किया, जिसके बाद महिला को होश आ गया और उनकी स्थिति सामान्य बताई गई। इलाज के बाद परिजन उन्हें अपने साथ घर ले गए।

### मारपीट में महिला घायल, लाठी से सिर फोड़ने का लगाया आरोप

**एकमा/सारण (नबिटासं)।** एकमा थाना क्षेत्र के गंजपर गांव में चापाकल के उपयोग को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट कर उसे घायल कर देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में घायल महिला ने एकमा थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में एकमा थाना की पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया गया है कि गंजपर गांव निवासी इस्लामुद्दीन मियां की पत्नी साजरा खातून ने आवेदन में अपने पट्टीदार जमामुद्दीन मियां तथा उनके परिवार के सदस्यों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों द्वारा गाली देने से मना करने पर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आवेदन के अनुसार मारपीट के दौरान लाठी से सिर पर वार किए जाने से उनका सिर फट गया और वह जमीन पर गिर पड़ीं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद घायल महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में कराया गया। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच साझा चापाकल के उपयोग को लेकर यह विवाद हुआ था।

### फाइनल में रसूलपुर ने धानाडीह को 35 रनों से धोया

**रसूलपुर (नबिटासं)।** महेंद्रनाथ क्रिकेट क्लब रसूलपुर के सौजन्य से शॉर्ट बाउंड्री टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमें कुल आठ टीमों ने भाग लिया। लीग मैच खेलते हुए रसूलपुर और धानाडीह की टीम फाइनल में पहुंची। बुधवार को हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में रसूलपुर की टीम ने ताबड़तोड़ बैटिंग के बदौलत 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 295 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में धानाडीह की टीम 16 ओवर में तीन विकेटों के नुकसान पर केवल 260 रनों पर ही सिमट गई और इस फाइनल मुकाबले को रसूलपुर ने 35 रनों के अंतर से जीत लिया। टूनार्मेंट का आयोजन मंजीत कुमार मिश्रा 'मन्नू' ने किया। मुख्य अतिथि विकास सिंह राठौर, रंजीत रंजन ओझा उर्फ लाट ओझा, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुशवाहा एवं उपमुखिया मनोज सोनी उर्फ नन्हे ने रसलपुर के कप्तान अजय सोनी को विजेता कप और धनाडीह के कप्तान शंभू कुमार को उप विजेता कप प्रदान किया। इस टूनार्मेंट के सफल आयोजन में पवन कुशवाहा, विमल सिंह शिक्षक, मुन्ना मिश्रा, आकाश कुमार, अंशु चौरसिया, छोटे कुमार, आशित मिश्रा, छोटू सिंह, दीपू मिश्रा एवं स्थानीय युवाओं का भरपूर सहयोग रहा।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य नायक सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**छपरा (नबिटासं)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन के तत्वावधान में मांझी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सामुदायिक स्वास्थ्य नायक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्य क्षेत्र में सक्रिय सामुदायिक स्वास्थ्य उद्यमी (सीएचई) दीदियों, आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचई के कार्य से लाभान्वित परिवारों के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं के योगदान को सम्मानित करना था। सबसे अहम बात यह है कि हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी सामाजिक संस्था है, जो उन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है, जहां मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं। संस्था महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य उद्यमी (सीएचई) के रूप में विकसित कर रही है, ताकि वह अपने गांव और समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन की क्षेत्र समन्वयक मनीषा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त सीएचई दीदियां गांवों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने, लोगों को स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूक करने, किफायती स्वास्थ्य उत्पादों तक पहुंच उपलब्ध कराने तथा प्राथमिक उपचार देने का कार्य कर रही हैं। इसके अलावा बीमारी के लक्षण पहचान कर मरीजों को डॉक्टर से संपर्क कराने और आगे की चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में भी वे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और झारखंड के चयनित जिलों में 6000 से अधिक महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य उद्यमी के रूप में प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षित महिलाएं लगभग 82.5 लाख लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता पहुंचा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के महत्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन से फील्ड कोऑर्डिनेटर सपना के अनुसार वर्तमान समय में हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन सारण जिले के लगभग 200 से अधिक गांवों में सीएचई दीदियों को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के विषय में प्रशिक्षण देकर सक्रिय रूप से कार्य करा रहा है। प्रशिक्षण के बाद सीएचई दीदियां गांवों में लोगों को संतुलित खान- पान, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाले गैर- संचारी रोगों की पहचान, जांच और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराने का भी कार्य कर रही हैं। कई मामलों में डॉक्टर कॉल की मदद से मरीजों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने में भी सहायता कर रही हैं। इसी क्रम में संस्था की तीन सीएचई दीदियों चम्पा देवी, गायत्री देवी और पूनम देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन तीनों ने अपने गांव में गंभीर रूप से बीमार लोगों को समय पर प्राथमिक उपचार देकर उनकी जान बचाने का सराहनीय कार्य किया है।

# मासिक अपराध गोष्ठी में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश, पर्वों को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक तथा थाना एवं ओपी प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही वारंट एवं कुर्की के




लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन, लंबित पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने तथा न्यायालय से संबंधित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने को कहा।इसके अतिरिक्त विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों के निष्पादन और आम जनता से मिलने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश भी दिए गए बैठक में आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

# बीएलए प्रशिक्षण व एसआइआर प्रक्रिया के लिए राहुल बाल प्रेक्षक नियुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की झारखंड प्रदेश इकाई ने संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पत्र जारी कर बताया कि एआईसीसी के प्रशिक्षण विभाग से जुड़े राहुल बाल को अप्रैल से जुलाई 2026 तक बीएलए प्रशिक्षण बीएलए ट्रेनिंग एवं एसआईआर प्रक्रिया के लिए प्रेक्षक ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है।

जारी निर्देश में सभी जिला कांग्रेस कमेटी डीसीसी अध्यक्षों को कहा गया है कि वे इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। प्रेक्षक राहुल बाल समय-समय पर बीएलए प्रशिक्षण और



एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश फोन या व्हाट्सएप समूह के माध्यम से साझा करेंगे प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन को मजबूत करने और प्रशिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है इस संबंध में जारी पत्र की प्रतिलिपि झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू, सहप्रभारी डॉ. सिरिवेल्ला प्रसाद तथा सहप्रभारी भूपेंद्र मरावी सहित अन्य पदाधिकारियों को भी भेजी गई है।

# गिरिडीह स्टेशन पर गार्ड से मारपीट, मोबाइल व पैसे की लूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । गिरिडीह रेलवे स्टेशन परिसर में देर रात चोरी की नीयत से पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात गार्ड के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल गार्ड को शनिवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाज के लिए लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया।घायल की पहचान महरू साव 48 वर्ष पिता बिल्टू साव, निवासी बेला गांव, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है।

बताया गया कि वह पिछले करीब सात वर्षों से गिरिडीह रेलवे स्टेशन के इंजीनियरिंग विभाग में गार्ड के रूप में कार्यरत हैं जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार और



शनिवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे की है। उस समय महरु साव स्टेशन परिसर में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोग चोरी की नीयत से वहां पहुंचे। गार्ड द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके पैर की हड्डी बुरी तरह टूट गई बताया गया कि हमलावरों ने गार्ड का मोबाइल फोन और नकद पैसे भी छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घायल गार्ड ने किसी तरह शोर मचाकर आसपास मौजूद अन्य गार्डों को बुलाया। इसके बाद उन्हें तत्काल सदर अस्पताल गिरिडीह लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया घटना के बाद रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# वाहन जांच अभियान में 1.96 लाख जुर्माना वसूली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और परिवहन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला परिवहन विभाग की ओर से सरिया और खोरीमहुआ स्थित जीटी रोड पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने किया इस दौरान मुख्य सड़कों और महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर ट्रक, डंपर, ट्रेलर समेत भारी वाहनों की सघन जांच की गई।

जांच के दौरान पंजीकरण प्रमाण पत्र, वाहन फिटनेस बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक



दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई।अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 भारी वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनसे कुल 1 लाख 96 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। जांच में कई वाहनों में ओवरलोडिंग, फिटनेस प्रमाण पत्र की कमी और आवश्यक दस्तावेजों का अभाव जैसी अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर मौके पर ही कार्रवाई की गई जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए समय समय पर इस प्रकार के जांच अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार भारी वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल लेकर चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और वाहन की फिटनेस तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र का समय पर नवीनीकरण कराएं। नियमों का पालन करने से न केवल जुमार्ने से बचा जा सकता है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होती है परिवहन विभाग की टीम ने अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# कलावती गैस एजेंसी का प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** घरेलू तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे लोगों प्रत्येक दिन सवेरे सवेरे आजमनगर बाजार स्थित कलावती गैस एजेंसी के प्रांगण में लंबी कतार में लगने का सिलसिला जारी है। इस दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सजल वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि कलावती गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया।

स्टॉक पंजी का अवलोकन किया गया तो पाया की 360 डोमेस्टिक गैस सिलेंडर तथा केवल 09 कमर्शियल गैस सिलेंडर एजेंसी में उपलब्ध था। जिसमें से 300 डोमेस्टिक गैस सिलेंडर ग्राहकों को आपूर्ति के लिए पर्ची कट चुका था। प्रत्येक दिन जमा हो रहे भीड़ के संबंध में पूछे जाने पर आपूर्ति पदाधिकारी सजल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में पहले अफवाहों की वजह से तथा 1 से 2 एक्स्ट्रा आपूर्ति कर घर में रखने की लालसा के कारण यह भीड़ प्रत्येक दिन इकट्ठी हो रही है। आजमनगर में गैस की किल्लत की अभी कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि कलावती गैस एजेंसी के प्रबंधक संचय कुमार दास ने 1500 गैस सिलेंडर का डिमांड सरकार से आपूर्ति कराए जाने हेतु आर्डर लगा दिया है। अगर सरकार के द्वारा आपूर्ति कर दी जाती है तो किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी।

# जमुआ में धावा दल की कार्रवाई, तीन बाल मजदूरों का रेस्क्यू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । जिले के जमुआ प्रखंड में बाल एवं किशोर श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन अभियान के तहत शनिवार को धावा दल ने छापेमारी कर तीन बाल मजदूरों को मुक्त कराया। यह कार्रवाई टिंकू गैरेज, यूनाइटेड मोटर गैरेज और माथुर होटल में की गई, जहां नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा था अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी अजय दास ने किया। सूचना के आधार पर धावा दल ने दो सर्विस सेंटर और एक होटल में छापेमारी की।

जांच के दौरान पाया गया कि तीन नाबालिग बच्चे बाल श्रम की स्थिति में कार्य कर रहे थे। इसके बाद टीम ने तत्काल कार्रवाई करते




हुए बच्चों को वहां से मुक्त कराया रेस्क्यू किए गए बच्चों को आवश्यक देखभाल के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उनके पुनर्वास और सहायता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर अपराध है और इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।अभियान में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह की टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था की ओर से सचिव सुरेश कुमार शक्ति, कार्यक्रम समन्वयक उत्तम कुमार, सामुदायिक कार्यकर्ता उज्जवल मिश्रा, रूपा कुमारी और उत्तम कुमार सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे टीम के सदस्यों ने कहा कि बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित बचपन मिलना उनका अधिकार है, इसलिए समाज के सभी लोगों को बाल श्रम के खिलाफ आगे आकर सहयोग करना चाहिए इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने स्थानीय दुकानदारों और लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना कानूनन अपराध है। कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिलने पर तुरंत प्रशासन या संबंधित विभाग को सूचित करने की अपील की गई धावा दल ने स्पष्ट किया कि जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और जहां भी बच्चों से अवैध रूप से काम कराया जाएगा, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रांची में पुलिस प्रेजेंस अब और मजबूत, 25 पीसीआर वैन तैनात, रीयल-टाइम मॉनिटरिंग शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** सरकार की बड़ी पहल के बाद रांची पुलिस का पीछा अब खटारा वाहनों से छूट चुका है। 88 चारपहिया वाहनों और दर्जनों बाइकों के आवंटन के बाद उम्मीद की जा रही है कि पूरे राजधानी में पुलिस की मौजूदगी अब बेहतर होगी। शनिवार की शाम रांची के सभी पीसीआर और टाइगर जवानों को ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने ब्रीफ किया और उन्हें नए वाहन सौंपे गए।

**रांची पुलिस को सबसे ज्यादा वाहन आवंटित**

झारखंड सरकार द्वारा पुलिस को दिए गए 600 से अधिक वाहनों में रांची पुलिस को सबसे ज्यादा 88 चारपहिया वाहन आवंटित किए गए हैं। इनमें से 25 वाहनों को पीसीआर पेट्रोलिंग में तैनात किया गया है, ताकि शहर में पुलिस की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। अब हर संवेदनशील और महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर पीसीआर वैन नजर आएंगी, जो क्विक रिस्पॉन्स टीम के रूप में तैनात रहेंगी। शनिवार को ही नए वाहनों को पीसीआर में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है।

ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने सभी पीसीआर पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग दी। उन्होंने जवानों को निर्देश दिए कि वे नए वाहनों की तरह तरोताजा होकर ड्यूटी निभाएं। ब्रीफिंग में मुख्य बिंदु निम्नलिखित रहेः

पुलिस प्रेजेंस बढ़ाकर स्नैचिंग और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाना तय करें।

जीपीएस के जरिए वाहनों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

सामान्य स्थिति में 20 मिनट से ज्यादा एक जगह न रुकें, ताकि पेट्रोलिंग गतिशील बनी रहे।

आने वाले तीन महत्वपूर्ण पर्व-त्योहारों (ईद, सरहुल और रामनवमी) में असामाजिक तत्वों को सक्रिय न होने दें और निष्ठापूर्वक ड्यूटी करें।

**बेहतर संसाधन मिला है, बेहतर ड्यूटी करें**

ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने कहा कि नए वाहनों के साथ जवान तरोताजा होकर ड्यूटी करें, ताकि पुलिस की मजबूत छवि बने। पुलिस की मौजूदगी ऐसी हो कि स्नैचरों और असामाजिक तत्वों में डर पैदा हो, जिससे शहर की कानून-व्यवस्था दुरुस्त रहे। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि सामान्य परिस्थितियों में पीसीआर वैन 20 मिनट से ज्यादा एक लोकेशन पर स्टैटिक नहीं रहेंगी और इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

## मनोज सिंह बने मेदिनीनगर निगम के निर्विरोध उप महापौर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मनोज सिंह शनिवार को निर्विरोध उप महापौर निर्वाचित घोषित किए गए। प्रस्तावक बनी वार्ड पांच की पार्षद नीरा देवी ने उप महापौर के लिए मनोज सिंह का नाम रखा। वार्ड 12 के पार्षद अनूप कुमार सिंह उनके समर्थक बनें। मनोज सिंह के विरोध में एक भी वार्ड पार्षदों ने नामांकन दाखिल नहीं किया। निर्वाची पदाधिकारी कुंदन कुमार ने उप महापौर के चयन में नामांकन के लिए एक घंटे का समय निर्धारित किया था। एक घंटे का समय बीत जाने के क्रम में किसी ने मनोज सिंह के विरुद्ध नामांकन नहीं किया। इस तरह निर्वाची पदाधिकारी कुंदन कुमार ने मनोज सिंह का नाम उपमहापौर पद के लिए घोषित किया। साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। बताते चलें कि मनोज सिंह वार्ड नंबर 23 के निर्विरोध पार्षद चुने गए थे। डिप्टी मेयर पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद मेयर अरुणा शंकर ने मनोज सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। डिप्टी मेयर चुने जाने के बाद मनोज सिंह मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय पहुंचे व अपना कार्य भार संभाला। मौके पर कर्मियों ने गुलदस्ता व फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बाद में एक खुली जीप में सवार होकर मनोज सिंह ने शहर का भ्रमण किया व क्षेत्र वासियों का आभार प्रकट किया। डिप्टी मेयर मनोज सिंह ने कहा कि मेदिनी नगर निगम क्षेत्र के निर्वाचित वार्ड पार्षदों ने उनके ऊपर जिस तरह से विश्वास व्यक्त कर उप महापौर बनाया है, उनके विश्वास पर खडा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। अभी गर्मी में पेयजल की समस्या के साथ-साथ गंदगी व जाम की समस्या सामने है।

# चुनावी प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र : अविनाश वर्मा

**तीन वर्षों से अधूरे पड़े विकास के कार्यों को गति प्रदान करने की अपील**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा ने मेदिनीनगर नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर सह भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री अरुणा शंकर व डिप्टी मेयर के रूप में निर्विरोध निर्वाचित युवा नेता मनोज सिंह के साथ नव निर्वाचित सभी वार्ड पार्षदों को आज शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। विदित हो कि 27 फरवरी 2026 को चुनाव परिणाम आने के बाद क्षेत्र की जनता बेसब्री से आज के दिन का इंतजार कर रही थी ताकि निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को मूर्त रूप देते हुए एक आदर्श नगर निगम की छवि को शिखर पर ले जाया जा सके। अविनाश वर्मा ने सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों से आग्रह के साथ सुझाव देते हुए कहा कि चुनाव कार्यकाल के दरम्यान संबंधित प्रत्याशियों के द्वारा एक दूसरे के प्रति दिए गए बयानों व आरोपो पर विराम लगाते हुए गत तीन वर्षों से अधूरे पड़े विकास के कार्यों को गति प्रदान करने के साथ एक परिवार की तरह पूरे निगम क्षेत्र को आगे ले जाने की मंशा के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें क्षेत्र के सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, संगठनों व राजनीतिक दलों की भूमिका अपेक्षित है। इससे बगैर किसी भेदभाव के पूरे क्षेत्र का विकास हो सकेगा। अविनाश वर्मा ने सभी लोगों के साथ विशेष कर जिला प्रशासन को भी शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव व परिणाम घोषित कराने के साथ आज शपथ लेने तक की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से संपन्न करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों व सहकर्मियों को बधाई दिया।

## चौपारण के पूर्व थाना प्रभारी दीपक सिंह बने बड़कागांव के नए थाना प्रभारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** चौपारण थाना के पूर्व थाना प्रभारी दीपक सिंह को बड़कागांव थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। उनके पदस्थापन की खबर सामने आते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया है। दीपक सिंह अपने कार्यकाल के दौरान चौपारण थाना में सक्रिय और अनुशासित पुलिस पदाधिकारी के रूप में जाने जाते रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब वे बड़कागांव थाना की जिम्मेदारी संभालेंगे। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और भी मजबूत होगी तथा अपराध नियंत्रण में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। दीपक सिंह ने पदभार संभालने के बाद कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** छतरपुर स्थित फोरलेन सड़क में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति की गंभीर स्थिति में रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार छतरपुर के मसीहानी स्थित फोरलेन में बाइक की टक्कर में छतरपुर के लोहराही निवासी मंगल चंद्रवंशी आ गए। इसमें उन्हें गंभीर चोट आई। घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोग उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले गए। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मेदिनीनगर से रिम्स जाने के क्रम में इनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना छतरपुर स्थित फोरलेन सड़क उदयगढ़ मोड कउवल पंचायत भवन के करीब सड़क पर घटी। इसमें एक बाइक सवार व्यक्ति कार की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद वहां मौजूद लोग अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। इस घटना में घायल व्यक्ति की पहचान छतरपुर के तिलैया निवासी सतीश कुमार के रूप में किया गया।

# मुकेश चंद्र वर्मा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सुविधा केंद्र का शुभारंभ

**जीरो डाउन पेमेंट पर योजना का मिलेगा लाभ : माही वर्मा**

**3 किलोवाट के लिए 78 हजार रुपए केंद्र सरकार देती है सब्सिडी : गौरव वर्मा**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय स्टेशन रोड के गिरजाघर के ठीक सामने मुकेश चंद्र वर्मा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठा का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैथोलिक गिरजाघर के विशप थियोडोर मैसकैरीनहस व पलामू के प्रतिशत व्यवसायी सुरेश कुमार जैन संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि कैथोलिक गिरजाघर के विशप थियोडोर मैसकैरीनहस ने कहा कि सोलर से मुफ्त बिजली पलामू वासियों के लिए वरदान है। सोलर के माध्यम से अपने घर व प्रतिष्ठान को रौशन किया जा सकता है। मौके पर पलामू के ख्यात व्यवसायी सुरेश कुमार जैन ने कहा कि पलामू के व्यवसाईयों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़कर लाभ लेना चाहिए। यह योजना बिजली यूनिट के बढ़ रहे दर के मद्देनजर बेहतर योजना है। मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर महेश चंद्र वर्मा उर्फ माही वर्मा वह नीतिश चंद्र वर्मा उर्फ गौरव वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सुविधा केंद्र से पलामू वासियों को जोड़ा जाएगा। कहा कि इस योजना के तहत 1 किलो वाट में 30 हजार रुपए, दो किलो वाट में 60 हजार रुपए व 3 किलो वाट में 78 हजार रुपए की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस तरह 3 किलोवाट में 300 यूनिट बिजली काम हो जाता है इस तरह बिजली बिल शून्य रहेगा उन्होंने बताया कि पलामूवासी जीरो डाउन पेमेंट पर भी उक्त योजना का लाभ उठा सकते हैं। बैंक के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के तहत मात्र 5 प्रतिशत की दर से ब्याज लिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बिजली महंगी हो रही है, उसमें सोलर से बिजली उत्पादन जरूरी हो गया है। कहा कि योजना के तहत 25 सालों तक की गारंटी दी जाती है। उन्होंने कहा कि बिजली की झंझट से निजात पाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बड़ा ही कारगर सिद्ध हो रहा है।

## दीपक की कप्तानी में नवादा जिला अंडर 23 टीम घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए नवादा टीम की घोषणा कर दी गई है। चयनकर्ता सुभाष प्रसाद एवं विकास कुमार ने विगत 10 दिनों से आयोजित ट्रायल कैंप के प्रदर्शन, पिछले वर्ष अंडर 23 टीम के मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम की घोषणा की गई। टीम इस प्रकार है दीपक कुमार कप्तान, सुमन सौरभ उप कप्तान, हर्ष प्रदीप कुमार, सूरज कुमार सिंह, हर्ष राकेश कुमार, कुमार सौरभ विकेटकीपर अनुराग कुमार, सुभाष कुमार, आदित्य आर्यन अरनव यादव, योगेश पटेल अभिनव सिंह, आदर्श पांडे आर्यन कश्यप, दीप प्रकाश एवं सौरभदीप को टीम में जगह दी गई है, इसके अलावे सुरक्षित खिलाड़ियों के रूप में अंश तिवारी, शिव शंकर कुमार, यीशु कुमार अमन आर्यन, विक्रम कुमार को रखा गया है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने महापौर व वार्ड पार्षदों को दिलायी शपथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने शनिवार को पलामू समाहरणालय सभागार में आयोजित समारोह में मेदिनीनगर नगर निगम (वर्ग-ख) की नवनिर्वाचित महापौर अरूणा शंकर सहित वार्ड पार्षदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर सभागार में उत्साह का माहौल रहा। आयुक्त ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा है कि जनता ने उनपर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने अपेक्षा किया कि महापौर व वार्ड पार्षद मिलकर शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार व नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। नगर निगम का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों के संचालन के साथ-साथ शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। आयुक्त ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को उज्ज्वल कार्यकाल के लिए भी शुभकामनाएं दी। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

महापौर एवं पार्षद के शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, अपर समाहर्ता सह निर्वाची पदाधिकारी कुंदन कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह सतबरवा के अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, चैनपुर के अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास सहित अन्य पदाधिकारी व नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## देर से पहुंचे पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, अकेले ली पद व गोपनीयता की शपथ

**मेदिनीनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सभी वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण होने के बाद वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी कार्यक्रम में पहुंचे। पलामू की आयुक्त कुमुद सहाय ने उन्हें अकेला पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। विवेकानंद त्रिपाठी ने देर से कार्यक्रम में पहुंचने का कारण बताते हुए कहा कि उन्हें मात्र एक पत्र उपलब्ध कराया गया था। जिसमें उन्हें 11 बजे के बाद कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण पत्र मिला था। उन्होंने बताया कि अन्य पार्षदों को दो पत्र निर्गत किया गया था। जिसमें लगभग 10 बजे व 11 बजे के कार्यक्रमों में शामिल होने का पत्र निर्गत था।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर कर्मचारियों की हुई कैंसर, बीपी व डायबिटीज जांच



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर समाहरणालय संवर्ग के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा समाहरणालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की कैंसर स्क्रीनिंग, आंखों की जांच, महिला रोग, नाक-कान-गला रोग, डायबिटीज, बीपी तथा पेट से संबंधित बीमारियों की जांच और उपचार किया गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली और कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों एवं युवाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी देना तथा उन्हें स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मिलने वाले प्रशिक्षण, टूलकिट सहायता, वित्तीय सहायता, डिजिटल लेन-देन, उद्यम पंजीकरण तथा मार्केटिंग समर्थन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) से गोपाल उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, आधार आधारित बैंकिंग, खातों से जुड़े लाभ तथा सरकारी योजनाओं के भुगतान प्रणाली के बारे में जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में सोनल पटेल एवं कविता ने बतौर प्रशिक्षक प्रतिभागियों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता, प्रशिक्षण के लाभ तथा उद्यमिता के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मौजूद कारीगरों और उद्यमियों ने योजना के प्रति गहरी रुचि दिखाई तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का लाभ उठाने की इच्छा जताई। एमएसएमई-विकास कार्यालय, पटना के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ना है, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सके।

## राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग रामनवमी महासमिति का अध्यक्ष चुनाव संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इस चुनाव में करण यादव उर्फ लड्डू यादव को महासमिति का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर समिति के सदस्यों और रामनवमी से जुड़े श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। चुनाव प्रक्रिया में महासमिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया और सर्वसम्मति/मतदान के माध्यम से करण यादव उर्फ लड्डू यादव को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष करण यादव उर्फ लड्डू यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी परंपरा को और भव्य बनाने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि रामनवमी महोत्सव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर काम किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 1231 मामलों का निष्पादन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग से 14 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में पक्षकारों के बीच सुलह-समझौते के आधार पर विभिन्न वादों का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा, सहायक जिला दण्डाधिकारी सह उपाध्यक्ष, पुलिस उपाधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनन्जय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय उपेन्द्र कुमार, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुभाष चन्द्र शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित अन्य अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मंच का संचालन सौम्या सागर सिन्हा, प्रशिक्षु न्यायिक पदाधिकारी, नवादा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां से कोई भी पक्षकार निराश होकर नहीं लौटता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। इस लोक अदालत में दूरसंचार से संबंधित 01 मामले का निष्पादन किया गया। ग्राम कचहरी के 65 मामलों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त व्यवहार न्यायालय से संबंधित विभिन्न मामलों में कुल 298 मामलों के साथ इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1231 मामलों का निष्पादन किया गया।

# डूब रही लड़कियों को बचाने उतरे लोगों में एक लापता


## श्राद्ध कर्म के बाद शुद्धिकरण के लिए नवादा से पहुंचे थे लोग

### नाविकों ने दिखायी तत्परता, लापता की खोज जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत उमानाथ गंगा घाट के दूसरी ओर स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। स्नान कर रही एक ही परिवार की चार लड़कियां अचानक गहरे पानी में डूबने लगीं। उन्हें बचाने के लिए तीन अन्य लोग भी पानी में कूद गए, लेकिन तेज धार के कारण वे भी डूबने लगे।

मिली जानकारी के अनुसार नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र से एक परिवार श्राद्ध कर्म के बाद शुद्धिकरण के लिए उमानाथ गंगा घाट पर स्नान करने आया था। परिवार के कुछ सदस्य नाव से गंगा के दूसरे छोर पर स्नान करने चले गए,



जबकि कुछ लोग इस पार ही रुके हुए थे। बताया जाता है कि उमानाथ घाट के सामने गंगा के दूसरे किनारे पर कोई पक्का घाट नहीं बना है। वहां कहीं पानी कम तो कहीं अचानक गहरा हो जाता है, इसके बावजूद लोग स्नान करने के लिए उस पार चले जाते हैं।

इसी दौरान परिवार की चार लड़कियां अचानक गहरे पानी में डूबने लगीं और बचाने के लिए शोर मचाने लगीं। उनकी आवाज सुनकर वहां मौजूद एक महिला समेत तीन लोग उन्हें बचाने के लिए पानी में उतर गए। लेकिन गंगा की तेज धारा और घबराई लड़कियों ने बचाने आए लोगों को कसकर पकड़ लिया, जिससे कुल सातों लोग डूबने लगे।

घटना के दौरान आसपास मौजूद नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। नाविकों ने छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन एक लड़की गंगा में डूबकर लापता हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। लापता लड़की की तलाश के लिए स्थानीय नाविकों और गोताखोरों की मदद से खोजबीन की जा रही है।

## ओम क्लासेज की दो छात्राएं सरकारी आवासीय विद्यालय के लिए हुईं चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रसूलपुर। ओम क्लासेज ऑफ मैथमेटिक्स आवासीय विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं गोल्डी सोनी एवं शिवांगी कुमारी ने बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित +2 छात्रा आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में पहली ही मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।सभी शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर दोनों छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर गोल्डी सोनी और शिवांगी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के निदेशक श्री अनूप दुबे तथा सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत और प्रेरणा को दिया।विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में भी यहाँ के विद्यार्थी इसी प्रकार सफलता की नई ऊँचाइयों को छूते हुए समाज और क्षेत्र का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

# डायल 112 में हाइवा ने मारी ठोकर, तीन पुलिसकर्मी चोटिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। भखरी पुल के पास तेज रफ्तार बालू लदे हाईवा ट्रक ने डायल 112 की पुलिस गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गाड़ी में सवार पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।

हादसे में गाड़ी में मौजूद एएसआई मोहम्मद असलम कुरैशी, चालक दिलीप कुमार और महिला आरक्षी मोनी कुमारी को हल्की चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद भागने के दौरान हाईवा ट्रक भखरी पुल के पास रेलिंग से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

घटना के संबंध में एएसआई मोहम्मद असलम कुरैशी ने बताया कि शनिवार सुबह वे डायल 112 की गाड़ी से चालक दिलीप कुमार और महिला आरक्षी मोनी कुमारी के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि भखरी गांव में एक बारात के दौरान कुछ लड़कियों के साथ छेड़खानी की घटना हुई है। सूचना मिलने पर वे मौके पर जा रहे थे।

### भाग रही हाइवा रेलिंग से टकराकर धू-धूकर जली

जैसे ही उनकी गाड़ी भखरी पुल के पास पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बालू लदे हाईवा ट्रक ने डायल 112 की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सभी पुलिसकर्मी गाड़ी से बाहर निकल गए। उन्होंने देखा कि पुलिस की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। पुलिसकर्मियों ने हाईवा ट्रक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भागने के दौरान ट्रक रेलिंग से टकरा गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने ट्रक में सवार खलासी पंकज कुमार को खदेड़कर पकड़ लिया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना धनरूआ थाना प्रभारी और पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग बुझाई गई। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। महिला आरक्षी मोनी कुमारी ने बताया कि यदि उस समय डायल 112 की गाड़ी सड़क के बीच में होती तो हाईवा ट्रक सीधे पुलिस वाहन को कुचल देता।

# थार सवार युवक को बदमाशों ने मारी 12 गोलियां, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** बिहार के सहरसा सदर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाशों ने थार गाड़ी में सवार एक युवक को गोलियों से भूनकर बेरहमी से हत्या कर दी। हमलावर दो बाइकों पर सवार होकर आए थे और उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। युवक के शरीर में करीब 12 गोलियां लगी हैं। घटना के वक्त गाड़ी में मौजूद मृतक के तीन दोस्त पुलिस के पहुंचते ही मौके से फरार हो गए, जिसके बाद परिजनों ने उनकी भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।मृतक की पहचान सहरसा नगर निगम के वार्ड संख्या 32 स्थित विद्यापति नगर मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय सतीश कुमार झा उर्फ छोटू मिश्रा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सतीश के पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं और वह दो भाइयों में सबसे छोटा था।

जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार रात करीब 10:20 बजे की है। सतीश कुमार अपनी थार गाड़ी से मीरा टॉकीज सिनेमा रोड के रास्ते घर लौट रहा था। इसी दौरान दो बाइकों पर सवार करीब पांच बदमाशों ने उसकी गाड़ी को घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने सतीश की आंख, माथे, गले, छाती और पीठ को निशाना बनाकर गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि सतीश के साथ थार में उसके तीन दोस्त भी मौजूद थे, जिनकी पहचान रोशन कुमार सिंह, सुमित कुमार सिंह और गांधी कुमार यादव के रूप में हुई है। तीनों विद्यापति नगर के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इन्हीं लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस के पहुंचते ही तीनों वहां से फरार हो गए। मृतक के बड़े भाई आशीष कुमार ने बताया कि वह अपने घायल भाई को लेकर शहर के सूर्या क्लीनिक पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## 1100 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ जब्त

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के बगधरुआ गांव में चोरी-छिपे पेट्रोलियम पदार्थ का अवैध भंडारण कर कालाबाजारी किए जाने के मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले में शिवाजीनगर के एमओ रंजन कुमार के आवेदन पर शिवाजीनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीओ के निर्देश पर प्रभारी एमओ, थानाध्यक्ष व पुलिस बल के साथ बगधरुआ गांव स्थित शांति देवी के घर पहुंचे जहां जांच के दौरान घर के आगे बिना नंबर प्लेट का महिंद्रा पिकअप का मॉडिफाइड टैंकर खड़ा पाया गया। टैंकर में पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था। मौके पर मौजूद माप-तौल निरीक्षक सुधीर कुमार ने टैंकर की माप कर उसमें करीब 1100 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ होने की पुष्टि की। वहीं दुकान के कमरे की तलाशी लेने पर 200 लीटर क्षमता वाले टीन के ड्रम में करीब 15 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया गया। इसके अलावा दुकान से 10 खाली टीन के ड्रम, 9 प्लास्टिक के ड्रम तथा 56 खाली प्लास्टिक गेलन समेत अन्य सामान भी जब्त किए गए।

# महिला दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य नायक सम्मान कार्यक्रम

## महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक : डीएमसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन के तत्वावधान में मांझी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सामुदायिक स्वास्थ्य नायक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्य क्षेत्र में सक्रिय सामुदायिक स्वास्थ्य उद्यमी (सीएचई) दीदियों, आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचई के कार्य से लाभान्वित परिवारों के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं के योगदान को सम्मानित करना था। सबसे अहम बात यह है कि हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन एक गैर- लाभकारी सामाजिक संस्था है, जो उन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है, जहां मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं। संस्था महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य उद्यमी




(सीएचई) के रूप में विकसित कर रही है, ताकि वह अपने गांव और समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के साथ- साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन की क्षेत्र समन्वयक मनीषा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त सीएचई दीदियां गांवों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने, लोगों को स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूक करने, किफायती स्वास्थ्य उत्पादों तक पहुंच उपलब्ध कराने तथा प्राथमिक उपचार देने का कार्य कर रही हैं।

हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन से फील्ड कोऑर्डिनेटर सपना के अनुसार वर्तमान समय में हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन सारण जिले के लगभग 200 से अधिक गांवों में सीएचई दीदियों को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के विषय में प्रशिक्षण देकर सक्रिय रूप से कार्य करा रहा है। प्रशिक्षण के बाद सीएचई दीदियां गांवों में लोगों को संतुलित खान- पान, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाले गैर- संचारी रोगों की पहचान, जांच और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराने का भी कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य नायक सम्मान देकर सम्मानित किया।

मिशन शक्ति की जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) निभा सिंह ने सीएचई दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की सेवाओं से दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ेगी और लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएचसी मांझी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने कहा कि गांव स्तर के स्वास्थ्य कार्यकताओं और सीएचई दीदियों के सहयोग से क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई देने लगी है और आने वाले समय में सीएचई स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।कार्यक्रम में बीएचएम राम मूर्ति, बीसीएम विवेक कुमार, हीलिंग फील्ड्स फाउंडेशन से फील्ड कोऑर्डिनेटर मनीषा, सपना, अंजली, सरिता, समन्वयक रंजीत कुमार, ऋषिकांत सिंह तथा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक अजय सिंह सहित कई स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# लेवी वसूलने वाला बदमाश धराया

### हथियार और जिंदा कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के रजौली थाना स्थित वन्य क्षेत्र से अवैध हथियारों का भय दिखाकर लेवी वसूलने वाले एक बदमाश अजीत कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। बदमाश की निशानदेही पर भारी मात्रा में अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और कुछ संदिग्ध वर्दियां भी जब्त की गई है।

हालांकि बदमाश को अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले दो अन्य अपराधी मौके से भागने में सफल रहे। लेकिन एसटीएफ और जिला पुलिस ने रजौली के डेलवा गांव निवासी अजीत कुमार यादव को धर दबोचा है।

शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की और मामले की सिलसिलेवार ढंग से जानकारी दी।

पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि रजौली थाना के वन्य क्षेत्र में कुछ बदमाश हथियार के बल पर जंगल में आने-जाने वाले और काम करनेवाले मजदूरों को डरा-धमका कर उनका खाना और सामान छीन लेते हैं।

एसपी ने बताया कि आरोपित अपने संगठन के अन्य साथियों के साथ मिलकर वन्य क्षेत्र में निर्माण कार्य में जुटे ठेकेदारों और श्रमिकों को हथियार का भय दिखाकर लेवी वसूलते हैं।

उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और जिला पुलिस की एक विशेष टीम गठित की। एसटीएफ के एसआई धनराज के नेतृत्व में रजौली

### संदिग्ध संगठनों से सांठगांठ की आशंका

थाना की पुलिस और एसटीएफ के जवान शामिल थे। 12 और 13 मार्च की मध्यरात्रि में टीम ने डेलवा गांव के वन्य क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान एक आरोपित अजीत कुमार यादव को पकड़ा गया। पूछताछ के बाद आरोपित के घर से पश्चिम दिशा में करीब 20 मीटर की दूरी पर रहे आमे के पेड़ के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किया गया है।

हथियारों में एक एके-47 व उसके 21 जिंदा कारतूस, .315 बोर के दो रायफल व इसके 10 जिंदा कारतूस, दो मैगजीन, तीन एम्यूनिशन पाउच के साथ तीन कौमाफ्लाउज वर्दियां हैं। बदमाश को जब्त हथियारों के साथ थाना लाया गया।

रजौली थाना मे मामले को लेकर प्राथमिकी संख्या 158/26 मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि छापेमारी में बरामद हथियार आर्म्स रूल्स,2016 और आर्म्स एक्ट, 1959 के तहत प्रतिबंधित की श्रेणी में आते है। भारी मात्रा में अवैध हथियार जब्त किया जाना एसटीएफ और जिला पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। शीघ्र ही इस जानकारी से अवगत कराया जाएगा। एसपी ने बताया कि आरोपित की किसी माओवादी या अन्य किसी प्रतिबंधित संगठन या सिंडिकेट से जुड़ाव को लेकर जांच चल रही है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना सोहरा गांव की है, जहां झोपड़ी में सो रहे युवक को निशाना बनाया गया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय चन्द्र शेखर चौधरी के रूप में हुई है। वह सोहरा गांव निवासी प्रभू चौधरी के पुत्र बताए जाते हैं। घटना के बाद गांव में दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।

बताया जाता है कि चन्द्र शेखर चौधरी झोपड़ी में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और उन पर गोली चला दी।

गोली उनके बाएं कनपटी के हिस्से में लगी। गोली लगते ही युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों और ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। सदर एसडीपीओ टू रंजीत सिंह समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# वन विभाग की टीम किसान और हिरण का लगाव देख परेशान

### जंगल में छोड़ने पर भी लौट आया हिरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बालूमाथ।** वन क्षेत्र के हेरहंज प्रखंड अंतर्गत बंदुआ गांव में वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक वर्ष के नवजात हिरण के बच्चे को बरामद किया।वन विभाग की टीम हिरण के बच्चे को अपने साथ लेकर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ने के लिए गारू ले गई। किसान से हिरण का लगाव देखने लायक था।

मामले की जानकारी देते हुए बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता ने बताया कि बंदुआ गांव निवासी किसान प्रफुल्ल यादव के घर से हिरण के बच्चे की बरामदगी हुई है।

किसान की ओर से हिरण के बच्चे को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई गई थी, इसलिए फिलहाल



उसके खिलाफ कोई प्राथमिक मामला दर्ज नहीं की गई है।

उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है कि हिरण का बच्चा किन परिस्थितियों में उसके घर तक पहुंचा। वहीं किसान प्रफुल्ल यादव ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व उसे जंगल में हिरण का बच्चा मिला था।

वह उसे अपने घर ले आया और बकरी के साथ रखकर उसकी देखभाल करने लगा। बाद में उसने हिरण के बच्चे को जंगल में छोड़ भी दिया था, लेकिन कुछ समय बाद वह फिर से वापस उसके घर आ गया।

वन विभाग की टीम हिरण के बच्चे को गारू के सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ने की तैयारी कर रही है, ताकि वह प्राकृतिक वातावरण में रह सके।विभाग टीम भी हिरण और किसान के लगाव को देख कर हैरान थी। छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल आनंद चौधरी, वनरक्षी रवि कुमार दास, कैलाश साहू और संतोष कुमार शामिल थे।

## चोरी की मवेशी बरामद

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव से चोरी हुई मवेशी को नगरनौसा पुलिस ने अपनी तत्परता से बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि दामोदरपुर गांव से सुदामा राम के भैंस चोरी होने की सूचना मिली सूचना प्राप्त होते ही आसपास के थाना को भैंस चोरी होने की सूचना देते हुए खोजबीन शुरू किया। सूचना करायपशुराय थाना क्षेत्र के साथ गांव में होने की जानकारी मिली जहाँ से पुलिस ने चोरी हुई भैंस को बरामद कर भैंस मालिक को सुपुर्द कर दिया गया।

# अलग-अलग जगहों पर ट्रेन से कटकर दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** पटना-गया रेलखंड पर शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से दो अलग-अलग जगहों पर 2 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना मखदुमपुर स्टेशन व दूसरी जहानाबाद कोर्ट हाल्ट के समीप हुई। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई।

दूसरे मृतक की पहचान गयाजी जिले के सहबाजपुर गांव निवासी 50 वर्षीय दिलीप कुमार शर्मा के रूप में की गई, जो सपरिवार जहानाबाद शांति निवास में रहते थे। वर्तमान में कोर्ट स्टेशन के समीप अपना मकान बनवा रहे थे। स्वजन के अनुसार शनिवार की सुबह मकान निर्माण में खुदाई के दौरान एक सांप निकलने पर वह रेल पटरी की तरफ भागे, उस वक्त मोबाइल पर किसी से बातचीत भी कर रहे थे, तभी ट्रेन आ गई। इस घटना में उनका एक हाथ उखड़ गया और सिर में गहरी चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। थाना प्रभारी ने बताया कि मेमू पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है।



घटना की जानकारी मिलते ही सहबाजपुर गांव से मृतक के स्वजन समेत ग्रामीण सदर अस्पताल पहुंचे। शव देखते ही स्वजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

दूसरी घटना मखदुमपुर रेलवे स्टेशन के समीप हुई, जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पहुंची और घटना की छानबीन की।

युवक आसमानी रंग का फुल शर्ट और नीले रंग का फुल पैंट पहन रखा था। उसकी उम्र 30 के आसपास बताई जाती है। जीआरपी प्रभारी दीपनारायण यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम बाद पहचान के लिए 72 घंटे तक पोस्टमार्टम हाउस के पास रखा गया है।

# फाइनल मुकाबले में रसूलपुर ने धानाडीह को 35 रनों से धोया

### आठ टीमों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** महेंद्रनाथ क्रिकेट क्लब रसूलपुर के सौजन्य से शॉर्ट बाउंड्री टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें कुल आठ टीमों ने भाग लिया।

लीग मैच खेलते हुए रसूलपुर और धानाडीह की टीम फाइनल में पहुंची। बुधवार को हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में रसूलपुर की टीम ने ताबड़तोड़ बैटिंग के बदौलत 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 295 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में धानाडीह की टीम 16 ओवर में तीन विकेटों के नुकसान पर केवल 260 रनों पर ही सिमट गई और इस फाइनल मुकाबले को रसूलपुर ने 35 रनों के अंतर से जीत लिया। टूर्नामेंट का आयोजन मंजीत कुमार मिश्रा 'मन्नू' ने किया। मुख्य अतिथि विकास सिंह राठौर, रंजीत रंजन ओझा उर्फ लाट ओझा, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुशवाहा एवं उपमुखिया मनोज सोनी उर्फ नन्हे ने रसलपुर के कप्तान अजय सोनी को विजेता कप और धनाडीह के कप्तान शंभू कुमार को उप विजेता कप प्रदान किया।

इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में पवन कुशवाहा, विमल सिंह शिक्षक, मुन्ना मिश्रा, आकाश कुमार, अंशु




चौरसिया, छोटे कुमार, आशित मिश्रा, छोटू सिंह, दीपू मिश्रा एवं स्थानीय युवाओं का भरपूर सहयोग रहा।

## दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी

**छपरा।** सारण जिले में घरेलू गैस सिलिंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी अनुमंडलों में औचक छापेमारी और सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई और अनियमितता मिलने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध [illegible]दर्ज की गई।

छापेमारी के दौरान सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र में कुल 11 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के क्रम में दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलिंडर का इस्तेमाल करते हुए पाया गया।

प्रशासन ने इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए ग्रीन बावर्ची रेस्टारेंट और राधेश्याम स्वीट्स के संचालकों के खिलाफ सोनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू सिलिंडर का इस्तेमाल केवल घरेलू जरूरतों के लिए ही किया जा सकता है।

इसी तरह सदर अनुमंडल क्षेत्र में भी प्रशासन की टीम ने व्यापक जांच अभियान चलाया।

# शॉर्ट सर्किट से चार घरों में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** रूस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जहांगीरपुर पंचायत के परोहा वार्ड नंबर 10 स्थित एक घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से चार घर जल गया। अगलगी की सूचना पर आसपास के लोग जुट गए। मोटर पंप चापाकल आदि की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

आग की तेज लपटे देख घटना की जानकारी रुस्तमपुर थाना के पुलिस एवं दमकल कर्मियों को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही छोटी बड़ी दमकल की गाड़ी लेकर दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घंटों आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर का सारा सामान जल गया।

अगलगी में स्थानीय रामदेव राय के पुत्र चंदेश्वर राय, अमरजीत राय, संजीत राय एवं राहुल कुमार का घर जल गया। घर में रखा चौकी, बर्तन, बक्सा, गेहूं, चावल, नगद रुपए, कागजात अन्य सामान जल गया।

मिली जानकारी के अनुसार, चंदेश्वर राय के घर में शनिवार की दोपहर अचानक बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग देखते ही देखते भयावह रूप धारण कर लिया। अपनी आगोश में बगल के 4 घरों को ले लिया।

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर से कोई सामान निकालना मुश्किल हो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे समाज सेवी अर्जुन कुमार एवं तेजेंद्र कुमार ने अंचलाधिकारी राघोपुर से अभिलंब अग्नि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता एवं राशि उपलब्ध कराने की मांग की।

घटना के बाद अग्नि प्रीत परिवार के लोगों का रोते-रोते बुरा हाल है। घटना के बाद प्रीत परिवार के लोगों को अब खुले आसमान में जीने की चिंता सता रही है।

# बिहार की नई पीढ़ी को कृषि से जोड़ने के लिए खेती को आकर्षक बनाना जरूरी : रामकृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव और कृषि के सामने खड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पटना स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में 'बिहार-झारखंड रीजनल पॉलिसी डायलॉग एंड अवॉर्ड 2026' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सस्टेनेबिलिटी मैटर्स, इंडीएग्री और एनजीओ एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव तथा राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन और सतत कृषि के विषय पर नीति-निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि कंपनियों के प्रतिनिधियों, वित्तीय संस्थानों, उद्यमियों और किसानों के बीच व्यापक संवाद हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों के बीच कृषि को अधिक टिकाऊ, लचीला और भविष्य के अनुकूल बनाने के लिए नई नीतियों और तकनीकों पर विचार-विमर्श करना था। अपने संबोधन में कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा गया है। इसमें कृषि की भी मुख्य भूमिका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में कृषि और किसानों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लंबे समय से काम करते आ रहे हैं। हमारी यह कोशिश होनी चाहिए कि 2047 से पहले ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाए। इसमें बिहार की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि कृषि को आकर्षक बनाने की जरूरत है ताकि नौजवान पीढ़ी कृषि की ओर अग्रसर हो। दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने से बेहतर है कि वे बिहार में ही कृषि के क्षेत्र में काम करें।

मंत्री ने आगे कहा कि यह अच्छी बात है कि बिहार में आज परंपरागत कृषि से इतर फल, सब्जी और फूल का भी उत्पादन हो रहा है जिस तरीके से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में हर क्षेत्र में विकास को गति प्रदान की है, उसे देखते हुए यहां की जनता उन्हें छोड़ना नहीं चाहती है। उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया है कि अभी हार नहीं मानेंगे। सदन चलने के दौरान वे दिल्ली में रहेंगे, बाकी समय बिहार में ही व्यतीत करेंगे।

## आवास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डा. प्रेम कुमार ने की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बिहार विधान सभा परिसर एवं सदस्यों के आवास की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने संबंधी एक बैठक जिला के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की। बैठक में अध्यक्ष ने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि बिहार विधान सभा के मुख्य द्वार से प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों की आईडी जांच के उपरांत ही परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाए। बिना आईडी किसी भी व्यक्ति को प्रवेश प्रधान मार्शल की अनुमति के बिना नहीं दी जाय। इसके अतिरिक्त विधान मंडल परिसर एवं अन्य गेटों पर अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कर सख्ती से निगरानी की जाय। बिहार विधान मंडल की सुरक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सादे लिबास (बिन वर्दी) में भी सुरक्षा अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाय। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीच-बीच में मॉक ड्रिल कराई जाय एवं वरीय पदाधिकारी स्वयं आकर परिसर की सुरक्षा संबंधी व्यवस्था का जायजा लेना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा सदस्यों के वीर चंद पटेल पथ स्थित एवं आर ब्लॉक के आवासों के भी सुरक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आवासीय परिसर के आसपास मोबाइल सुरक्षा वाहन कुछ समय के अंतराल पर नियमित गश्त देकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अध्यक्ष के निर्देशों को अनुपालन हेतु अपनी सहमति प्रदान की है। बैठक में बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, जिलाधिकारी पटना त्यागराजन एस. एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा एवं बिहार विधानसभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आधार बायोमेट्रिक अटेंडेंस की तकनीकी खराबी से बिहार के सभी केवाइपी केंद्रों में प्रशिक्षण बाधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में आई तकनीकी खराबी के कारण दो दिनों से प्रशिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार 13 मार्च और 14 मार्च 2026 को पूरे बिहार के कई केवाईपी केंद्रों पर छात्रों का प्रशिक्षण सत्र बाधित हो गया। दरअसल केवाईपी केंद्रों पर छात्रों की उपस्थिति आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस (आइरिस) के माध्यम से दर्ज की जाती है और उसी के आधार पर प्रशिक्षण सत्र को संचालित किया जाता है, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण छात्रों का अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाया जबकि कुछ केंद्रों पर अटेंडेंस दर्ज होने के बाद भी सिस्टम में गड़बड़ी आ गई और दोबारा अटेंडेंस दर्ज नहीं हो सका। इस कारण बड़ी संख्या में ऐसे छात्र रहे जो केंद्र पर उपस्थित रहने के बावजूद अपना प्रशिक्षण सत्र पूरा नहीं कर पाए। इससे छात्रों की पढ़ाई और प्रशिक्षण व्यवस्था प्रभावित हुई है। बताया जा रहा है कि हाल ही में बिहार कौशल विकास मिशन के साथ जुड़े नए नॉलेज पार्टनर स्कूलनेट की तकनीकी प्रणाली के माध्यम से यह बायोमेट्रिक अटेंडेंस संचालित की जा रही है।

## भारतीय बैंकिंग में बदल रही है भरोसे की परिभाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज के दौर में बैंकिंग सिर्फ पैसे रखने या लेन-देन तक सीमित नहीं रह गई है। ग्राहक अब पहले से ज्यादा जागरूक हैं, उनके पास जानकारी भी है और विकल्प भी। ऐसे में वे सिर्फ बैंक की आर्थिक मजबूती नहीं देखते, बल्कि यह भी चाहते हैं कि बैंक की सेवा भरोसेमंद हो, जिम्मेदारी से काम करे और हर समय साथ खड़ा रहे। इस विषय पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों का खूब भरोसा जीता है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र का बड़ा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना रहा। इस दिशा में काफी काम भी हुआ और अब देश के अधिकतर लोग बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बना चुके हैं, लेकिन अब ग्राहकों की उम्मीदें इससे आगे बढ़ गई हैं। वे चाहते हैं कि उनका बैंक हर हाल में भरोसे के साथ काम करे और बदलते हालात में भी जिम्मेदारी निभाए। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में हेड-रिटेल लाइबिलिटीज, टीएएससी और टीपीपी हितेंद्र झा कहते हैं 'कुछ समय पहले तक ग्राहकों का भरोसा बैंक की शाखा, वहां काम करने वाले लोगों और तय प्रक्रियाओं से बनता था, लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीक के आने से बैंकिंग तेज और आसान हुई है, इसलिए अब ग्राहक सुविधा के साथ-साथ भरोसेमंद सेवा को भी उतना ही महत्व देते हैं।' तकनीक ने बैंकिंग को काफी बदल दिया है। आज भुगतान कुछ ही सेकंड में हो जाता है, खाते कहीं से भी खोले जा सकते हैं और कई फैसले पहले से कहीं ज्यादा तेजी से लिए जाते हैं। इससे लोगों और कारोबार दोनों के लिए पैसों का प्रबंधन आसान हुआ है, लेकिन इसके साथ ही ग्राहकों की सतर्कता भी बढ़ी है। धोखाधड़ी और डेटा लीक जैसी घटनाओं ने लोगों को यह समझा दिया है कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था कितनी जरूरी है। अब ग्राहक यह भी देखते हैं कि बैंक जोखिम को कितना समझता है और किसी परेशानी की स्थिति में कितनी जल्दी कदम उठाता है। संदिग्ध लेन-देन पर समय पर अलर्ट मिलना, जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद मिलना और खाते की सुरक्षा के स्पष्ट नियम, ये सभी चीजें भरोसा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। पिछले एक दशक में भारत का बैंकिंग क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ा है। अब जब सेवाओं की पहुंच काफी बढ़ चुकी है तो ध्यान धीरे-धीरे फैसलों की गुणवत्ता पर जा रहा है। ग्राहक यह भी देखते हैं कि बैंक मुश्किल परिस्थितियों में किस तरह फैसले लेता है।

## सैयद अता हसनैन को राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डॉ प्रेम कुमार ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करने पर आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आपका अनुभव, कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन बिहार के उज्जवल, समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य का पथ प्रदर्शित करेगा।

## एनटीपीसी कांटी सीएसआर फण्ड से निर्मित दो आइसीटी लैब का विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** एनटीपीसी कांटी द्वारा सीएसआर फण्ड के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकीय मध्य विद्यालय, कांटी कस्बा तथा मध्य विद्यालय, कलवारी में स्थापित आइसीटी (इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) लैब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कांटी के अजीत कुमार, विधायक, कांटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विधिवत रूप से आइसीटी लैब का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में महेश कुमार सुथार, एजीएम (मानव संसाधन), डीजीएम (मानव संसाधन), विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। एनटीपीसी कांटी द्वारा स्थापित इन आइसीटी लैब के माध्यम से दोनों विद्यालयों के लगभग 1000 छात्र-छात्राएं आधुनिक डिजिटल शिक्षा की सुविधाओं से लाभान्वित होंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ना तथा उनके सीखने के अनुभव को अधिक प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक अजीत कुमार ने कहा कि डिजिटल शिक्षा आज समय की आवश्यकता है। एनटीपीसी कांटी द्वारा सीएसआर के तहत विद्यालयों में आइसीटी लैब की स्थापना एक सराहनीय पहल है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी आधुनिक शिक्षा की सुविधाएं प्राप्त होंगी और उनके भविष्य को नई दिशा मिलेगी। वहीं महेश कुमार सुथार, एजीएम (मानव संसाधन), एनटीपीसी कांटी ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी कांटी सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करता रहा है। आइसीटी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा जिससे उनकी ज्ञानवर्धन के साथ-साथ तकनीकी समझ भी विकसित होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने एनटीपीसी कांटी की इस पहल की सराहना की तथा विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों और स्थानीय समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

## बेगूसराय में 'मेडिवर्सल सिमरन मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल' का उद्घाटन

### मेडिवर्सल हेल्थकेयर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बेगूसराय एवं आसपास के क्षेत्रों में उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में मेडिवर्सल सिमरन मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बेगूसराय का आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा के साथ-साथ जल संसाधन, संसदीय कार्य तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री विजय चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मेडिवर्सल हेल्थकेयर के मार्गदर्शक एवं मेंटर्स के रूप में डॉ. अजय कुमार, डॉ. नलिनी रंजन सिंह, सुनील अग्रवाल, सुजीत सिंघानिया एवं शंकर सिंह की उपस्थिति रही। साथ ही मेडिवर्सल हेल्थकेयर के सह-संस्थापक एवं निदेशक नवनीत रंजन और जयंत गांधी भी समारोह में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मेडिवर्सल हेल्थकेयर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के अंतर्गत प्राप्त प्रोत्साहन के कारण प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिला है जिससे आम जनता को अपने ही जिले में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मेडिवर्सल द्वारा टियर-2 और टियर-3 शहरों में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार बिहार के स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## एग्रो बिहार मेला किसानों के लिए ज्ञानवर्द्धक एवं लाभदायक

### कृषि में नई तकनीक पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांधी मैदान, पटना में कृषि विभाग द्वारा सीआईआई के सहयोग से आयोजित एग्रो बिहार, राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का आज तीसरा दिन है। इन तीन दिनों में राज्य के किसान बड़ी संख्या में पूरे जिज्ञासा एवं उत्साह के साथ इस प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं। किसानों द्वारा इस मेला में विभिन्न प्रकार के बड़े एवं छोटे कृषि यत्रों की खरीददारी बड़ी मात्रा में की गई। सरकार द्वारा उन्हें कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ भी दिया जा रहा है। यह मेला किसानों के लिए ज्ञानवर्द्धक एवं लाभदायक सिद्ध हो रहा है। कल इस मेला का आखिरी दिन है। राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला एग्रो बिहार 2026 के अंतर्गत गांधी मैदान में 'इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। किसानों की उत्पादकता बढ़ाने, श्रम पर निर्भरता कम करने तथा आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए कृषि मशीनीकरण की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने बताया कि आधुनिक प्रौद्योगिकियां कृषि मशीनीकरण को अधिक कुशल, टिकाऊ तथा किफायती बना रही हैं। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर एक महत्वपूर्ण नवाचार के रूप में उभर रहा है, जो इस मेले का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है और देशभर का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर न केवल किसानों की लागत को कम करने में सहायक है, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। इससे डीजल की खपत में कमी आती है जिससे खेती की लागत घटती है और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है। कृषि निदेशक ने कहा कि आधुनिक तकनीक से युक्त इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर खेती के भारी-भरकम कार्यों को भी आसानी से संभालने में सक्षम है। यह लगभग 1.8 टन वजन वाली ट्रॉली को खींचने के साथ-साथ खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न कृषि उपकरणों को संचालित करने में भी सक्षम है। इस प्रकार की तकनीक भविष्य में कृषि मशीनीकरण को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए किसानों के लिए नई संभावनाओं के अवसर प्रदान कर सकती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे नई तकनीकों को अपनाकर अपनी खेती को अधिक आधुनिक और लाभकारी बनाए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर की उपयोगिता, लागत, पर्यावरणीय लाभ तथा कृषि कार्यों में इसकी संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में डब्ल्यूआरआई, इण्डिया के चैतन्य कुमारी, अंशुमन कुमार, त्रिनैयनी, नाबार्ड के प्रिया रंजन, आईसीएआर-आरसीईआर के विकास सौरकार एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं किसानगण उपस्थित थे। चित्रकला कृषि विभाग द्वारा आज मेला परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दो बैच सीनियर एवं जूनियर के बीच अलग-अलग किया गया जिसमें सीनियर बैच हाईटेक एग्रीकल्चर, कृषि में अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण विषय पर एवं जूनियर बैच कृषि में महिलाओं का रोजगार, मृदा एवं जल संरक्षण विषय पर आयोजित की गई जिसमें पटना शहर के विभिन्न विद्यालयों के कुल 74 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सीनियर बैच में आर्मी पब्लिक स्कूल, दानापुर कैंट के सुश्री रिया को प्रथम, डॉनबास्को एकेडमी, पटना के एंजल सोनी को द्वितीय एवं डीएवी पब्लिक स्कूल, खगौल के जिया सिंह को तृतीय पुरस्कार दिया गया। जूनियर बैच में डीएवी पब्लिक स्कूल, खगौल के श्रीजा सरण को प्रथम, डॉनबास्को एकेडमी, पटना के मान्या सिंह को द्वितीय एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, बेली रोड, पटना, नं.-2 के श्वाती कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## नन्हें कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा ऑर्किड पेटल्स का वार्षिक समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल की राजेंद्र नगर एवं पटना सिटी शाखाओं द्वारा फ्रेजर रोड स्थित भारतीय नृत्य कला मंदिर में वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने रंगारंग नृत्य एवं रोचक नाटिकाओं के माध्यम से पूरे वर्ष में स्कूल में होने वाली विभिन्न गतिविधियों और सीखने की प्रक्रिया को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या गरिमा धरणिधरका के मार्गदर्शन और रचनात्मक नेतृत्व में किया गया। इस वर्ष के वार्षिक समारोह की थीम ए ईयर ऑफ वंडर्स तथा पैलेट ऑफ कलर्स थी जिसके माध्यम से बच्चों के पूरे वर्ष के सीखने के अनुभवों को आकर्षक प्रस्तुतियों द्वारा दर्शाया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक विद्यार्थियों ने मंच पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशकों वीनू भार्तिया और सरिता मोदी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने विद्यालय की प्रार्थना सभा का मनमोहक प्रदर्शन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल में गाए जाने वाले गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का एक आकर्षण ओशन डांस रहा जिसमें दिशानी, व्योम, पार्थ, अध्रिजा और प्रत्युष सहित कई विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इसके पश्चात बच्चों ने ऋतुओं पर आधारित एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की जिसमें नीले और हरे रंगों के माध्यम से मौसम के परिवर्तन को दर्शाया गया।

## सीएनजी चालकों को राहत: पटना में खुलेंगे 12 नये स्टेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी में सीएनजी गैस से चलाने वाले वाहन मालिकों के बड़ी सुविधा बहाल की जानी है जिससे वाहन चालकों को सीएनजी भरवाने के लिए स्टेशन पर लंबी कतार में लगने की जरूरत नहीं होगी। पटना में छह महीने में 12 नये सीएनजी स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जायेगा। जिससे सीएनजी गैस से चलने वाले चारपहिया, दोपहिया व तीनपहिया वाहनों को ईंधन भरवाने में घंटों लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। गेल इंडिया के महाप्रबंधक अजय सिन्हा ने कहा कि बिहार में लगातार बढ़ते सीएनजी वाहनों की संख्या को देखते हुए गेल की तरफ से लगातार विस्तार का काम किया जा रहा है। ताकि सीएनजी उपभोक्ताओं को अपने-अपने वाहनों में ईंधन लेने में हर तरीके से सहूलियत मिल सकें।

महाप्रबंधक अजय सिन्हा ने कहा कि फिलहाल राजधानी में सीएनजी स्टेशन की संख्या 38 है, लेकिन राजधानी में सीएनजी वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उपभोक्ताओं को ईंधन लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा था जिसके कारण गेल इंडिया ने राजधानी में अपने सीएनजी स्टेशन नेटवर्क को और मजबूती देने की योजना बना रही है जिसके तहत छह महीने से 1 साल के अंदर स्टेशन की संख्या बढ़कर 50 हो जायेगी।

## कल पटना में सजेगी भोजपुरिया सितारों की महफिल

### बापू सभागार में होगा 'सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स 2025' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को सम्मानित करने के लिए आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स इस वर्ष अपने सातवें संस्करण के साथ बिहार की राजधानी पटना में आयोजित होगा। कल 15 मार्च 2026 को सायं 6 बजे पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में इस भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह अवॉर्ड समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है जिसमें सिनेमा जगत की कई दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों का कहना है कि इस बार कार्यक्रम को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है जिससे दर्शकों को मनोरंजन का विशेष अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम के आयोजक सदस्य भानु प्रकाश राणा ने बताया कि अवॉर्ड्स के लिए नामांकित फिल्मों और कलाकारों का चयन विशेषज्ञ जूरी द्वारा किया गया है। समारोह के दौरान कुल 60 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अवॉर्ड नाइट में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण होंगे। भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित कलाकार और गायक मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बनने की उम्मीद है। आयोजन समिति के सदस्य बृहस्पति कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि बदलते डिजिटल दौर को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड्स को तीन अलग-अलग वर्गों में बांटा गया है–थिएटर रिलीज फिल्में, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कंटेंट और यूट्यूब/टीवी आधारित कंटेंट। इस पहल का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उभर रही प्रतिभाओं को भी सम्मानित करना है। उन्होंने बताया कि इससे नए कलाकारों और तकनीशियनों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। अब तक हुए अवॉर्ड समारोहों में भोजपुरी सिनेमा के कई लोकप्रिय सितारों को सम्मानित किया जा चुका है। इनमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, अरविंद अकेला कल्लू, प्रदीप पांडे चिंटू, अंजना सिंह, आम्रपाली दुबे, संजय पांडेय, देव सिंह, अवधेश मिश्रा, रक्षा गुप्ता, मनोज टाइगर, प्रियंका सिंह सहित कई नामचीन कलाकार शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि इस समारोह का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को प्रोत्साहित करना और क्षेत्रीय सिनेमा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

## पटना में इंडिया कप सीजन-4 के सुपर सिक्स मुकाबले, राजस्थान और महाराष्ट्र ने दर्ज की जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट लीग इंडिया कप सीजन-4 के सुपर सिक्स मुकाबलों में राजस्थान और महाराष्ट्र की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। रोमांचक मैचों में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले मुकाबले में राजस्थान की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टीम के खिलाड़ी इजाज मंडेला को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिसमें केतन महात्रे को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। बिहार में पहली बार आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बॉल क्रिकेट लीग को लेकर दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेने पहुंचे। लीग के आयोजक विजय अग्रवाल और संतोष नानेकर ने बताया कि इंडिया कप सीजन-4 का उद्देश्य टेनिस बॉल क्रिकेट को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

## संपादकीय

# भारतीय रसोईघर तक आई ईरान-इजरायल युद्ध की आंच

दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं, लेकिन उसकी आंच में आम लोग झुलसते हैं। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद इस युद्ध का दायरा जिस स्वरूप में फैला है, उसका असर अब आशंका के अनुरूप सामने आना शुरू हो चुका है। समस्या यह है कि दुनिया के ज्यादातर देश आमतौर पर हर समय इतनी पूर्व-सावधानी नहीं बरतते हैं कि युद्ध से उपजी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपायों को लेकर अपनी ओर से अगले कई महीनों के लिए पूरी तैयारी रखें। कई बार अचानक पैदा होने वाले हालात में पहले आपूर्ति का मोर्चा बाधित होता है। उसके बाद आम लोगों के जीवन-बसर के लिए अनिवार्य चीजों की कमी शुरू हो जाती है और फिर उसका असर बाहर भी दिखने लगता है, जिसमें लोगों के बीच रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या को लेकर चिंता ज्यादा बढ़ जाती है। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के दस दिन बाद कई देशों में लगभग यही स्थिति बन रही है। जहां तक भारत का सवाल है, तो जब से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोका है, तब से तेल टैंकरों की आवाजाही और गैस की आपूर्ति भी व्यापक रूप से बाधित हुई है। इसके अलावा, ईरान ने जवाबी हमले के तौर पर जिस तरह खाड़ी के कई देशों के तेल रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल का संकट ज्यादा गहरा गया है।हालांकि होर्मुज मार्ग पर ईरान के रुख के बाद यह साफ हो गया था कि अगर यह युद्ध थोड़ा लंबा खिंचा, तो दुनिया के कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। तेल और गैस के अभाव की वजह से न सिर्फ आम जनजीवन में अफरा-तफरी पैदा होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट खड़ा होगा। इसी क्रम में भारत में अब यह साफ दिखने लगा है कि अगर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति जटिल हो सकती है।दरअसल, युद्ध की आंच अब भारत में रसोईघरों और व्यापार तक पहुंचनी शुरू हो गई है। एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस और एलपीजी यानी तरल पेट्रोलियम गैस के मामले में भारत आमतौर पर आयात पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि होर्मुज समुद्री रास्ते से तेल टैंकरों की आवाजाही बाधित होने के बाद भारत में अब एलपीजी की किल्लत का खतरा मंडराने लगा है और कई राज्यों में रेस्तरां तथा होटलों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में मुश्किल शुरू हो गई है।साथ ही बाजार में खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य सामान की कीमतों में इजाफे की रफ्तार तेज हो गई है। असली समस्या रसोई गैस और अन्य सामान की आपूर्ति है, जिसमें भारी कमी की वजह से लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। हालत यह है कि आने वाले दिनों में संकट गहराने की आशंका से ज्यादातर लोग एहतियातन एलपीजी सहित अन्य सामान लेने के लिए कतारों में खड़े दिखने लगे हैं।एक ओर, जरूरत से ज्यादा खरीदारी और दूसरी ओर कारोबारियों की अवैध जमाखोरी या भंडारण की वजह से कालाबाजारी और महंगाई जैसे संकट के मद्देनजर सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करना पड़ा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि रसोई गैस या परिवहन इस हद तक नियंत्रित न हों कि इससे रोजमर्रा की अनिवार्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।यह भी देखने की जरूरत होगी कि अगर जरूरी वस्तुओं की कमी का संकट गहराया, तो वैकल्पिक स्रोतों से उसे कैसे पूरा किया जाएगा।

**ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकार मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं।**

# अंतरराष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

**(प्रह्लाद सबनानी )**

ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है।

अमेरिका में 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रम्प ने 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन - अमेरिका को पुनः महान बनायें - के नारे के साथ यह राष्ट्रपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ्र ही लागू भी कर दिया। उनका सोचना था कि उनके इस निर्णय से विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता। परंतु, ट्रम्प ने कुछ देशों (चीन, आदि) से विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 500 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी एवं अन्य देशों को भी लगातार इस प्रकार की धमकी देना प्रारम्भ कर दिया।

ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकार मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं।

ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया।

दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है। जिस पर अमेरिका अपना कब्जा स्थापित करते हुए इसके उपयोग पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। साथ ही, डेनमार्क के नियंत्रण में एक द्वीप, ग्रीनलैंड पर अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रकार की धमकियां, मेक्सिको, क्यूबा, ईरान आदि देशों को भी दी गई हैं।



ट्रम्प के उक्त प्रकार के निर्णयों के चलते अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच आपसी सम्बंधो पर प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत भी अछूता नहीं रहा है एवं हाल ही के समय में भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में कुछ खटास आई है। अन्यथा, कुछ समय पूर्व तक भारत एवं अमेरिका एक दूसरे के रणनीतिक साझेदार माने जाते रहे हैं। विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार रहा है। भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के मामले में भी अमेरिका प्रथम स्थान पर हैं। श्री ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लागू किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के उपरांत भारत का विदेश व्यापार कुछ हद तक विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है। परंतु, भारत ने इस समस्या का हल निकालने की रणनीति पर तुरंत विचार करना प्रारम्भ किया एवं कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। ताकि, विशेष रूप अमेरिका को होने वाले वस्त्र एवं परिधान, जेम्स एवं ज्वेलरी, समुद्रीय पदार्थ, खिलौना उद्योग एवं चमड़ा उद्योग जैसे श्रम आधारित उद्योगों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को तुरंत ही रोका जा सके अथवा कम किया जा सके। अन्यथा, की स्थिति में भारत में बेरोजगारी की समस्या एक ज्वलंत समस्या के रूप खड़ी हो सकती थी। भारत ने उक्त उत्पादों के निर्यात हेतु रूस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के रूप में नए बाजार तलाशे एवं इन देशों को उक्त उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ किया। वर्ष 2025 में भारत ने विदेशी व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों पर गहन वार्ताओं और रणनीतिक अद्यतनों को अंतिम रूप देने का प्रयास किया है। वर्ष के अंत में, भारत ने यूनाइटेड किंगडम, ओमान एवं न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। इसके साथ ही, अफ्रीकी देशों एवं लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भी प्रारम्भिक वार्ताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि दर को बनाए रखने में सफलता मिली है। सितम्बर एवं अक्टोबर 2025 माह में विशेष रूप से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तुओं के निर्यात पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ा था। 27 जनवरी 2026 को तो भारत ने यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर इतिहास ही बना डाला है। इस समझौते को मदर आफ ऑल डील्स की संज्ञा दी जा रही है। यह मुक्त व्यापार समझौता 18 वर्षों के उपरांत सम्भव हो सका है। अब तो कनाडा के राष्ट्रपति भी मार्च 2026 माह में भारत आने वाले हैं एवं कुछ क्षेत्रों में मुक्त व्यापार समझौते के अंतिम रूप दिए जाने की प्रबल सम्भावना है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों का विश्व के अन्य देशों को सकारात्मक संदेश गया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है। इससे, समझौता करने वाले देशों के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की सम्भावनाएं प्रबल हो रही हैं क्योंकि इन देशों में आर्थिक प्रगति के तेज होने के चलते इन देशों में खुशहाली आने की सम्भावनाएं बन रही हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण हाल ही के समय में बदला है एवं वे अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं।

भारत एक युवा देश है एवं विभिन्न उत्पादों के लिए भारत एक विशाल बाजार के रूप में विश्व के सामने उपलब्ध है। विशेष रूप से इस धरा के दक्षिणी भाग के देश तो अब भारत के वैश्विक स्तर पर इन देशों का नेतृत्व करने के लिए श्रद्धा के भाव से उम्मीद भारी नजरों से देख रहे हैं।

उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत के सामने भी कुछ समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। जैसे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में डालर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत का लगातार गिरते जाना। एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की क़ीमत 92 रुपए के स्तर को भी पार कर गई है एवं वर्ष 2025 में भारतीय रुपए का लगभग 5 से 6 प्रतिशत के बीच अवमूल्यन हुआ है। दरअसल, यह समस्या, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी (शेयर) बाजार से लगातार अपने निवेश को निकालने के चलते खड़ी हुई है। इससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर जाने का सिलसिला बढ़ गया है। इस समस्या के हल हेतु भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। साथ ही, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात को भी गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भारत में अमेरिकी डॉलर के आने की मात्रा में वृद्धि हो। यदि भारत को इन प्रयासों में सफलता मिलती है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होगा।

# रंगों के पार जो बचता है वही सच है

**(सुंदरचंद ठाकुर)**

होली को हम रंगों, हंसी और उत्सव का पर्व मानते हैं। गलियों में उड़ता गुलाल, चेहरों पर लगी पहचान मिटाती रंगों की परतें और कुछ देर के लिए जीवन का हल्का हो जाना। लेकिन अगर थोड़ी देर ठहर कर देखा जाए तो होली केवल बाहरी उत्सव नहीं है। यह मनुष्य के भीतर छिपे एक गहरे सत्य की याद दिलाने आती है। वह सत्य जिसे वेदांत सदियों से कहता आया है कि हम वह नहीं हैं जो दुनिया हमें समझती है, हम उससे कहीं अधिक हैं। साल भर हम अपनी पहचान लेकर चलते हैं। कोई अपने पद से पहचाना जाता है, कोई धन से, कोई सफलता से और कोई अपने संघर्षों से। हम खुद भी धीरे धीरे इन पहचानों को ही अपना वास्तविक स्वरूप मान बैठते हैं। लेकिन होली का दिन आता है और एक मुट्ठी रंग सब कुछ बदल देता है। चेहरे पर रंग लगते ही न पद दिखाई देता है, न प्रतिष्ठा, न ऊंच नीच का अंतर। कुछ क्षणों के लिए सब बराबर हो जाते हैं। शायद यही संकेत है कि हमारी असली पहचान इन बाहरी परतों से परे है।

वेदांत कहता है कि जीवन में जो कुछ बदलता है वह हम नहीं हो सकते। भावनाएं बदलती हैं, परिस्थितियां बदलती हैं, शरीर बदलता है, विचार बदलते रहते हैं। कभी हम खुश होते हैं, कभी दुखी, कभी उत्साहित और कभी निराश। ये सब रंगों की तरह हैं जो आते हैं और चले जाते हैं। लेकिन एक चीज हमेशा स्थिर रहती है वह है देखने वाली चेतना। वही भीतर का साक्षी जो हर अनुभव को देखता है।

होली से एक दिन पहले होलिका दहन होता है। परंपरा कहती है कि यह बुराई के जलने का प्रतीक है, लेकिन भीतर से देखें तो यह हमारे अहंकार के जलने का अवसर भी है। वह अहंकार जो कहता है कि मैं ही सब कुछ हूं, मेरी सफलता ही मेरी पहचान है, मेरी असफलता ही मेरा दुख है। जब यह झूठा केंद्र जलता है तब जीवन हल्का होने लगता है। तभी अगले दिन रंग उत्सव बनते हैं, वरना वही रंग प्रतिस्पर्धा और तुलना में बदल जाते हैं।



**कोई अपने पद से पहचाना जाता है, कोई धन से, कोई सफलता से और कोई अपने संघर्षों से। हम खुद भी धीरे धीरे इन पहचानों को ही अपना वास्तविक स्वरूप मान बैठते हैं।**

जरा आकाश को देखिए। उसमें बादल आते हैं, रंग बदलते हैं, कभी धूप होती है, कभी अंधेरा। लेकिन आकाश स्वयं कभी प्रभावित नहीं होता। हमारी चेतना भी वैसी ही है। जीवन के रंग उस पर पड़ते जरूर हैं, पर उसे बदल नहीं सकते।

दुख और सुख मन के अनुभव हैं, चेतना के नहीं। जब मनुष्य यह समझने लगता है तो जीवन का भार कम होने लगता है।

**तेल-गैस संकट से उबारेगा?**

# 'ऐश्वर्या' पर भरोसा, रेत से लेकर समुद्र में दबा पड़ा है भारत का ये 'खजाना'

**अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। भारत अपने कुल तेल का करीब 90 फीसदी आयात पर निर्भर है। वहीं, गैस भी पर्याप्त रूप से खाड़ी देशों से आयात की जाती है। मगर, ऐसा नहीं है कि भारत के पास अपने तेल और गैस के भंडार नहीं हैं। भारत के पास तेल और गैस के बड़े भंडार हैं, जो बंगाल की खाड़ी में कृष्णा-गोदावरी बेसिन तो अरब सागर में मुंबई हाई हैं। इसके अलावा, राजस्थान, असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल भी इन नेचुरल रिसोर्स के बड़े भंडार हैं। ऐसे में इन घरेलू खजाने के दम पर भारत को तेल-गैस की मुश्किलों से निपटने में कुछ तो राहत जरूर मिलेगी।**

**(दिनेश मिश्र )**

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भारत समेत पूरी दुनिया की तेल और गैस की सप्लाई बाधित हो गई है। मगर, इन मुश्किलों के बीच एक नजर डालते हैं भारत के तेल और गैस के भंडारों पर, जो तेल और गैस के संकट को कुछ हद तक संभाल सकते हैं। घरेलू एनर्जी के ये सोर्स मुंबई हाई से लेकर कृष्णा गोदावरी बेसिन और असम-झारखंड तक फैले हुए हैं।

**भारत के तेल और गैस के भंडार-** अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। भारत अपने कुल तेल का करीब 90 फीसदी आयात पर निर्भर है। वहीं, गैस भी पर्याप्त रूप से खाड़ी देशों से आयात की जाती है। मगर, ऐसा नहीं है कि भारत के पास अपने तेल और गैस के भंडार नहीं हैं। भारत के पास तेल और गैस के बड़े भंडार हैं, जो बंगाल की खाड़ी में कृष्णा-गोदावरी बेसिन तो अरब सागर में मुंबई हाई हैं। इसके अलावा, राजस्थान, असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल भी इन नेचुरल रिसोर्स के बड़े भंडार हैं। ऐसे में इन घरेलू खजाने के दम पर भारत को तेल-गैस की मुश्किलों से निपटने में कुछ तो राहत जरूर मिलेगी।

**देश में तेल-गैस का उत्पादन कहां होता है-** भारत भले ही बड़े पैमाने पर गैस की जरूरतें पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर है, मगर घरेलू स्तर पर वह अपनी जरूरत का करीब 50 फीसदी पूरा कर लेता है। वहीं, घरेलू स्तर पर कच्चा तेल करीब 12-15 फीसदी पूरा कर पाता है। भारत की घरेलू एनर्जी की रीढ़ है-अरब सागर में स्थित मुंबई हाई फील्ड। इसे सरकारी ओएनजीसी संचालित करती है। यहां देश का तेल और गैस का उत्पादन होता है। वहीं, देश की पूर्वी तट पर बंगाल की खाड़ी में कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्र नेचुरल गैस का न्यू फ्रंटियर बना हुआ है। कृष्णा गोदावरी बेसिन तेल-गैस का बना न्यू फ्रंटियर



महत्वपूर्ण रूप से घरेलू स्तर पर तेल और गैस का उत्पादन इस क्षेत्र में रिलायंस-बीपी एमजे और क्लस्टर फील्ड्स और ओएनजीसी के केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लाक से होता है। 2024 के आखिर में और 2025 में पूरे साल तेल उत्पादन इसी क्षेत्र से किया गया। ये इलाके वैश्विक कीमतें बढ़ने का खतरा कम करते हैं।

**बाड़मेर में मंगला-भाग्यम और ऐश्वर्या फील्ड-** जमीन पर राजस्थान में बाड़मेर क्षेत्र से गैस निकाली जाती है। खासतौर पर मंगला, भाग्यम और ऐश्वर्या (एमबीए) सबसे प्रमुख उत्पादक हैं, जिसका संचालन केयर्न ऑयल एंड गैस कंपनी करती है। मंगला, भाग्यम और ऐश्वर्या ये सभी फील्ड्स भारत के कुल घरेलू तेल उत्पादन का करीब 25 फीसदी का उत्पादन करते हैं, जो एक बड़ा नेचुरल रिसोर्स है। पूर्वोत्तर में असम के डिगबोई में दुनिया की सबसे पुरानी ऑयल रिफाइनरी है। ऊपरी अस में नहरकटिया और मोरान ऑयल और गैस का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा, सरकार ने मिशन अन्वेषण के तहत महानदी बेसिन में भी गैस-तेल की खोज की है।

**एलएनजी और एलपीजी में क्या फर्क है-** एलएलजी और एलपीजी दोनों ही नेचुरल गैस हैं, जिनका इस्तेमाल ईंधन के रूप में होता है। दोनों के केमिकल कंपोजीशन, ट्रांसपोर्टेशन के तरीके और इस्तेमाल में अंतर है। एलएनजी मीथेन से बनी होती है। वहीं, एलपीजी प्रोपेन और ब्यूटेन का मिक्सचर होती है।

एलएनजी को माइनस 162 डिग्री सेल्सियस पर ठंडा करके लिक्विड में बदला जाता है। फिर इसे खासतौर पर बने क्रायौजेनिक टैंकर्स में ले जाया जाता है। जब यह एलएनजी टर्मिनल पर पहुंचती है तो इसे फिर से गैस में बदल दिया जाता है और इसे पाइपलाइन के जरिये वितरण किया जाता है।

**एलएनजी का कहां होता है इस्तेमाल-** एलएनजी का इस्तेमाल फर्टिलाइजर संयंत्रों, बिजली पैदा करने में और शहरी गैस नेटवर्क यानी घरों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई करने में होता है। साथ ही इसका इस्तेमाल वाहनों में प्रयोग किए जाने वाली कॉम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) में भी होता है।

**एलपीजी- सिलेंडर में कैसे भरी जाती है-** एलपीजी को काफी ज्यादा दबाव पर तरल करके रखा जाता है। इसे एलपीजी सिलेंडरों में भरा जाता है, ताकि आसानी से घरों तक सप्लाई हो सके। यह उन इलाकों में भी कारगर है, जहां पाइपलाइन नेटवर्क नहीं है। इसे खाना बनाने के काम में लाया जाता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत ने ऐतिहासिक रिकॉर्ड किया कायम

## कुल 2009 मामलों का हुआ सफलतापूर्वक निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के आदेश के आलोक में शनिवार को न्यायालय प्रांगण में इस वर्ष का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत्त उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर प्रभारी प्रधान जिला जज सह प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार मिश्रा , एडीजे द्विजेंद्र तिवारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, सचिव डीएलएसए सचिव कमलेश सिंह देवू सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीयो ने संयुक्त रूप से किया।





राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2009 मामलों का निष्पादन समझौता के आधार पर किया गया। बैंक व बीएसएनएल से संबंधित कुल 976 मामलों का निष्पादन हुआ। जिससे कुल 4 करोड़ 87 लाख 56 हजार 724 सेटलमेंट राशि प्राप्त हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान आपराधिक वाद 225 केस, मापतोल के 6 केस,बिजली के 37 केस, ट्रैफिक चालान 150 केस एवं रेलवे के सर्वाधिक 610 मामलों का निष्पादन समझौता के आधार पर किया गया। जिससे कुल 13,40,500 सेटलमेंट राशि प्राप्त हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणवीर सिंह के निर्देश पर मामलों के निष्पादन के लिए सब डिवीजन बारसोई, रेलवे सहित कुल पन्द्रह बेंच बनाए गए थे। लोक अदालत को लेकर सुबह से ही पक्षकारों की न्यायालय परिसर में अच्छी भीड़ रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश सिंह देवु ने पक्षकारों को मामले के निष्पादन में कोई परेशानी ना हो इसके लिए पूछताछ केंद्र, पानी एवं सुरक्षा, एम्बुलेंस आदि की पूरी व्यवस्था की गई थी। वही आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत अपने पिछ्ले रिकॉर्ड से भी इसबार आगे रहा। जिसके सफलता के लिए डीएलएसए सचिव श्री देवू ने सभी को धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान प्रभारी जिला जज सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार मिश्रा अपने टीम के साथ समय-समय पर बैंचो का निरीक्षण कर रहे थे जिससे कि पक्षकार को उनके मामले के निष्पादन में किसी तरह की दिक्कत न हो। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में एडीजे द्विजेंद्र तिवारी, अखिलेश पांडे ,संजय कुमार, सब जज मनीष कुमार, कुलदीप श्रीवास्तव, एसडीजेएम कविता कुमारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी रेलवे मजिस्ट्रेट राहुल दत्ता, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी वसुंधरा प्रकाश, मोनिका मेहता, मोनिका कुमारी, रिंकेश कुमार, अजीत कुमार शर्मा, नारायण ठाकुर, प्रिती कुमारी सहित अन्य न्यायिक दंडाधिकारी के साथ सभी विभागों के संबंधित पदाधिकारी, लोक अदालत के सहायक आशीष कुमार झा, विजय कुमार, कुलदीप सिंहा, नवीन कुमार, अजीत कुमार, अनिल कुमार, सिंटू कुमार, मुकेश, संतोष सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी व पैनल अधिवक्ता, पीएलवी आदि उपस्थित रहे ।

# सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका थाना क्षेत्र के स्टेट हाइवे-77 पर बीते गुरुवार को महेशपुर गांव समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी बाइक सवार युवक को इलाज के लिए सिल्लीगुड़ी अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गयी।मृतक की पहचान सिंटू कुमार यादव (26) पोठिया दुर्गा स्थान निवासी के रूप में हुई है।घटना की सूचना पाकर अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार सुमन सदलबल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करवाकर शव मृतक के परिजनों को सुपुर्द कर दिया।



पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव में पहुंचते ही पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना को लेकर मृतक के पिता हीरालाल यादव ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उनका पुत्र सिंटू कुमार यादव अपना बाइक का सर्विसिंग कराने हेतु फलका बाइक शोरूम जा रहा था। तभी स्टेट हाईवे-77 पर महेशपुर गांव के एक विद्यालय समीप विपरीत दिशा से आ रही एक दूध वाला पिकअप वाहन ने ठोकर मार दिया।जिसमें उनका पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से पुत्र को जख्मी हालत में प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी फलका ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद पुत्र का गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।पुत्र को इलाज हेतु सिल्लीगुड़ी ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गयी।घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

मामले में अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार सुमन ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन को जब्तकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर मृतक के परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### घटिया सड़क निर्माण होने से लोगों के रोष

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत बरारी स्थित वार्ड 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी के समीप पिछ्ले तीन दिन पहले नगर एवं आवास विभाग योजना से 14 लाख की लागत से पीसीसी सड़क बनाई गई थी।जिसमें काफी अनियमितता सामने आई हैं।सड़क में हुई अनियमितता को लेकर समाजसेवी सह मानवाधिकार जिला उपाध्यक्ष उज्जवल सिंह ने नगर पंचायत प्रशासन को सड़क की गुणवत्ता की जांच करने को लेकर अवगत करवाया है। समाजसेवी उज्जवल सिंह ने बताया कि जिस दौरान सड़क निर्माण किया जा रहा था उस समय कार्यपालक पदाधिकारी को घटिया सड़क निर्माण की सूचना दी गई थी,जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी



ने तत्काल स्थल पर कनीय अभियंता मो रफीक को भेजा, जहां उन्होंने बन रहे सड़क की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान कनीय अभियंता ने जब सड़क की जांच की तो उन्होंने पाया कि सड़क की मोटाई 4 इंच से 6 इंच तक ही किया गया है ।साथ ही घटिया सीमेंट से सड़क ढलाई की गई है।जिसके बाद इसकी जानकारी नपं बरारी की मुख्य पार्षद बबीता कुमारी को भी दी गई।मौके पर मुख्य पार्षद बबीता कुमारी पहुंची। जहां उन्होंने भी सड़क की जांच की और तत्काल संवेदक को काम रोकने का आदेश दिया।जिस पर तत्काल संवेदक ने काम रोक दिया। परन्तु मुख्य पार्षद के जाने के बाद शाम में आनन फानन में गाड़ी की रोशनी पर सड़क की ढलाई कर दिया गया।सड़क के सम्बन्ध में समाजसेवी उज्जवल सिंह ने बताया कि जिस स्थल पर सड़क निर्माण कार्य किया गया है वह जमीन का जमाबंदी धारक से बिना एनओसी लिए संवेदक और वार्ड पार्षद के द्वारा सड़क पास कर सड़क निर्माण कार्य कराया गया,जो की नियमानुसार गलत हैं। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सूचना देने के बाद गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कराया गया।उज्जवल सिंह ने मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी से अपील किया है कि सड़क की जांच कर संवेदक पर कारवाही किया जाय।वहीं इस सम्बन्ध में कनीय अभियंता मो रफीक ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान जांच में सड़क की मोटाई 4 से 6 इंच के बीच पाई गई थी। कार्यपालक पदाधिकारी शिवांशु शिवेश ने बताया कि सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत मिली थी। कनीय अभियंता को जांच के लिए भेजा गया था। कनीय अभियंता के रिपोर्ट के आधार पर पर कारवाई की जाएगी।

### जिले को मिली 410 करोड़ की योजनाओं की सौगात : जिलाधिकारी

**कटिहार (नबिटासं)।** जिले मे चल रहे विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं एवं अपराध नियंत्रण को लेकर किये जा रहे उपायों की समीक्षा की। इस क्रम में जिले को कुल 410 करोड़ की लागत के 443 योजनाओं की सौगात मिली है। जिसमें 70 करोड़ की लागत से बाजार समिति के निर्माण कार्य सहित 229 करोड़ की लागत से निर्मित 257 योजनाओं का मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन हुआ है,तो




वहीं181 करोड़ की लागत की 186 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उक्त जानकारी जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है।डीएम ने बताया कि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के प्रगति की भी समीक्षा की गई।उन्होंने बताया कि इस क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा जीविका दीदियों द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। जीविका दीदी की रसोई में पकाये जा रहे भोजन एवं उनके द्वारा बनाये जा रहे साबुन के होम डिलीवरी का भी शुभारंभ हुआ है।दीदी की रसोई में पकाया भोजन जो शुद्ध और पौष्टिक होता है,मांग पर लोगों के घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। डीएम ने कहा कि इन उत्पादों की ऑनलाईन डिलेवरी जोमेटो एवं स्वेगी जैसी कंपनी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान जीविका दीदियों द्वारा चलाये जा रहे सिलाई सेंटर का भी निरीक्षण किया।जहां स्कूली एवं ऑगनबाड़ी के बच्चों के कपड़े की सिलाई से दीदियों को औसतन दस हजार महिने की कमाई हो जाती है। डीएम ने कहा कि महिला रोजगार योजना से प्राप्त दस हजार रुपये से कुछ दिदियां कास्मेटिक सामान बनाती हैं तो कुछ बकरी पालन कर रही हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर दीदियों द्वारा बकरी के दूध से साबुन बनाने का काम किया जाता हैं,जो काफी कीमती होता है।अब इस उत्पाद की ऑनलाइन डिलेवरी भी करने की व्यवस्था की गई है।इससे दीदियां आत्मनिर्भर बनेगी और लोगों को भी अच्छी चीज मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि दीदी के रसोई का पौष्टिक भोजन की ऑनलाइन डिलेवरी की शुरूआत पूरे राज्य में सबसे पहले कटिहार जिले में हीं शुरू की गई है।वहीं एसपी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले में कानून व्यवस्था को लेकर किये जा रहे कार्यो की भी समीक्षा की।तथा कानून व्यवस्था पर पूरी तरह से नियंत्रण रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन, डीपीएम जीविका इंदुशेखर इंदु भी मौजूद रहे।

# विवाहिता का शव पुलिस ने किया बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत में बीती रात एक महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान प्रमिला देवी (35) के रूप में की गई है। जो रामपुर पंचायत की रहने वाली हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



मृतका की मां ने बताया कि प्रमिला देवी अपने मायके में मां और भाई के साथ रहती थीं। उनके चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं। जो अभी छोटे-छोटे हैं। मां के अनुसार वह बगल में काम करने गई थीं। जब वापस लौटीं तो बेटे ने बताया कि दीदी घर में नहीं हैं। हम बोले कि बगल में कहीं बैठी होंगी। रात में खाना खाने के बाद जब वे घर के पीछे बिल्ली को खाना देने गए तो बिल्ली भागी और वहां कुछ काला जैसा दिखा।

बेटे बताया कि उसके बाद देखा तो बोला दीदी है। जो की प्रमिला देवी का शव पड़ा मिला।वही तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि घर से निकलने से पहले प्रमिला देवी के पास किसी का फोन आया था। वही लोग जिसके बाद वह घर से बाहर गई थीं। वही थाना अध्यक्ष निक्की ने बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आगे की करवाई जारी है।

# बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम घायल, हालत नाजुक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र के एसएच 77 पर एसआरडी गर्ल्स स्कूल के समीप शनिवार की शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय बच्चा अंकित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बच्चा सड़क पार कर रहा था, तभी बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।



स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को तुरंत पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर ऑक्सीजन लगाया। बच्चे की हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद बाइक दूर तक घिसटती चली गई, जबकि दोनों बाइक सवार मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बाइक को जब्त कर रखा है।

# बिहार दिवस पर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

## गणित ओलंपियाड, क्विज व चित्रकला में छात्रों ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** राज्य परियोजना निदेशक बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के पत्रांक 590, 29 जनवरी के निर्देश तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कटिहार के आदेशानुसार आगामी 22 से 24 मार्च तक प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर बिहार दिवस 2026 को उत्सव के रूप में मनाया जाना है। इसी क्रम में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष बिहार दिवस 2026 का थीम ह्लउन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहारह्व रखा गया है।



इसी थीम के तहत शनिवार को जागेश्वर उच्च विद्यालय गुरुबाजार के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय गणित ओलंपियाड, क्विज प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।इस दौरान प्रतियोगिता में बरारी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गणित ओलंपियाड में रिमझिम कुमारी, क्विज प्रतियोगिता में मयंक परासर तथा चित्रकला प्रतियोगिता में सोनम कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# हरी झंडी दिखाकर तीन ट्रेनों को किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों का शुभारंभ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर क्षेत्र की रेल सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।



प्रधानमंत्री द्वारा जिन ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया गया। उनमें कामाख्या-चरलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस तथा नारंगी-अगरतला एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों के शुरू होने से पूर्वोत्तर भारत सहित बिहार और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधा एवं कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। कटिहार रेल मंडल के अंतर्गत कामाख्याझ्रचरलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव न्यू जलपाईगुडी,अलुआबाडीरोड , किशनगंज तथा बारसोई में निर्धारित किया गया है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक किरेन्द्र नरह, अपर मंडल रेल प्रबंधक न्यू जलपाईगुड़ी अजय कुमार सिंह, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह सहित रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं किशनगंज रेलवे स्टेशन पर कटिहार रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह तथा वरीय मंडल विद्युत अभियंता पंकज पाल सहित अन्य रेल अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि नई ट्रेनों के संचालन से क्षेत्र में यात्री सुविधाओं के साथ-साथ व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हसनगंज में पैक्स चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड में पैक्स निर्वाचन 2026 को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड के दो पंचायतों में चुनाव प्रस्तावित था। जिसमें कालसर पंचायत में केवल एक उम्मीदवार होने के कारण चुनाव निर्विरोध हो गया। जबकि ढेरुआ पंचायत में तीन प्रत्याशी होने के कारण आगामी 18 मार्च 2026 को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढेरुआ पश्चिम को बनाया गया है।

यहां मतदान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए केंद्र को चार भागों में विभाजित किया गया है। केंद्र 2 बायां भाग मतदाता की संख्या 1 से 650 तक,केंद्र 2 के मध्य भाग मतदाता की संख्या 651 से 1300 तक, केंद्र 2 ख दायां भाग मतदाता की संख्या 1301 से 1950 तक, केंद्र 2 ग बायां भाग मतदाता की संख्या 1951 से 2534 तक। ढेरुआ पंचायत में महिला और पुरुष मतदाताओं को मिलाकर कुल 2534 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी शानू कुमार झा ने बताया कि पैक्स निर्वाचन को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। दो पंचायत में चुनाव होना था। एक कालसर पंचायत में निर्विरोध है, तो दूसरा ढेरुआ पंचायत से पांच अध्यक्ष पद लिए नामांकन किया गया था, जिसमें दो नाम वापसी के बाद तीन प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। प्रखंड में ढेरुआ पंचायत में केवल चुनाव होना है।

# पन्द्रह केन्द्रों पर दो पाली में सिविल कोर्ट के अटेंडेंट पीटी की परीक्षा आज

## जिला प्रशासन की तैयारी पूरी, दोनों पालियों में 6264 अभ्यर्थी देगें परीक्षा, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी परीक्षा


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पदाधिकारी के दिशानिर्देश पर नोडल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता मेराज जमील की अध्यक्षता में समाहरणालय के एनआईसी सभागार में सिविल कोर्ट में अटेंडेंट के पद पर नियुक्ति को लेकर होने वाली परीक्षा को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी केन्द्रीयकृत चयन एवं नियुक्ति समिति के संयोजक सह सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अनुसार बिहार के अटेंडेंट पद के नियोजन को लेकर रविवार 15 मार्च 2026 को दो पालियो में प्रारंभिक परीक्षा आयोजित किया जाएगा। बैठक में शांतिपूर्वक वातावरण में कदाचारमुक्त आयोजित कराने को लेकर ब्रिफिगं की गयी।



परीक्षा के आयोजन के लिए जिला में 15 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें लगभग 6264 अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई है।परीक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त आयोजित कराने को लेकर नोडल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता एवं पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, पुलिस केन्द्र, कटिहार द्वारा संयुक्त रूप से केंद्र के लिए नामित नोडल पदाधिकारी,जोनल सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक व पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। नोडल पदाधिकारी ने परीक्षा संचालन से सबंधित सभी पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षक को पूरी तत्परता एवं निष्ठा से कदाचार रहित परीक्षा संचालन कराने का निर्देश दिया गया। ताकि किसी भी हालत में परीक्षा केंद्र पर कोई गड़बड़ी पैदा न हो एवं परीक्षा कदाचार रहित संपन्न हो सकें. परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है. साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, पुलिस केन्द्र ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी महिला अभ्यार्थियों का महिला कर्मियों द्वारा महिला पुलिस की उपस्थिति में फ्रिसकिंग की जाय तथा पुरुष अभियार्थियों को पुरूष कर्मियों के द्वारा अच्छी से फ्रिसकिंग कि जाय. उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन यातायात की सुगम व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस बल को तैनात कराने का निर्देश दिया गया। प्रभारी परीक्षा संचालक ने सभी केद्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि किसी भी परीक्षा केन्द्र के अंदर बैग, मोबाइल फोन, पर्स, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, किसी भी प्रकार की घड़ियाँ, स्मार्ट घड़ी, कैलकुलेटर, पेजर सहित कोई भी निषिद्ध वस्तु नहीं ले जा सकेंगे।अभ्यर्थियों को केवल दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो, पहचान प्रमाण पत्र और उसकी एक स्व-सत्यापित प्रति एवं एक पारदर्शी पानी का बोतल तथा बॉल प्वाईंट पेन ले जाने की अनुमति होगी। किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को पहली पाली के लिए पूर्वाहन 09:30 बजे के बाद और दूसरी पाली के लिए अपराह्न 01:30 बजे के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए जूता-मोजा पहनकर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करना वर्जित नहीं है. पर फ्रिसकिंग के दौरान परीक्षार्थी को जूता-मोजा खुलवाकर जांच के बाद ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे मध्याह्न एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:00 बजे से 04:00 बजे अपराह्न तक आयोजित की जायेगी. परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश का समय प्रथम पाली के लिए पूर्वाह्न 08:30 बजे से 09:30 बजे तक है एवं द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 12:30 बजे से 01:30 बजे अपराह्न तक निर्धारित है. उसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

## कच्चे तेल की महंगाई के बावजूद ब्याज दरों में तत्काल बढ़ोतरी नहीं कर पाएगा आरबीआई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेटिक्सिस इमर्जिंग एशिया की वरिष्ठ अर्थशास्त्री त्रिन्ह गुयेन के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक के फिलहाल ब्याज दरों में तत्काल बढ़ोतरी करने की संभावना नहीं है, भले ही कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक के फिलहाल ब्याज दरों में तत्काल बढ़ोतरी करने की संभावना नहीं है, भले ही कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। एक अर्थशास्त्री का कहना है कि मौजूदा स्थिति डिमांड के बजाय सप्लाई के झटके (सप्लाई-साइड शॉक) की वजह से पैदा हुई है। नेटिक्सिस इमर्जिंग एशिया की वरिष्ठ अर्थशास्त्री त्रिन्ह गुयेन ने न्यूज एजेंसी एएनआई से एक विशेष बातचीत में स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के बावजूद, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया तत्काल दरें बढ़ाने की प्रतिक्रिया नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि अभी यह स्थिति बहुत शुरुआती दौर में है और यह स्पष्ट नहीं है कि यह संकट कितने समय तक रहेगा। गुयेन ने समझाया कि ब्याज दरें बढ़ाने का असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, खासकर रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों पर, जो ब्याज दरों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं, लेकिन इस कदम से मौजूदा सप्लाई की समस्या का समाधान नहीं होगा। अर्थशास्त्री ने कहा कि नीति निर्माता ब्याज दरों को मुख्य हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय कोविड-19 अवधि के दौरान अपनाए गए अन्य उपायों पर भरोसा कर सकते हैं। गुयेन ने आगाह किया कि अगर संघर्ष लंबा चलता है, तो ऊर्जा झटका धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था में फैल सकता है।

## शेयर बाजार में मचे हाहाकार के बीच एक्मे सोलर होल्डिंग लिमिटेड 9 प्रतिशत चढ़ा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयरों में 9 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिल रही है। इस कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह राजस्थान से आई एक खबर है। कंपनी ने राजस्थान स्थित बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की कमिशनिंग का ऐलान किया है।

एक्मे सोलर होल्डिंग लिमिटेड शेयरों में 9 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिल रही है। इस कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह राजस्थान से आई एक खबर है। कंपनी ने राजस्थान स्थित बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की कमिशनिंग का ऐलान किया है। इस खबर से निवेशक स्टॉक खरीदने को इच्छुक दिख रहे हैं। एक्मे सोलर ने अपने सब्सिडियरी के लिए 142.67 एमडब्ल्यू/ 481.49 एमडब्ल्यूएच मेगावाट की क्षमता के बीईएसएस पहले चरण की कमिशनिंग की जानकारी दी है। बीएसई में एक्मे सोलर होल्डिंग लिमिटेड के शेयर 241.95 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 9 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 262.45 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। बता दें, आज शुक्रवार को शेयर बाजार में एक बार फिर से तेज बिकवाली देखने को मिल रही है।

### पिछले एक साल में कैसा रहा प्रदर्शन

शेयरों की कीमतों में बीते एक साल में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। कंपनी का 52 वीक हाई 324.25 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो लेवल 172.90 रुपये है। मार्केट कैप 15473.49 करोड़ रुपये का है। नेट प्रॉफिट दिसंबर तिमाही के दौरान 114 करोड़ रुपये रहा है। अक्टूबर से दिसंबर के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 112 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 617 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 53.90 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 401 करोड़ रुपये रहा था। इस कंपनी ने निवेशकों को दो बार डिविडेंड दिया है। पहली बार कंपनी ने 2025 में डिविडेंड दिया था।

## पीए किसान निधि पर मोदी की सौगात
# 9.32 करोड़ किसानों के खाते में भेजे पैसे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के करोड़ों किसान को तोहफा मिला है। दरअसल, नरेंद्र मोदी सरकार ने पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी कर दी है। पीएम मोदी ने गुवाहाटी, असम में एक कार्यक्रम के दौरान 22वीं किस्त के 2000 रुपये को ट्रांसफर किए। इसका लाभ 9.32 करोड़ से अधिक किसानों को मिलेगा। बता दें कि पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में 2.15 करोड़ से अधिक महिला किसान हैं। इस योजना के तहत, पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की राशि तीन समान किस्तों में दी जाती है, जिसे 'प्रत्यक्ष लाभ अंतरण' (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जाता है। इस किस्त के जारी होने के साथ, पीएम-किसान के तहत वितरित कुल राशि 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। योजना के पिछले आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2025 में 19वीं किस्त के रूप में 9.8 करोड़ किसानों को 22,000 करोड़ रुपये अंतरित किए गए थे। इसके बाद अगस्त, 2025 में 20वीं किस्त के तहत 9.7 करोड़ किसानों को 20,500 करोड़ रुपये और नवंबर, 2025 में 21वीं किस्त के रूप में नौ करोड़ किसानों को 18,000 करोड़ रुपये दिए गए थे। पीएम-किसान में रजिस्टर्ड किसानों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। ओटीपी आधारित ई-केवाईसी पीएम-किसान पोर्टल पर उपलब्ध है या बायोमेट्रिक आधारित ई-केवाईसी के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर से संपर्क किया जा सकता है। लाभार्थियों की सहायता के लिए पीएम-किसान पोर्टल पर 'अपनी स्थिति को जानों (केवाईएस)' नामक एक मॉड्यूल उपलब्ध कराया गया है। यह मॉड्यूल भुगतान की स्थिति, पात्रता, भूमि विवरण, आधार जोड़ने और ई-केवाईसी की स्थिति जैसी सभी जानकारियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। सरकार ने चेहरे की पहचान पर आधारित एक मोबाइल ऐप भी पेश किया है, जिससे किसान बिना किसी ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस की आवश्यकता के, घर बैठे ही अपना ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं। राज्य और ग्राम स्तर के नोडल अधिकारी इस कार्य में अतिरिक्त सहायता प्रदान कर रहे हैं। कृषि मंत्रालय का कृत्रिम मेधा-आधारित वॉयस चैटबॉट 'किसान-ईमित्र' 11 क्षेत्रीय भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता प्रदान कर रहा है, और अब तक इसने लाखों किसानों के प्रश्नों का समाधान किया है।

अपात्र लाभार्थियों को बाहर करने के लिए एक मजबूत सत्यापन प्रणाली लागू की गई है, जबकि संपन्न किसानों के लिए अपनी पात्रता स्वेच्छा से छोड़ने (स्वैच्छिक समर्पण) की सुविधा भी शुरू की गई है। उन किसानों को फिर से जोड़ने के लिए भी व्यवस्था की गयी है, जिन्होंने अनजाने में अपनी पात्रता छोड़ दी थी।

### इनकम टैक्स में 7 बड़े बदलाव
# 1 अप्रैल से बदल जाएगा टैक्स का पूरा गणित




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप भी इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद काम की है। 1 अप्रैल 2026 से देश में टैक्स का पूरा सिस्टम बदलने जा रहा है। केंद्र सरकार ने आम बजट 2026 में आयकर अधिनियम में कई अहम संशोधन किए हैं, जिनका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। इन बदलावों का मकसद टैक्स भरने की प्रक्रिया को आसान बनाना है, लेकिन कुछ बदल ऐसे भी हैं, जो आपके खर्चे बढ़ा सकते हैं। आइए जानते हैं इन 7 अहम बदलावों के बारे में।

देश में 1961 से चला आ रहा पुराना आयकर अधिनियम अब इतिहास बन जाएगा। 1 अप्रैल 2026 से पूरी तरह से नया आयकर अधिनियम, 2025 लागू हो जाएगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि सरकार ने अभी इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है और पुराने ही स्लैब जारी रहेंगे। नए अधिनियम में भाषा को सरल बनाने और कानूनी पेचीदगियों को दूर करने पर फोकस किया गया है। अब टैक्सपेयर्स को आईटीआर भरने के लिए ज्यादा समय मिलेगा। सरकार ने आईटीआर-3 और आईटीआर-4 भरने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। पहले यह तारीख 31 जुलाई थी। यह सुविधा उन टैक्सपेयर्स को मिलेगी जिनका ऑडिट नहीं होता है।

अगर आप अपने भरे हुए आईटीआर में कोई सुधार करना चाहते हैं तो अब आपके पास ज्यादा समय होगा। सरकार ने रिवाइज्ड रिटर्न भरने की तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। लेकिन यहां एक अहम बात जान लें कि अगर आप 31 दिसंबर के बाद रिवाइज्ड रिटर्न भरते हैं तो आपको अतिरिक्त शुल्क चुकाना होगा। वहीं बिलेटेड रिटर्न भरने की तारीख में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार ने टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स की दरों में कई अहम बदलाव किए हैं, जो सीधे आपकी जेब से जुड़े हैं। शराब की बिक्री पर अब 1 प्रतिशत की जगह 2 प्रतिशत टीसीएस लगेगा। वहीं स्क्रैप की बिक्री पर भी टीसीएस बढ़ाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है जो पहले 1 प्रतिशत था। कोयला, लिग्नाइट और लौह अयस्क जैसे खनिजों की बिक्री पर भी अब 2 प्रतिशत टीसीएस देना होगा। हालांकि राहत की बात यह है कि तेंदू पत्ता की बिक्री पर टीसीएस घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है जो पहले 5 प्रतिशत था।

## वोडाफोन-आईडिया में हिस्सेदारी खरीदना चाहती हैं दिग्गज कंपनियां : रिपोर्ट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो कंपनियां वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी खरीदना चाहती हैं। सिंगापुर की कंपनी और जेएसडब्ल्यू ग्रुप इस टेलीकॉम कंपनी का कुछ हिस्सा खरीदना चाहती हैं। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार की तरफ से मिले वित्तीय राहत के निवेशकों की दिलचस्पी वोडाफोन आइडिया में बढ़ी है। बता दें, केंद्र सरकार के पास वोडाफोन आइडिया का सबसे बड़ा हिस्सा है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार यूएस की कंपनी टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स भी वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ शामिल है। इसके अलावा घरेलू स्तर पर कई अन्य कंपनियों की नजर कंपनी पर है। हालांकि अभी यह पूरा मामला प्रारंभिक दौर में है। बीते महीने खबर आई थी कि सरकार की तरफ से एक रणनीतिक निवेशक की तलाश है।

जो 11 से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले 1 बिलियन डॉलर का इंवेस्टमेंट कंपनी में करे। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार कुछ निवेशक कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने को लेकर काफी गंभीर हैं। 16 और 17 मार्च को कंपनी सिंगापुर और हॉन्ग-कॉन्ग में इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स से मीटिंग करने जा रही है।

## राधाकिशन दमानी ने टाटा ग्रुप की कंपनी के 16 लाख शेयरों को बेच दिया, 1 साल में 22 प्रतिशत लुढ़का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के चर्चित इन्वेस्टर राधाकिशन दमानी ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के 16 लाख शेयरों को बेच दिया है। इन शेयरों की कीमत 52 करोड़ रुपये है। यह बिक्री शुक्रवार को की गई है। शेयरों को ब्लॉक डील के जरिए बेचा गया है। बता दें, राधाकिशन दमानी ( ने 325 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से शेयरों की बिक्री की है। दमानी की तरफ से शेयरों की बिक्री ऐसे समय में की गई है जब स्टॉक मार्केट में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयर संघर्ष कर रहे हैं।



टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयर बीएसई में 3.13 प्रतिशत की गिरावट के बाद 314.30 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कल शुक्रवार को दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 308.65 रुपये के स्तर तक चल गया था। इस कंपनी का शेयर स्टॉक मार्केट में संघर्ष कर रहा है। बीते एक महीने में टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, एक साल में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 22 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में एक प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। बता दें, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड का 52 वीक हाई 459.67 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो लेवल 308.65 रुपये है।

### सिर्फ 5000 रुपये लगाए, अब करोड़ों का टर्नओवर
# रील्स ने चमका दी किस्मत, शार्क टैंक तक पहुंचा सफर

**नई दिल्ली:** जोधपुर की पूजा बलानी ने कुछ ऐसा किया है जो कई लोगों का सपना होता है। वह 'मिस चीजकेक' नाम के स्टार्टप की फाउंडर हैं। उन्होंने 2023 में इसकी नींव नरपत सिंह राठौड़ के साथ रखी थी। यह वही साल था जब उन पर परिवार की ओर से सगाई करने की तलवार लटका दी गई थी। लेकिन, अचानक जिंदगी में आए एक ट्विस्ट ने सबकुछ बदल दिया। उन्होंने एक यात्रा के दौरान पहली बार 'चीजकेक' का स्वाद चखा। उसी समय उन्हें लगा कि अभी यह टेस्ट जोधपुर के लिए अनजाना है। इसी के बाद उन्होंने जोधपुर जैसे पारंपरिक शहर में एक नए स्वाद की नींव रख दी। रील्स के मैजिक ने इसमें चार चांद लगा दिए। पूजा का 5,000 रुपये से शुरू हुआ सफर 'शार्क टैंक' तक पहुंच गया। आज उनके स्टार्टअप का टर्नओवर करोड़ों में है। आइए, यहां पूजा बलानी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



- **सिर्फ 5000 रुपये की सेविंग से शुरुआत-** पूजा बलानी की जिंदगी में साल 2023 में एक बड़ा टर्न आया। एमसीए की पढ़ाई और मार्केटिंग की नौकरी छोड़ने के बाद उन पर शादी का पारिवारिक दबाव बनने लगा था। तब उनकी उम्र 25 साल की थी। इसी बीच जयपुर की एक यात्रा के दौरान उन्होंने पहली बार चीजकेक चखा। उन्हें महसूस हुआ कि जोधपुर में यह स्वाद अभी तक जाना-पहचाना नहीं है।

### एक्सीडेंट के कारण रफ्तार पर लगा ब्रेक

पूजा के सफर में उनके दोस्त और को-फाउंडर नरपत सिंह राठौड़ का काफी योगदान रहा। नवंबर 2023 में अपने स्टार्टअप से उन्होंने सिर्फ 7,000 रुपये की कमाई की। लेकिन, यह सफर धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगा। हालांकि, जनवरी 2024 में एक गंभीर कार एक्सीडेंट ने इस रफ्तार पर ब्रेक लगा दी। पूजा के सिर में चोट आई। हाथ फ्रैक्चर हो गया। इसके कारण वह दो महीने तक बिस्तर पर रहीं। लेकिन, हार मानने के बजाय उनकी मां और नरपत ने काम जारी रखा। मई 2024 में उन्होंने 100 वर्ग फीट में अपना पहला स्टोर खोला। इसका उद्घाटन उनके पिता ने किया।

### बाजार में भूचाल फिर भी 2 दिन में 21 प्रतिशत चढ़ गया एनटीपीसी एनर्जी शेयर
# 100 रुपये के पार शेयर का दाम


**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान वार के चलते घरेलू शेयर मार्केट पिछले कुछ दिन से दबाव में है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को इंट्राडे के दौरान 1400 अंक से ज्यादा टूट गया है। गिरावट की इस आंधी में भी रिन्यूएबल एनर्जी बिजनेस से जुड़ी कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर इंट्राडे के दौरान 6 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 104.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, महारत्न कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड के पूर्ण मालिकाना हक वाली सहायक इकाई है। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर दो दिन में 21 पर्सेंट चढ़ गए हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर 11 मार्च 2026 को 86.60 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 13 मार्च 2026 को 104.75 रुपये पर जा पहुंचे हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 117.80 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 84.08 रुपये है। सितंबर 2025 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 89.01 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 10.99 पर्सेंट है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का मार्केट कैप शुक्रवार 13 मार्च 2026 को 82000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।



- **कंपनी ने दिया खावड़ा-ढ्ढ सोलर पीवी प्रोजेक्ट से जुड़ा अपडेट-** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने पिछले दिनों एक रेगुलेटरी फाइलिंग के जरिए स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया है कि गुजरात में स्थित 1200 मेगावॉट खावड़ा-ढ्ढ सोलर पीवी प्रोजेक्ट के 270 मेगावॉट के तीसरे पार्ट कैपेसिटी को कमर्शियल ऑपरेशन के तहत डिक्लेयर कर दिया है। इस प्रोजेक्ट को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के पूर्ण मालिकाना हक वाली इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने डिवेलप किया है।

- **आईपीओ में 108 रुपये था कंपनी के शेयर का दाम-** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के आईपीओ में शेयर का दाम 108 रुपये था। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 19 नवंबर 2024 को खुला था और यह 22 नवंबर तक ओपन रहा। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर 27 नवंबर 2024 को बीएसई में 111.60 रुपये पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के ठीक बाद कंपनी के शेयर उछाल के साथ 122.10 रुपये पर पहुंच गए। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का आईपीओ टोटल 2.55 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों का कोटा 3.59 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# 8वें वेतन आयोग में मिलेगा 18 महीने का बकाया डीए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जनवरी 2020 से जून 2021 तक के दौरान कोरोना महामारी के कारण सरकार ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को रोक दिया था। उस समय सरकार ने आर्थिक दबाव का हवाला देते हुए कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलने वाले डीए और डीआर की तीन किस्तों को रोक दिया था। 8वें वेतन आयोग के गठन के साथ ही अब केंद्रीय कर्मचारी को सिफारिशों का इंतजार है। इस वेतन आयोग की सिफारिशें अगले डेढ़ साल में लागू होंगी। इससे पहले केंद्रीय कर्मचारियों के अलग-अलग संगठन की ओर से तरह-तरह के डिमांड किए जा रहे हैं। ऐसी ही एक डिमांड लंबे समय से लंबित 18 महीने के महंगाई भत्ता एरियर को लेकर है। दरअसल, जनवरी 2020 से जून 2021 तक के दौरान कोरोना महामारी के कारण सरकार ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को रोक दिया था। उस समय सरकार ने आर्थिक दबाव का हवाला देते हुए कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलने वाले डीए और डीआर की तीन किस्तों को रोक दिया था। यही 18 महीनों का एरियर अब तक लंबित है।

### कर्मचारी संगठनों का तर्क

कर्मचारी यूनियनों का तर्क है कि यह राशि कर्मचारियों का अधिकार है और इसे रोका जाना उचित नहीं है। कई संगठनों ने सरकार से मांग की है कि जब 8वां वेतन आयोग लागू किया जाए, उसी समय 18 महीने के एरियर का भी भुगतान कर दिया जाए। उनका कहना है कि इससे कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिलेगी और सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। वर्तमान में केंद्र सरकार के करीब 48 लाख कर्मचारी और लगभग 65 लाख पेंशनर्स इस फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

# नेशनल लोक अदालत में एक अरब 61,3400,71 रुपये की हुई रिकवरी

## दुर्घटना में माता-पिता को खोने वाले प्रभु साव को डालसा ने दिलाया एक करोड़ 38 लाख रुपए का चेक

### 3,340,710 मामलों का हुआ निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 26 के पहले नेशनल लोक अदालत मे , एक अरब 61 करोड 34 लाख 71 हजार रूपए की रिकवरी कर कुल तीन लाख 34 हजार 710 विवादों का निपटारा कर दिया गया। वहीं सड़क दुर्घटना में माता पिता को खोने वाले प्रभु साव को एक करोड़ 38 लाख रुपये का चेक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा, निकेश कुमार सिन्हा ने दिया।दुर्घटना में पति को खोने वाली महिला को भी न्यायाधीश ने 82 लाख रुपए का चेक दिया।

चेक मिलने के बाद प्रभु साव काफी भावुक हो गए और कहा कि डालसा ने उन्हें एक नया जीवन दिया है। इसके पूर्व नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को जमशेदपुर से ऑनलाइन न्यायमूर्ती सुजित नारायण प्रसाद ने किया। धनबाद में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश श्री सिन्हा ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,हर तीन माह मे यह आयोजन किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है ।




उन्होने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा, मयंक, तुषार टोपनो ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है ।इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है. साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है।

लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। लोगों मे प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है।

**तीन लाख 34 हजार 710 विवादों का हुआ निपटारा-** अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 13 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा शुरूआत के पहले दो घंटे मे विभिन्न तरह के सुलह लायक विवादों का निपटारा कर तीन लाख 34 हजार 710 विभिन्न तरह के विवादों का निपटारा कर दिया गया। जिसमें 2 लाख 54 हजार 975 प्रिलेटिगेशन मामले में कुल एक अरब 36 करोड़ 43 लाख 70 हजार 931 रुपए की रिकवरी भी की गई। दो दिव्यांगों को मौके पर ही ट्राई साइकिल दिव्यांग प्रमाण पत्र व स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिया गया।

वहीं 4 बच्चों को जिनके माता पिता नहीं थे उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर उन्हें पढ़ाई लिखाई के लिए मिलने वाली चार हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। चालीस बच्चों को श्रम विभाग की ओर से स्कॉलरशिप योजना का लाभ दिलाया गया।

### दो दिव्यांगों को मौके पर दिया गया लाभ

उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया ।

न्यायाधिश न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष,जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पार्थ सारथी घोष, अवर न्यायाधीश मनीष कुमार मिश्रा प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, विवेक राज, मनोज कुमार, आइ जेड खान ,स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रविंद्रनाथ ठाकुर उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा समेत एलएडीसएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक सहायक नीरज गोयल, कन्हैयालाल ठाकुर ,शैलेंद्र झा, सुमन पाठक, मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, डालसा सहायक सौरभ सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा , विधि स्वयं सेवक नवीन कुमार ,हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी ,राजेश सिंह,सोमित मंडल समेत समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# छात्राओं ने देखी विस की कार्यवाही



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पोटका।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका की 31 छात्राओं ने झारखण्ड विधान सभा परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने विधानसभा परिसर का अवलोकन किया और करीब 3 घंटे तक सदन की कार्यवाही को अपनी आंखों से देखा।

ये सभी छात्राएं अपने विद्यालय की बाल संसद की सदस्य हैं और इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था को करीब से समझने का अवसर मिला।

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने देखा कि किस प्रकार सदन में जनप्रतिनिधि जनहित के मुद्दों को उठाते हैं और उन पर चर्चा कर निर्णय लिए जाते हैं।

छात्राओं ने बताया कि विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखने का अनुभव उनके लिए बेहद प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। इससे उन्हें लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला।

छात्राओं ने विधायक संजीव सरदार का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यालय के एक कार्यक्रम में विधायक के आने पर उन्होंने पिकनिक की मांग की थी। उस समय विधायक ने पिकनिक के बजाय एक शैक्षणिक भ्रमण कराने का वादा किया था, जिसे उन्होंने अब पूरा कर दिया।

भ्रमण के बाद छात्राओं को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने अपने कक्ष में आमंत्रित किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और स्पीकर ने उन्हें लोकतंत्र की गरिमा, जिम्मेदारियों तथा एक जागरूक नागरिक बनने के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं ज्योति सागर और शुचिता कुमारी भी उपस्थित थीं।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं से जोड़ना जरूरी है, ताकि वे शासन व्यवस्था को बेहतर तरीके से समझ सकें और भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों के ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## नगर निगम का बजट पेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आरा नगर निगम का बजट शनिवार को महापौर इंदू देवी ने सदन में पेश किया। लगभग 753 करोड़ रुपये के इस बजट में शहर के विकास से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का प्रावधान किया गया है।

प्रस्तुत बजट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल अनुमानित आय 753 करोड़ 79 लाख 59 हजार 720 रुपये तथा कुल अनुमानित व्यय 753 करोड़ 70 लाख 60 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। इस प्रकार बजट में करीब 8 लाख 99 हजार 720 रुपये का सरप्लस रहने का अनुमान है। नगर निगम की आय का बड़ा हिस्सा केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली राशि पर निर्भर है। विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 625 करोड़ 5 लाख रुपये प्राप्त होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं आगामी वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य 10 करोड़ रुपये रखा गया है।

# हाई वोल्टेज तार छूने से रेल यात्री धू-धू कर जला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें एक यात्री की लापरवाही के कारण उसकी जान को खतरा हो गया। घटना रांची से आनंद विहार जा रही होली स्पेशल ट्रेन (रांची-आनंद विहार होली स्पेशल) के साथ जुड़ी है।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन को प्लेटफॉर्म से रवाना किया जा रहा था। यात्री पहले से ही ट्रेन की छत पर लेटे हुए थे, जो कि बेहद खतरनाक और गैरकानूनी है।

जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 2 को क्रॉस कर रही थी, यात्री खड़ा हो गया और हाथ से ओवरहेड हाई-टेंशन वायर (25,000 वोल्ट) को छू लिया।

इसके तुरंत बाद एक जोरदार धमाका हुआ और यात्री का शरीर आग की लपटों में जल उठा। करंट की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि आसपास मौजूद लोगों ने भी धमाके की आवाज सुनी।

घटना के बाद ट्रेन को रोक लिया गया और राहत कार्य शुरू किए गए। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन की छत पर यात्रा करना भारतीय रेलवे एक्ट के तहत अपराध है।

ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायर में 25,000 वोल्ट का खतरनाक करंट होता है, जो छूने या करीब आने पर भी जानलेवा साबित हो सकता है।

यह घटना होली के सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और लापरवाही का एक गंभीर उदाहरण है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन की छत पर चढ़ना या बैठना बिल्कुल न करें, क्योंकि यह मौत को दावत देने के समान है।

अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है और घायल यात्री को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# कुएं से सड़ी-गली तीन लाशें बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले के बागडेहरी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। चरवाहों की सूचना पर मुडाबेड़िया आश्रम से कुछ सौ मीटर दूर सुनसान जगह पर स्थित एक कुएं से पुलिस ने एक व्यक्ति और 2 नाबालिग बच्चों के शव बरामद किए। शव संदिग्ध स्थिति में थे और सड़ी-गली हालत में पाए गए।प्रारंभिक जांच में पुलिस को शव के पास से एक आधार कार्ड मिला। कार्ड में मृतक व्यक्ति का पता मुरगाथल, राजनगर, जिला वीरभूम, पश्चिम बंगाल अंकित है। पुलिस फिलहाल हत्या के एंगल से मामले की तफ्तीश कर रही है।

कुएं से बरामद शवों की स्थिति देखकर पुलिस का अनुमान है कि तीनों की मौत करीब तीन से चार दिन पहले हुई होगी। शवों की हालत काफी बिगड़ी हुई थी, जिससे मामला और भी गंभीर नजर आ रहा है।

प्राथमिक जांच के दौरान पुलिस को व्यक्ति के शव के पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ है। आधार कार्ड में पता मुरगाथल, राजनगर, जिला बीरभूम, पश्चिम बंगाल अंकित बताया जा रहा है।

## सीएचसी में गंदगी देख भड़के विधायक

**सरैया।** पारू के विधायक शंकर प्रसाद यादव ने शनिवार को सरैया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था देखकर वह भड़क उठे। साथ ही कई कर्मचारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। विधायक सुबह करीब 11 बजे सीएचसी पहुंचे थे।

अस्पताल में अव्यवस्था देखकर उन्होंने तत्काल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार को फोन कर अस्पताल पहुंचने का निर्देश दिया। इसके बाद डॉ. कुमार जल्दबाजी में अस्पताल पहुंचे।

## बाइपास के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में प्रस्तावित टू-लेन रफीगंज बाइपास पथ के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन के अनुसार इस परियोजना के लिए कुल 18.8144 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जाएगी। यह जमीन रफीगंज अंचल के विभिन्न मौजों से ली जाएगी। समाहर्ता द्वारा जारी सूचना के अनुसार करमा मसूद, केराप, चातर, चौबड़ा और फेसरा मौजा की जमीन इस परियोजना में शामिल है।

करमा मसूद मौजा में 16 किसानों से 2.245 एकड़, केराप मौजा में 85 किसानों से 11.793 एकड़ तथा चातर मौजा में 74 किसानों से 4.5844 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जाएगी। इसके अलावा चौबड़ा मौजा में ली जाने वाली जमीन गैर मजरुआ है, जबकि फेसरा मौजा में चार किसानों से 1.10812 एकड़ भूमि ली जाएगी। इसमें कुछ जमीन बकास्त और कुछ गैर मजरुआ जमीन शामिल है ।प्रशासन के अनुसार बाइपास सड़क के निर्माण से लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

खासकर रफीगंज रेलवे फाटक पर लगने वाले भीषण जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने-जाने वाले लोगों को शहर में प्रवेश के लिए एक सुगम वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। भूमि अधिग्रहण के कारण लगभग 48 परिवार प्रभावित हो सकते हैं, हालांकि किसी भी परिवार के पूर्ण विस्थापन की संभावना नहीं बताई गई है ।यह बाइपास सड़क मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा और स्वीकृति के बाद बनाई जा रही है। करीब आठ किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण के लिए 37 करोड़ 91 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार किया गया है। इसे 18 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

विभाग द्वारा निविदा जारी की जा चुकी है, लेकिन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

# बीटीटी के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर ब्लॉक ट्रेनिंग टीम (बीटीटी) के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय के सभागार में किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त में सभी बीटीटी को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने, हर बात ध्यानपूर्वक सुनने तथा पूरी कार्यक्षमता से प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके सभी बीटीटी अपने प्रखंड में सहियाओं को प्रशिक्षित करेंगे। कहा स्वस्थ समाज के निर्माण में सहिया का महत्वपूर्ण योगदान है।



वे महिला सशक्तिकरण और बच्चों तथा माता की बेहतर देखभाल कर सकती है। वंचित वर्ग तक पहुंच बना सकती है। इसलिए उनमें अच्छी नेतृत्व क्षमता होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रसव-पूर्व गर्भवती महिला की देखभाल और जाँच, घर पर मुलाकात, माँ और शिशु की देखभाल, प्रसव के बाद की देखभाल, कुपोषण, सच्छता, विलेज हेल्थ न्यूट्रीशनल डे, अर्बन हेल्थ न्यूट्रीशनल डे, विभिन्न रजिस्टरों में एंट्री करना, सहिया एप का संचालन करना सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, डीएमएफटी टीम लीडर शैलेश तिवारी, एसटीटी मनवर आलम, अर्बन डीपीसी गौतम कुमार, रुरल डीपीसी रेखा सिंह के साथ सभी प्रखंड के बीटीटी मौजूद थे।

# स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से छात्रा की गयी जान

## सरकार से उचित कार्रवाई और मुआवजा की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारायणपुर।** नारायणपुर कस्तूरबा में इंटर में पढ़ने वाली छात्रा की शनिवार को इलाज के क्रम में नारायणपुर सीएचसी में मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद उसके स्वजनों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विद्यालय प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं और छात्रा की मौत के लिए विद्यालय प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। स्वजनों ने विद्यालय प्रबंधन के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, साथ ही उचित मुआवजा दिलाए जाने की दिशा में पहला का अनुरोध किया गया है। छात्रा नारायणपुर थाना क्षेत्र के कुमारपहाड़ी के वीर टुडू की पुत्री छमोली टुडू थी और वह कस्तूरबा विद्यालय में 11वीं की छात्रा थी।

मृतक के भाई सकोल टुडू व नरेश हांसदा ने बताया कि छमोली की तबीयत शुक्रवार की शाम से ही खराब थी। छात्रा को लूज मोशन के साथ उल्टी-दस्त भी हो रहा था, लेकिन विद्यालय प्रबंधन उसे वहीं दवा देकर निश्चिंत हो गया।

शनिवार की सुबह छात्रा के स्वजनों को बच्ची की तबीयत खराब होने की सूचना दी गई, लेकिन छात्रा का भाई सुबह 11 बजे विद्यालय पहुंचा तो उसे प्रबंधन की ओर से बाहर ही रोककर रखा गया। उसे बताया गया कि अंदर स्कूल का एनुअल फंक्शन चल रहा है।

इस दौरान तकरीबन उसने डेढ़ घंटे तक बाहर ही अपनी बहन का इंतजार किया, लेकिन इसी बीच चमोली टूडू की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और वह अचेत हो गई। सूचना मिलने के बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में छात्रा को उपचार के लिए सीएससी नारायणपुर लाया गया। जहां छात्रा को बचाने का भरपूर प्रयास किया गया, लेकिन इस दौरान उसकी मौत हो गई।

स्वजनों की मानें तो समय पर उपचार होने से छात्रा की जान बच सकती थी। घटना की सूचना मिलने के बाद छात्रा के स्वजन व अन्य लोग अस्पताल पहुंचे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

इस क्रम में नारायणपुर पंचायत की मुखिया मुनी मरांडी, बाबूलाल किस्कू, वीरेंद्र प्रताप हेम्ब्रम, सुनीता मरांडी, दिलीप बास्की, पवन पोद्दार आदि पहुंचे और मामले की जांच की।

रविवार को छात्रा के शव का पोस्टमार्टम होगा। थाना प्रभारी मुराद हसन ने लोगों को आश्वस्त किया कि स्वजन आवेदन दें, आगे की कार्रवाई होगी।

# अब ई ऑक्शन से बाजारों में होगी कोयला की आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** देश में एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों और कई इलाकों में हो रही आपूर्ति की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने आम जनमानस को वैकल्पिक ईंधन के रूप में बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है।

कोयला मंत्रालय ने निर्देश पर कोल इंडिया खुले बाजार में कोयले की उपलब्धता बढ़ाने के लिए अब ई आक्शन की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा।

इसका सीधा उद्देश्य यह है कि आम लोग, छोटे ईंट-भट्ठा संचालक और लघु उद्योगों को जलावन व अन्य कार्यों के लिए आसानी से कोयला मिल सकेगा।

माह में दो बार ई-आक्शन के माध्यम से कोयले की बिडिंग होगी। इसको लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। इससे कोल इंडिया सहित कोयला कंपनियों के कोयला स्टाक में भी कमी आएगी।

कोयला कंपनियां अपने कुल उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा ई-आक्शन के जरिए बेचने के लिए सुरक्षित रखेंगी। इससे पहले कोयले का बड़ा हिस्सा केवल बिजली संयंत्रों (पावर सेक्टर) को ही प्राथमिकता के आधार पर दिया जाता था, लेकिन अब गैर-विशिष्ट क्षेत्रों और खुदरा व्यापारियों के लिए भी स्टाक बढ़ाया जा रहा है। खुले बाजार में अधिक कोयला आने से जलावन के लिए स्थानीय स्तर पर इसकी उपलब्धता बढ़ेगी।



कोल इंडिया चेयरमैन बी साइराम ने इस संबंध में बताया कि सभी सहायक कोयला कंपनियों बीसीसीएल, ईसीएलस सीसीएल सहित सभी को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

साईराम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह जरूरी है कि बाजार में कोयले का प्रवाह बढ़ाई जाए। इससे न केवल कालाबाजारी रुकेगी, बल्कि उन लोगों को भी सस्ता ईंधन मिल सकेगा जो एलपीजी के बढ़ते बोझ से परेशान हैं।

## महिला पंचायत सचिव गिरफ्तार

**गुमला।** झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड की सेरका पंचायत की महिला पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो को 8,000 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार, चट्टी सेरका पंचायत निवासी 52 वर्षीय परमेश्वर सिंह को ग्राम सभा की ओर से एक कुएं की मरम्मत कार्य का जिम्मा दिया गया था। उन्होंने कार्य पूरा कर लिया था और उसके बाद बकाया राशि के भुगतान तथा अंतिम बिल पास कराने की प्रक्रिया चल रही थी।

आरोप है कि पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो ने बिल पास कराने के एवज में उनसे 8,000 की रिश्वत की मांग की थी। भ्रष्टाचार के आगे झुकने के बजाय परमेश्वर सिंह ने इस मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से की।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने मामले का गुप्त रूप से सत्यापन कराया।

# नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में 17 से अधिक खिलाड़ी जायेंगे आंध्र प्रदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले के उभरते तीरंदाज अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राज्यस्तरीय ट्रायल के बाद गयाजी जिले के 17 से अधिक खिलाड़ियों का चयन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 6 अप्रैल तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लेकर बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

तीरंदाजी कोच जय प्रकाश ने बताया कि ट्रायल पटना स्थित पाटलीपुत्रा स्पोर्टस क्लब में आयोजित किया गया था। इस ट्रायल में राज्यभर से 100 से अधिक तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर गया जिले के खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी अंडर-10, अंडर-13 और अंडर-15 वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



चयनित खिलाड़ियों को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक ने अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरे मनोयोग से खेलें और पदक जीतकर बिहार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मगध आर्चरी फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष अंजय कुमार और जिला खेल पदाधिकारी नीतू कुमारी ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।

अंडर-13 इंडियन राउंड (बालक वर्ग) में करण कुमार, रणबीर राज, गुलु कुमार, शुभम रॉय और मानस कुमार का चयन हुआ है।

बालिका वर्ग में सलोनी कुमारी, वैष्णवी करण, छोटी कुमारी और आकृति पांडेय को मौका मिला है। वहीं रिकर्व राउंड में बालक वर्ग से रुद्र प्रताप सिंह, अश्विन कुमार और सादिक शिद्दीकी का चयन हुआ है। रिकर्व राउंड के बालिका वर्ग में दिया कुमारी, आराध्या कुमारी और हर्षिका रानी का चयन हुआ है। कंपाउंड राउंड में सफा सिद्दीकी को जगह मिली है।

### पटना में हुआ राज्यस्तरीय ट्रायल


अंडर-10 रिकर्व राउंड में आदर्श कुमार और आरुष आजाद को चयनित किया गया है। इंडियन राउंड में ईशान सिंह, सक्षम पांडेय और मयंक राज शामिल हैं।

अंडर-15 बालक वर्ग में आदर्श कुमार, करण कुमार और रणबीर राज को चुना गया है। बालिका वर्ग में सलोनी कुमारी और वैष्णवी करण शामिल हैं।

वहीं रिकर्व राउंड में हर्षिका रानी, दिया कुमारी और आराध्या भारती का चयन हुआ है। बालक वर्ग में आर्यन कुमार, रुद्र प्रताप सिंह और नमन प्रभाकर भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्डकप जीत के बाद वैष्णों देवी पहुंचे

- फोटोज शेयर कीं, फाइनल में खेली थी 52 रन की पारी



**कटरा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में स्थित वैष्णो देवी मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन किए। अभिषेक शर्मा हाल ही में भारतीय टीम के साथ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।
टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक ने अपनी यात्रा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं और कैप्शन लिखा जय माता दी। फोटोज में वे सफेद कुर्ता-पायजामा पहने, माथे पर तिलक लगाए और हाथ जोड़कर दर्शन करते नजर आए।

**फाइनल में 52 रन की पारी खेली-** अभिषेक ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल से पहले के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और लगातार 3 बार शून्यू पर आउट हुए। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उन्होंने महज 21 गेंदों में 52 रन की पारी खेली।


**कोच-कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया-** भारत की जीत के बाद अभिषेक ने कहा, कोच और कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया। मैं खुद भी खुद पर शक कर रहा था क्योंकि यह टूर्नामेंट मेरे लिए आसान नहीं था। मैंने इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। अपना पहला वर्ल्ड कप खेल रहा था।

**अभिषेक नंबर-1 टी-20 बैटर-** टॉप-10 टी-20 बैटर्स की लिस्ट में 4 भारतीय शामिल हैं। इनमें अभिषेक नंबर-1, ईशान नंबर-2, तिलक वर्मा नंबर-7 और सूर्यकुमार यादव नंबर-9 पर हैं। तिलक वर्मा को एक और सूर्या को दो स्थान का नुकसान हुआ।

# जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी केकेआर की टीम में शामिल

- फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2026 से पहले साइन किया

**हरारे (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल-2026 से पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।
29 साल के इस तेज गेंदबाज ने टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की ओर से 13 विकेट झटके थे। वे अपनी टीम के टॉप विकेट टेकर्स रहे हैं। जिम्बाब्वे की टीम सुपर-8 स्टेज तक पहुंची थी।



**एक्स्ट्रा बाउंस से परेशान करते हैं मुजबानी-** 6 फीट 8 इंच लंबे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के आने से कोलकाता का पेसर बॉलिंग अटैक मजबूत होगा। उन्हें टी-20 में उनकी बाउंस और विकेट लेने के लिए जाना जाता है। मुजरबानी अपनी लंबाई और तेज गति के कारण एक्स्ट्रा बाउंस हासिल करते हैं, जिससे बल्लेबाजों के लिए उन्हें खेलना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**मुजरबानी ने 89 मैच में 106 विकेट झटके-** जिम्बाब्वे के इस तेज गेंदबाज के पास टी20 इंटरनेशनल का अच्छा अनुभव है। उन्होंने 89 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 106 विकेट झटके हैं। उनका गेंदबाजी औसत करीब 21 का है। इस फॉर्मेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 विकेट पर 17 रन है।

**अब तक कोई आईपीएल मैच नहीं खेला-** ब्लेसिंग मुजरबानी पहली बार भारतीय लीग के किसी मैच में हिस्सा लेंगे। उन्होंने अब तक आईपीएल का कोई भी मैच नहीं खेला है। उन्हें पिछले साल की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आखिरी के कुछ मैचों के लिए अपने साथ जोड़ा था, लेकिन उन्हें प्लेइंग-11 में हिस्सा नहीं मिला।

# गंभीर 2 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच

- गांगुली बोले-असली परीक्षा 2027 वर्ल्ड कप में होगी, टेस्ट क्रिकेट में पिच का मोह छोड़ना होगा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर अपना दूसरा आईसीसी खिताब हासिल किया। इससे पहले उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती थी। हालांकि पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का कहना है कि गंभीर की असली परीक्षा 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में होगी।

- **साउथ अफ्रीका की कंडीशन में होगी असली परीक्षा-** गांगुली ने एक इंटरव्यू में कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका में खेला जाएगा और वहां की परिस्थितियां टीम और कोच दोनों को चुनौती देंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि गंभीर मौजूदा टीम के साथ वहां भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने फाइनल तक अजेय सफर तय किया था, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। गंभीर ने 2011 में बतौर खिलाड़ी वर्ल्ड कप जीता था, अब उन पर बतौर कोच भारत को वनडे का विश्व विजेता बनाने का दबाव है।
- **रोहित-विराट के लिए आखिरी मौका हो सकता है 2027 वर्ल्ड कप-** 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भारत के दो दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह इन दोनों दिग्गजों



के करियर का आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है। ऐसे में गंभीर के कंधों पर इन दिग्गजों को एक यादगार विदाई दिलाने की जिम्मेदारी भी होगी।

## टेस्ट क्रिकेट में पिच को लेकर गांगुली की सलाह

गांगुली ने रेड बॉल यानी टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन सुधारने को लेकर भी गंभीर को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गंभीर को पिच के बारे में सोचना कम करना होगा। गांगुली ने कहा, उन्हें विकेट की चिंता अपने दिमाग से निकालनी होगी। इंग्लैंड सीरीज को ही देख लीजिए, वह पिच के बारे में कुछ नहीं कर सके और नतीजे सबके सामने हैं।

**टर्नर्स की जरूरत नहीं-** उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू मैदानों पर स्पिन की मददगार (टर्नर्स) पिचों पर खेलने की जरूरत नहीं है। अच्छी पिचें ही अच्छे नतीजे देंगी।

### गंभीर को थोड़ा समय दें, वह बेहतरीन कोच हैं-गांगुली

सौरव गांगुली ने गंभीर का समर्थन करते हुए कहा कि वह एक बहुत अच्छे कोच हैं। उन्होंने याद दिलाया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भी उन्होंने कहा था कि गंभीर को थोड़ा समय देने की जरूरत है। गांगुली के मुताबिक, व्हाइट बॉल कोच के रूप में वह बहुत अच्छे हैं, खासकर भारतीय परिस्थितियों में। उनके पास एक शानदार टीम है। आईपीएल 2026 के सीजन के बाद गंभीर का पूरा ध्यान टेस्ट और वनडे क्रिकेट पर रहेगा।

# टी-20 को नया मॉडल दे रही इंडिया

- लगातार जीत, कड़े फैसले, प्रयोग, कई मैच विनर, इससे बनी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीम



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट का स्वभाव हमेशा से अनिश्चित रहा है। यह वह फॉर्मेट है, जहां एक दिन की खराब बल्लेबाजी या एक ओवर की खराब गेंदबाजी पूरी कहानी बदल सकती है। यही वजह है कि टी-20 में लगातार दबदबा बनाना बेहद मुश्किल माना जाता है। लेकिन पिछले दो वर्षों में भारतीय टीम ने इस धारणा को चुनौती दी है। साल 2024 में भारत ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता था। उस जीत को कई विशेषज्ञों ने भारतीय टी20 क्रिकेट की नई शुरुआत बताया था। लेकिन असली कहानी दो साल बाद लिखी गई। मार्च 2026 में अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया। वर्ल्ड कप बचाने वाला और तीसरी बार ट्रॉफी जीतने वाला भारत पहला देश बना। लेकिन इन दो ट्रॉफियों से भी बड़ी कहानी यह है कि भारत ने पिछले दो वर्षों में टी20 क्रिकेट में एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जिसमें जीत किसी एक खिलाड़ी या एक मैच पर निर्भर नहीं रहती। यह टीम प्रयोग करती है, हर सीरीज में खिलाड़ियों को बदलती है, रणनीति में बदलाव करती है, लेकिन जीत का पैटर्न नहीं बदलता।

- **लगातार जीत का पैटर्न- दो वर्ल्ड कप के बीच सभी द्विपक्षीय सीरीज जीतीं-** भारत ने सभी 8 सीरीज और एशिया कप भी जीता। भारत ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप कोई मैच हारे बिना जीता था। यह लगातार जीत का पैटर्न उस टूर्नामेंट के बाद भी जारी रहा। पिछले वर्ल्ड कप से हाल ही में खत्म हुए वर्ल्ड कप के बीच भारत ने सभी आठों ?द्विपक्षीय सीरीज जीती। एशिया कप भी अपने नाम किया। इस दौरान टीम इंडिया ने 50 में से 41 टी-20 जीते हैं जबकि सिर्फ 7 हारे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों के अलावा जिम्बाब्वे, श्रीलंका, बांग्लादेश जैसी छोटी टीमों को भी द्विपक्षीय सीरीज में धूल चटाई।
- **कड़े और स्मार्ट फैसले- मैनेजमेंट ने 'नाम' के बजाय 'इम्पैक्ट' को चुना-** साल 2024 की जीत के बाद जब रोहित-विराट जैसे दिग्गज हटे, तो लगा कि वैक्यूम पैदा होगा। लेकिन टीम मैनेजमेंट ने 'नाम' के बजाय 'फॉर्म' और 'इम्पैक्ट' को ज्यादा तरजीह दी। कप्तानी के दावेदार माने जा रहे गिल को 2026 वर्ल्ड कप टीम से बाहर रखना दर्शाता है कि टीम अब 'टैक्टिकल फिट' और 'स्ट्राइक रेट' को ज्यादा तवज्जो दे रही है। गिल की जगह सैमसन को लाना व इशान की फॉर्म को स्वीकार करना इसका सबूत है। वर्ल्ड कप में जब टॉप ऑर्डर में

## द्रविड़ ने रखी नींव और लक्ष्मण की टैलेंट पाइपलाइन

इस डॉमिनेंस की नींव राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के समय रखी गई। गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव को एक सेट टीम मिली, जिसमें उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवाओं को शानदार तरीके से फिट किया। द्रविड़ ने टीम में एक विनिंग टेम्पलेट सेट किया और सीनियर खिलाड़ियों को निडर होकर खेलने की आजादी दी। लक्ष्मण ने एनसीए में बेंच स्ट्रेंथ तैयार की। अब भारत की 'बी' टीम भी इंटरनेशनल टीम को हराने का माद्दा रखती है। कोच गंभीर ने वर्ल्ड चैम्पियन बनने के बाद द्रविड़-लक्ष्मण को इस जीत का श्रेय भी दिया।

# इंडियन विमेंस हॉकी टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर के फाइनल में

- इटली को 1-0 से हराया, अब खिताब के लिए इंग्लैंड से भिड़ंत



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में भारतीय महिला टीम फाइनल में पहुंच गई है। हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने इटली को 1-0 से हराया।

मैच का एकमात्र गोल मनीषा चौहान ने 40वें मिनट में किया। फाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। मुकाबला शनिवार शाम 7:30 बजे खेला जाएगा।

**शुरुआती क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच रही कांटे की टक्कर-** मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमें मिडफील्ड में पोजीशन बनाने के लिए संघर्ष करती दिखीं।

- दूसरे क्वार्टर में भारत को मिले 3 पेनल्टी कॉर्नर, पर गोल नहीं हुआ
- दूसरे क्वार्टर में टीम इंडिया ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत की। मेजबान टीम ने मैदान के किनारों का इस्तेमाल करते हुए गेंद को आगे बढ़ाया और इटली के डी में लगातार हमले किए।
- 18वां मिनट में भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। नवनीत कौर ने सीधा शॉट लिया, जिसे इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने शानदार तरीके से बचा लिया।
- 27वां मिनट में भारत को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। टीम ने अलग वेरिएशन अपनाते हुए गेंद कप्तान सलीमा टेटे को दी, लेकिन उनका शॉट इटली के डिफेंडर ने गोल लाइन पर रोक दिया।

# दूसरा वनडे में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 128 रन से हराया

- सदाकत की फिफ्टी, 3 विकेट भी झटके, सलमान के रनआउट पर विवाद



**ढाका (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने वनडे सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 128 रन से हराया दिया है। इस जीत से टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 15 मार्च को मीरपुर में खेला जाएगा।

ढाका के शेर-ए-बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तानी टीम 47.3 ओवर में 274 रन पर ऑलआउट हो गई और मेजबान टीम को 275 रन का टारगेट दिया।

इसे बांग्लादेश की पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। ऐसे में टारगेट को रिवाइज करके 243 रन कर दिया गया। इसे चेज करते हुए बांग्लादेशी टीम 23.3 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच सदाकत माज ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 46 बॉल पर 75 रनों की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी झटके।

# इंडियन वेल्स के फाइनल में सबालेंका

- सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया, खिताब के लिए रायबकिना से होगी भिड़ंत

**यूक्रेन (एजेंसी)।** इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा 28 मिनट तक चला।

सबालेंका पिछले चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले वह यहां दो बार उपविजेता रह चुकी हैं।

अब फाइनल में उनका सामना कजाकिस्तान की एलिना रायबकिना से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में रायबकिना ने यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया।

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन की हार का बदला लेने का मौका-** सबालेंका के लिए यह फाइनल बेहद अहम है। साल 2026 में सबालेंका ने अब तक 13 मैच खेले हैं, जिनमें से 12 में उन्हें जीत मिली है। उनकी एकमात्र हार इसी साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना



रायबकिना के खिलाफ आई थी। ऐसे में रविवार को सबालेंका के पास न सिर्फ उस हार का बदला लेने का मौका होगा, बल्कि इंडियन वेल्स में अपने 0-2 के फाइनल रिकॉर्ड (दो बार रनर-अप रहना) को सुधारने की भी चुनौती होगी।

एलिना रायबकिना ने आर्यना सबालेंका को ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में हराकर पहली बार खिताब जीता था।

## सबालेंका ने ज्यादा मुकाबले जीते हैं

आर्याना सबालेंका और एलिना रायबकिना के बीच अब तक कुल 15 मुकाबले हुए हैं। इनमें सबालेंका का पलड़ा भारी है और उन्होंने 8 मैचों में जीत दर्ज की है। हालांकि, पिछले दो मुकाबलों में बाजी रायबकिना के हाथ लगी है।

## सबालेंका बोलीं-संडे के लिए पूरी तरह तैयार हूं

फाइनल को लेकर सबालेंका ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि रविवार के मैच के लिए मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और पूरी कोशिश करूंगी कि यह साल मेरा हो।

# भारतीय महिलाओं में क्रिकेट का क्रेज बढ़ा

## 2020 के मुकाबले भागीदारी दोगुनी, 15-24 उम्र की 16 प्रतिशत लड़कियां खेल रहीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत में महिलाओं के बीच क्रिकेट खेलने की संख्या तेजी से बढ़ी है। एक नए सर्वे के मुताबिक 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम की ओर से कराए गए इस सर्वे में 10 हजार से ज्यादा महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में जहां सिर्फ 5प्रतिशत महिलाओं ने क्रिकेट खेलने की बात कही थी, अब यह आंकड़ा बढ़कर 10 प्रतिशत हो गया है।

- **क्रिकेट को करियर चुन रहीं-** युवा महिलाओं में बढ़ोतरी और तेज है। 15 से 24 साल की 16प्रतिशत लड़कियां क्रिकेट खेलती हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 6 प्रतिशत



था। इसी उम्र वर्ग की हर चार में से एक लड़की ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने की बात भी कही है।

- **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने प्रभाव छोड़ा-** रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हाल की सफलताओं का भी असर दिख रहा है। टीम ने हाल ही में अपना पहला वनडे वर्ल्ड कप जीता और ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी-20 सीरीज में हराया। सर्वे में यह भी सामने आया कि महिलाओं के बीच क्रिकेट अब पारंपरिक खेल कबड्डी से काफी आगे निकल गया है। 2020 में दोनों खेलों के बीच अंतर कम था, लेकिन अब क्रिकेट आगे है।
- **यूपी में 10 प्रतिशत महिलाएं क्रिकेट खेल रहीं-** ज्यादातर राज्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में तो यह आंकड़ा 1प्रतिशत से बढ़कर 10प्रतिशत तक पहुंच गया है। साथ ही पुरुष और महिला खिलाड़ियों के बीच का अंतर भी कम हुआ है। अब हर एक महिला खिलाड़ी पर तीन पुरुष खिलाड़ी हैं, जबकि 2020 में यह अनुपात एक के मुकाबले पांच था।
- **पंजाब में बैडमिंटन में महिलाएं आगे-** सर्वे में यह भी बताया गया कि बैडमिंटन में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, खासकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं अब भी एक बड़ी बाधा हैं। जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा को वजह बताया।
- **भारतीय विमेंस ने पहली बार वर्ल्डकप जीता-** भारत ने 2 नवंबर को साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराते हुए विमेंस वर्ल्डकप में अपना पहला टाइटल जीता था। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वालीं दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।

# नमन अवॉर्ड्स 2026 -बीसीसीआई करेगा भारतीय दिग्गजों का सम्मान

- टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम भी होगी सम्मानित



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम को सम्मानित करने जा रहा है। कप्तान सूर्यकुमार की अगुवाई में खिताब जीतने वाली टीम को 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नमन अवॉर्ड्स 2026 समारोह में सम्मान मिलेगा। इस समारोह की खास बात यह है कि पहली बार एक साथ उन सभी भारतीय टीमों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने हाल के समय में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं।

**भारत ने रचा था इतिहास-** कोच गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर इतिहास रच दिया था। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया था। यह मुकाबला नरेंद्रमोदी स्टेडियम में 8 मार्च को खेला गया था।

# नबी करीम मेट्रो स्टेशन पर होगा अनोखा इन-लाइन इंटरचेंज, यात्रियों को मिलेगी बड़ी सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क में पहली बार एक ही लाइन पर यात्री ट्रेन बदल सकेंगे। फेज चार और पांच (ए) में बन रहे मजेंटा लाइन के दो कॉरिडोर का निर्माण पूरा होने के बाद नबी करीम मेट्रो स्टेशन अपने तरह का यह अनूठा इंटरचेंज वाला स्टेशन बन जाएगा। इस स्टेशन पर 32 सौ कार की क्षमता वाला पार्किंग क्षेत्र बनाया जाएगा। आमतौर पर इंटरचेंज स्टेशन दो अलग-अलग रंगों की लाइनों को जोड़ते हैं, लेकिन नबी करीम स्टेशन पर मजेंटा लाइन के ही दो अलग-अलग कॉरिडोर एक दूसरे को क्रास करेंगे। पहले स्तर पर यह जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ विस्तार का हिस्सा होगा। इसके साथ ही यह स्टेशन इंदरलोक से इंद्रप्रस्थ तक होने वाले मजेंटा लाइन के विस्तार का भी हिस्सा होगा। इस तरह बाटनिकल गार्डन से जनकपुरी पश्चिम, आरके आश्रम, इंद्रप्रस्थ होते हुए इंदरलोक तक के पूरे रूट में नबी करीम स्टेशन दो बार आएगा। यह एक अनूठा इन-लाइन इंटरचेंज होगा। बॉटनिकल गार्डन की तरफ से आने वाले यात्री यहां उतरकर इंद्रलोक या शिवाजी स्टेडियम पहुंच सकते हैं। वहीं, इसी तरह इंद्रलोक के यात्री यहां पर ट्रेन बदल बाटनिकल गार्डन की तरफ यात्रा कर सकेंगे। 11.9 किमी लंबा इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर को पहले ग्रीन लाइन का (कीर्ति नगर/इंद्रलोक से ब्रिगेडियर होशियार सिंह) का विस्तार में शामिल किया गया था। डीएमआरसी ने इसे बदलकर मजेंटा लाइन (बॉटनिकल गार्डन से जनकपुरी पश्चिम) के विस्तार में शामिल किया है।



### चार मंजिल भूमिगत और आठ मंजिल ऊपर होगा स्टेशन

डीएमआरसी का कहना है कि नबी करीम मेट्रो स्टेशन आधुनिक इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना होगा। पूरा मेट्रो स्टेशन परिसर लगभग 26,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला होगा। यह भूमिगत और भूमि के ऊपर दो हिस्सों में स्टेशन परिसर बंटा हुआ होगा। चार मंजिल भूमिगत होंगे। वहीं, जमीन के ऊपर आठ मंजिल का भवन होगा। ऊपर की दो मंजिलों का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। शेष मंजिलों पर पार्किंग की सुविधा होगी, जिसमें लगभग 32 सौ कारें खड़ी हो सकेंगी। मेट्रो स्टेशन के ऊपर विकसित होने वाली इन सुविधाओं के लिए डीएमआरसी और दिल्ली नगर निगम के बीच एक समझौता हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मालवीय नगर थाना क्षेत्र स्थित सतपुला पार्क में आठ मार्च को मणिपुर की युवती की कथित पिटाई के मामले का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मित्र के साथ शाम के समय टहल रही मणिपुर की रहने वाली युवती पर कुछ लड़कों ने टिप्पणी की थी, जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। हालांकि पुलिस ने अगले ही दिन घटना में शामिल चारों नाबालिग आरोपितों को पकड़ लिया था। आयोग के मुताबिक घटना पीड़िता के मानवाधिकारों के उल्लंघन का एक गंभीर मामला है। मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को एक नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट में पीड़िता के स्वास्थ्य की स्थिति और जांच की प्रगति भी तलब की है।

### पीएम मोदी को अपना 56 इंच का सीना याद आया, लेकिन ईरान पर हमले की निंदा नहीं की: ओवैसी

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर हमले की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि वे इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की पारंपरिक तटस्थ नीति का पालन नहीं कर रहे हैं। मक्का मस्जिद में सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की, लेकिन यह सिर्फ गैस और पेट्रोल के मुद्दे पर था, जबकि ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई शिया समुदाय के नेता थे।असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसा कि पीएम मोदी को अचानक अपना 56 इंच का सीना याद आ गया, लेकिन हमले की निंदा नहीं की। ओवैसी ने पूछा कि भारत ऐसा क्यों कर रहा है और मोदी को ईरान पर हमले, साथ ही दोहा, दुबई, बहरीन और कुवैत में हुई घटनाओं की भी निंदा करनी चाहिए। ओवैसी ने कहा कि पीएम मोदी को ट्रंप और नेतन्याहू के साथ बैठने की बजाय अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि भारत पिछले 80 वर्षों से तटस्थ रहा है और हमेशा फिलिस्तीनियों का समर्थन करता आया है।

### एलपीजी संकट से नौकरियों पर भी आफत

**नई दिल्ली।** ईरान-अमेरिका-इजरायल संघर्ष के कारण भारत में एलपीजी गैस की भारी किल्लत हो गई है। सिलेंडर की कीमतें 5000 तक पहुंच गई हैं, कालाबाजारी चरम पर है और देशभर में होटल-रेस्तरां बंद हो रहे हैं। जानें इस संकट से कैसे प्रभावित हो रहा है आम जनजीवन। ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे मौजूदा संघर्ष के कारण देश भर में रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की भारी किल्लत हो गई है। इस संकट ने न सिर्फ आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है, बल्कि रोजगार, व्यापार और रोजमर्रा के जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। गैस की कमी के चलते कालाबाजारी, चोरी, होटलों द्वारा मनमाने दाम वसूलने और रेस्तरां बंद होने जैसी कई गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं।तमिलनाडु में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी हो रही है। सिलेंडर दोगुने दाम पर बिक रहा है। सामान्य तौर पर 1,400 रुपये में मिलने वाला सिलेंडर अब सीधे 2,800 रुपये में बेचा जा रहा है। गैस संकट के कारण केरल में लगभग 40% और कर्नाटक में 30% छोटे-बड़े भोजनालय अस्थायी रूप से बंद हो गए हैं, जिससे रोजगार पर भी संकट मंडरा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नागपुर के पास हिंगना औद्योगिक एस्टेट में 70% से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने कमर्शियल एलपीजी पर प्रतिबंध और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण अपने कामकाज में भारी कठिनाइयों की बात कही है। तमिलनाडु में उपभोक्ता हेल्पलाइन पर चाय की दुकानों और होटलों द्वारा गैस की किल्लत का हवाला देकर ग्राहकों से ज्यादा पैसे वसूलने की 70 शिकायतें दर्ज की गई हैं। संकट इतना गहरा गया है कि तिरुवनंतपुरम के चलाई बाजार इलाके में एक होटल से कमर्शियल गैस सिलेंडर चुराते हुए एक चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

# संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाली नीलम आजाद को दिल्ली एचसी ने दी राहत

### जमानत शर्तों में किया संशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद सुरक्षा में सेंधमारी मामले में आरोपित नीलम आजाद की जमानत की शर्तों में दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को संशोधन किया। जमानत शर्तों में संधोशन की मांग वाली नीलम की अर्जी पर अदालत ने उन्हें एलएलबी की प्रवेश परीक्षा देने के लिए दिल्ली छोड़ने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद व न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने नीलम की जमानत की शर्तों में बदलाव करते हुए उन्हें प्रवेश परीक्षा की तारीख के बारे में जांच अधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने दो जुलाई 2025 को नीलम आजाद को जमानत देते हुए बगैर अदालत की अनुमति के दिल्ली छोड़ने पर रोक लगाई थी। नीलम आजाद ने आवेदन दाखिल कर अनुरोध किया कि वह एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा में अपने पैतृक गांव जाकर वहां रहना चाहती हैं। नीलम ने यह भी कहा कि वह एलएलबी की पढ़ाई करना चाहती हैं और इसके लिए उन्हें प्रवेश परीक्षा देनी होगी, जो दिल्ली के बाहर भी हो सकती है। उनके वकील ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि वह जमानत की सभी शर्तों का पालन कर रही हैं। अदालत ने नीलम अपने पैतृक गांव जाकर वहां रहने की भी अनुमति दी और उनसे हर महीने की पंद्रह तारीख को स्थानीय पुलिस थाने में हाज़िरी देने को कहा। अ दालत ने आदेश में उन्हें हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 10 बजे स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया था। दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि इस मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है और जांच पूरी हो चुकी है। 2001 के संसद आतंकी हमले की बरसी पर आरोपित सागर शर्मा और मनोरंजन डी ने संसद सत्र के जीरो आवर के दौरान संसद भवन के अंदर पब्लकि गैलरी से लोकसभा चैंबर में छलांग लगा दी थी और स्प्रे-कंटेनर से रंगीली गैस छोड़ी थी। वहीं दूसरी तरफ नीलम आजाद सहित एक अन्य आरोपित ने उसी समय संसद भवन के बाद विरोध-प्रदर्शन करते हुए स्प्र-कंटेनर से रंगीली गैस छोड़ी थी।



# एलपीजी संकट के बीच दिल्ली की अटल कैंटीनों पर बढ़ा दबाव

### 3 दिन से यहां खाना खाने वालों में 10% का इजाफा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी संकट के दौर में पिछले तीन दिन से अटल कैंटीन में खाना खाने वालों की संख्या में उछाल देखने को मिला है। बाहरी दिल्ली क्षेत्र की कई कैंटीन में खाना खाने के लिए पहुंचने वालों की संख्या में 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इस कारण, कई जगहों पर निर्धारित समय से पहले खाना खत्म होने की बात भी सामने आ रही है। कैंटीन प्रबंधकों का कहना है कि भोजन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है, फिर भी वे सभी को खाना परोसने की कोशिश कर रहे हैं। रसोई गैस की कमी के बीच दैनिक ने करीब आधा दर्जन अटल कैंटीन का दौरा किया। अधिकतर जगह लोगों की कतार देखने को मिलीं। शुक्रवार मध्याह्न 12:40 बजे मंगोलपुरी एम-ब्लाक स्थित अटल कैंटीन के बाहर लोग टोकन के लिए कतार में खड़े नजर आए। कैंटीन प्रबधंक कुलविंद्र सिंह ने बताया कि आमतौर पर यहां प्रतिदिन साढ़े छह सौ से सात के बीच लोग भोजन करते रहे हैं, लेकिन अब दो दिन के भीतर 70 से 100 लोग बढ़ गए हैं। इसी तरह मंगोलपुरी में जी-ब्लाक स्थित अटल कैंटीन में भी भोजन के लिए आने वाले लोगों की संख्या पिछले दो-तीन दिन में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ी है। कुलविंद्र सिंह ने बताया कि कैंटीन में खाना नहीं बनाया जाता है, उनके यहां खाना रणहौला से बनकर आता है। बाहरी रिंग रोड पर हैदरपुर गांव के पास संचालित अटल कैंटीन में दोपहर ढाई बजे पहली शिफ्ट का काम खत्म होने के बाद सफाई की जा रही थी। यहां के कैंटीन कर्मचारी ने बताया कि खाना बाहर से बनकर आता है, इसलिए रसोई गैस की कमी का यहां कोई असर नहीं है। खाना पहले भी बनकर आता था और आज भी आ रहा है। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से कैंटीन में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। इस कारण, कभी-कभार समय से पहले खाना खत्म हो जाता है।

**अन्य कैंटीन में अभी नहीं पड़ा असर:** राजेंद्र नगर के इंद्रपुरी स्थित बुध नगर के बी-ब्लाक में बने अटल कैंटीन में कार्यरत कर्मचारी अजय शर्मा ने बताया कि एलपीजी संकट का प्रभाव अभी नहीं पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों को पहले की तरह ही दो वक्त का खाना दिया जा रहा है। भोजन की मात्रा और मेन्यू भी लोगों को पूरा परोसा जा रहा है। नारायण इंडस्ट्रियल एरिया के शिवाजी पार्क में बने अटल कैंटीन में भी लोगों को पूरा भोजन दिया जा रहा है। अभी एलपीजी संकट का कैंटीन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। वे मंगोलपुरी जी-ब्लाक अटल कैंटीन में काफी समय से खाना खाने आते हैं। एक-दो दिन से कैंटीन में आने वालों की संख्या बढ़ी है।

### सोशल मीडिया पर छिड़ा आइल वार: कैलिफोर्निया के गवर्नर ने राष्ट्रपति के फैसले को बताया मजाक, वायरल हुआ मीम

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी राजनीति में एक बार फिर भू-राजनीतिक फैसलों को लेकर घमासान शुरू हो गया है। हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस के साथ तेल व्यापार के नियमों में और अधिक ढील देने के फैसले ने घरेलू स्तर पर विवाद खड़ा कर दिया है। इस फैसले के तुरंत बाद कैलिफोर्निया के गवर्नर ने सोशल मीडिया पर एक स्द्भद्द साझा कर राष्ट्रपति की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन की नीतियों की आलोचना करने के लिए डिजिटल व्यंग्य का सहारा लेते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। उनका यह पोस्ट काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

#### क्या है पूरा विवाद

राष्ट्रपति ट्रंप ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने और आपूर्ति को स्थिर करने के तर्क के साथ रूस से तेल आयात के मानकों को बनाने का फैसला लिया है। विपक्ष और कई राज्यों के प्रमुखों का मानना है कि यह कदम न केवल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से विवादास्पद है, बल्कि इससे पर्यावरण और सुरक्षा से जुड़े मानकों पर भी असर पड़ सकता है।

# अमेरिका-द. कोरिया को धमकी के बाद एक्शन में सनकी किंग, उत्तर कोरिया ने दागी 10 बैलिस्टिक मिसाइलें

**प्योंगयांग एजेंसी।** उत्तर कोरिया के सनकी किंग मि जोंग उन ने अपने पूर्वी समुद्र की ओर कम से कम 10 मिसाइलें दागीं। शुरुआती जानकारी में एक प्रक्षेपास्त्र÷ की बात कही गई थी, लेकिन बाद की रिपोर्टों में कहा गया कि 10 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। ये लॉन्च सुनान क्षेत्र से लगभग दोपहर 1ः20 बजे के आसपास दर्ज किए गए। दक्षिण कोरिया की सेना के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने पहले केवल इतना कहा था कि एक अज्ञात प्रक्षेपास्त्र पूर्व दिशा में छोड़ा गया है। बाद में स्थानीय और क्षेत्रीय रिपोर्टों में साफ हुआ कि यह केवल एक नहीं, बल्कि कई मिसाइलों का प्रक्षेपण था।

**प्रक्षेपण अभी क्यों अहम :** यह लॉन्च ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास 26 चल रहा है। यह अभ्यास 9 मार्च से 19 मार्च 2026 तक निर्धारित है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया इसे रक्षा-उन्मुख और संयुक्त तैयारी का अभ्यास बताते हैं, लेकिन उत्तर कोरिया लंबे समय से इन्हें अपने खिलाफ ÷हमले की रिहर्सल÷ कहता आया है।

**उत्तर कोरिया पहले ही चेतावनी दे चुका :** इस प्रक्षेपण से कुछ दिन पहले, उत्तर कोरिया की वरिष्ठ नेता किम यो जोंग ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यासों को ÷उकसाने वाला÷ बताया था और कहा था कि इससे ÷भयानक परिणाम÷ हो सकते हैं। शनिवार का मिसाइल लॉन्च उसी चेतावनी के बाद आया है, इसलिए इसे सीधे सैन्य और राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

**जापान ने निगरानी बढ़ाई:** जापान की ओर से भी निगरानी बढ़ाई गई और रिपोर्टों में कहा गया कि प्रक्षेपास्त्र जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरा।

इस घटना ने पूर्वी एशिया में सुरक्षा चिंता फिर बढ़ा दी है, खासकर तब जब उत्तर कोरिया पहले से अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेज कर चुका है। 2019 में अमेरिका-उत्तर कोरिया वार्ता टूटने के बाद से कूटनीतिक रास्ता लगभग ठप पड़ा है। इस बीच प्योंगयांग ने अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाई है और रूस के साथ उसके संबंध भी गहरे हुए हैं। ऐसे माहौल में हर नया मिसाइल परीक्षण केवल सैन्य घटना नहीं, बल्कि रणनीतिक दबाव की चाल भी माना जाता है।



# थाईलैंड की के दफ्तरों में अब टाई-सूट नहीं

### हाफ पैंट और टी-शर्ट पहनकर काम कर रहे कर्मचारी

**क्वालालंपुर, एजेंसी।** थाईलैंड की गलियों और दफ्तरों का नजारा इन दिनों पूरी तरह बदल गया है। जहां पहले अधिकारी सूट और टाई में नजर आते थे अब वे हाफ पैंट और टी-शर्ट पहनकर काम कर रहे हैं। यह कोई फैशन ट्रेंड नहीं है बल्कि ग्लोबल एनर्जी क्राइसिस (वैश्विक ऊर्जा संकट) से निपटने का थाई सरकार का एक व्यावहारिक मास्टर प्लान है।

**क्यों बंद हुआ सूट-टाई का दौर:** थाईलैंड अपनी बिजली पैदा करने के लिए बड़े पैमाने पर प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल पर निर्भर है। मिडिल ईस्ट और अन्य क्षेत्रों में जारी युद्ध के कारण ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। सप्लाई चेन टूटने से देश में बिजली का संकट गहरा गया है।

थाईलैंड एक उष्णकटिबंधीय देश है जहां दफ्तरों में एयर कंडीशनर के बिना काम करना नामुमकिन है। सबसे ज्यादा बिजली एसी चलाने में ही खर्च होती है। सरकार ने बिजली बचाने के लिए दो बड़े कदम उठाए हैं। एसी का तापमान बढ़ाकर 26-27 डिग्री कर दिया गया है। कुछ समय के लिए एसी का इस्तेमाल न्यूनतम करने का आदेश दिया गया है।

**गर्मी का समाधान-हाफ पैंट कल्चर:** बिना एसी या कम कूलिंग में कोट-पैंट पहनकर काम करना कर्मचारियों के लिए किसी टॉर्चर से कम नहीं होता। पसीने और घबराहट से बचने के लिए सरकार ने आधिकारिक तौर पर कैजुअल ड्रेस कोड यानी हाफ पैंट और शर्ट की अनुमति दे दी है। हल्का और आरामदायक पहनावा शरीर को ठंडा रखता है जिससे कर्मचारी बिना एसी के भी काम पर ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं।


**करोड़ों यूनिट बिजली बचाने का लक्ष्य:** थाई सरकार का मानना है कि इस छोटे से बदलाव से पूरे देश में करोड़ों यूनिट बिजली की बचत की जा सकती है। केवल 1 या 2 डिग्री तापमान बढ़ाकर और ड्रेस कोड में ढील देकर नेशनल ग्रिड पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा रहा है।



# अमेरिका में एसआईआर जैसा कानून

### वोट करने के लिए देना होगा नागरिकता का सबूत, ईरान जंग के बीच ट्रंप ला रहे सेव एक्ट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की ट्रंप सरकार, ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए आलोचकों के निशाने पर है। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी ट्रंप प्रशासन घिरा हुआ है और इसकी वजह है स्ड्डश्च कानून। इस कानून के तहत अमेरिका में भी अब लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए अपनी नागरिकता का सबूत देना होगा। यह भारत की एसआईआर प्रक्रिया जैसा ही है। यही वजह है कि इसकी तुलना एसआईआर से की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वे अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं। अभी अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया एक संघीय प्रणाली है जिसमें संविधान प्रत्येक राज्य को अपने-अपने तरीके से चुनाव कराने की छूट देता है। हालांकि अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि अमेरिकी कांग्रेस चुनाव नियमों में बदलाव कर सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप अपने विधायी बहुमत के दम पर चुनाव प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में बदलाव के बाद रिपब्लिकन पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहेगा।



# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या ने की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में अनुसूचित जनजातियों के लिए लागू संवैधानिक संरक्षोपायों तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याण एवं विकास योजनाओं की जिले में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन करना तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा सहित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निदेशक वाई. पी. यादव, सहायक निदेशक राहुल यादव, विधि सलाहकार सोनल राज तथा विवेक कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।






### विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

डॉ आशा लकड़ा ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, समाज कल्याण, विद्युत, कौशल विकास एवं आजीविका, नगर निगम/नगर परिषद, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), कृषि, डीएमएफटी, पशुपालन, मत्स्य, आपूर्ति तथा वन विभाग सहित कई विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुसूचित जनजाति समुदाय के लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

### बोकारो को टीएसपी जिला नहीं होने से कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता : उपायुक्त

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बोकारो टीएसपी जिला नहीं है, जिसके कारण यहां के आदिवासी समुदाय को कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने इस संबंध में माननीय सदस्य से अनुरोध किया कि इस विषय को ट्राइबल अफेयर्स मंत्रालय के समक्ष रखा जाए, ताकि जिले के आदिवासी समुदाय को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। उपायुक्त ने यह भी बताया कि जिले में कई आदिवासी बहुल गांव हैं। इन गांवों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को देखते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचना के निर्माण की दिशा में भी पहल किए जाने की आवश्यकता है। इस पर माननीय सदस्य ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उधर, उपायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से सोलर लाइट की व्यवस्था करने तथा मधुमक्खी पालन (बीकीपिंग) जैसी योजनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में पहल की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ लोगों को आजीविका के अतिरिक्त अवसर भी प्राप्त होंगे।

### दिव्यांगजनों के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश

बैठक के दौरान दिव्यांगजनों के कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए सदस्य ने निर्देश दिया कि पुनः जिले में विशेष अभियान चलाकर दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड निर्गत किए जाएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं, पेंशन और अन्य सुविधाओं का लाभ सहजता से प्राप्त हो सके।

### आश्रम विद्यालयों की मरम्मत और छात्रावासों में सुविधाओं में सुधार

कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम विद्यालय की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न कॉलेजों के छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हेतु आरओ लगाने तथा वार्डन की नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

### गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सदस्य ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि जिले में पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए। जल मीनारों, पाइपलाइन तथा अन्य जलापूर्ति संरचनाओं की मरम्मत समय पर कराई जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

### स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान को बढ़ावा देने के निर्देश

चास नगर निगम को राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया, ताकि आम नागरिकों एवं यात्रियों को सुविधा मिल सके। साथ ही, कृषि विभाग को वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर खुले स्थानों पर व्यापक पौधारोपण अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे उपलब्ध कराए जाएं तथा उनके संरक्षण के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने वन और कल्याण विभाग को कहा कि यदि कोई लंबित एफआरए का मामला है तो वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाएं, खासकर बैदकारो और आसपास के इलाकों में।

### पंचायत स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने का निर्देश

जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पंचायत मुखिया द्वारा प्रत्येक तीन माह में पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित कराई जाए। इससे स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी।

### श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर

श्रम विभाग को निर्देश दिया गया कि खेतों में श्रमिक के रूप में कार्य करने वाले मजदूरों को भी श्रमिक कल्याण योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें सामाजिक सुरक्षा और अन्य लाभ मिल सकें।

### महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर बल

सदस्य ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अधिक से अधिक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ने का निर्देश दिया, ताकि महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलें और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं हुनरमंद बन सकें।

### युवाओं को साइबर अपराध और एआई के दुरुपयोग से जागरूक करने की पहल

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अभियान चलाकर युवाओं को साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के संभावित दुरुपयोग के प्रति जागरूक किया जाए तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए।

### आदिवासी पारंपरिक पदधारकों का सम्मान सुनिश्चित करने के निर्देश

जिले के आदिवासी गांवों में मानकी मुंडा, मांझी बाबा, जोग मांझी, भगलोन और गुड़ैत जैसे पारंपरिक पदधारकों की पहचान कर उन्हें सम्मान राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही आदिवासी आस्था स्थलों जैसे जाहेर थान, सरना स्थल और कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

### विस्थापित गांवों को पंचायत में शामिल करने की पहल

बैठक के दौरान जिला के 19 विस्थापित गांवों को पंचायत में शामिल करने की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया, ताकि वहां के निवासियों को पंचायत स्तर की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक के अंत में सदस्य ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से अनुसूचित जनजाति समुदाय के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने समीक्षा बैठक के संचालन पर संतोष व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने दिया।

# बोकारो इस्पात संयंत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में आज 14 मार्च को 'राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस' के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन के साथ अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पी. के. रथ, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता , अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा/स्वास्थ्य सेवा) डॉ. बी.बी. करुणामय तथा कार्यकारी अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री एस. के. भारद्वाज उपस्थित रहे. सुरक्षा अभियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संयंत्र के उन विभागों और कर्मियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सुरक्षा, गृह सज्जा (हाउसकीपिंग) तथा परिक्षेत्रीय विकास (टेरिटरी अप-कीप) में उत्कृष्ट भूमिका निभाई है. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. सुरक्षा और हाउसकीपिंग श्रेणी के अंतर्गत ग्रुप-1 में आरएमएचपी को विजेता तथा कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग को उप-विजेता का पुरस्कार दिया गया. ग्रुप-2 में एसएमएस-2 एवं सीसीएस ने प्रथम तथा एसएमएस-न्यू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. ग्रुप-3 में सीआरएम-3 को विजेता और हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को उप-विजेता घोषित किया गया. ग्रुप-4 में जल प्रबंधन विभाग (डब्ल्यूएमडी) ने बाजी मारी, जबकि ट्रैफिक विभाग उप-विजेता रहा. इसी प्रकार ग्रुप-5 में आरईडी और ग्रुप-6 में आरसीएल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. परिक्षेत्रीय विकास (टेरिटरी अप-कीप) के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, टीबीएस और आरएमपी विभाग को पुरस्कृत किया गया. साथ ही, सी एंड आई टी, मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, नगर प्रशासन तथा जनसंपर्क विभाग विभाग को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया. बौद्धिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में वरीय प्रबंधक (आई एंड ए) पुष्पवंत कुमार ने प्रथम, उप महाप्रबंधक (ईसीएस) नितेश रंजन ने द्वितीय तथा वरीय प्रबंधक उत्सव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. महिला वर्ग में वरीय प्रबंधक आभा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से सुरक्षा का संदेश देने वाले प्रतिभागियों और इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले अधिकारियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया.

# तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 48,888 मामलों का निष्पादन



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर आज तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 48,888 मामलों का निष्पादन कर लगभग तेरह करोड़ रुपए की समझौता राशि वसूल किया गया। जानकारी के अनुसार व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली विभाग के 13,686 मामले में लगभग दस करोड़ अस्सी लाख रुपए, बैंक विभाग के 339 मामलों में एक करोड़ अट्ठासी लाख रुपए, चेक बाउंस के 18 मामले में लगभग उन्नीस लाख रुपए, उत्पाद विभाग के एक मामलों में लगभग एक हजार रुपए, अनुमंडल पदाधिकारी न्यायालय के 62 मामले, सहित प्री लिटिगेशन के मामलों सहित अन्य कई विभाग के मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए 3 बेंच का गठन किया गया था। इसकी पहले बेंच पर जिला जज प्रथम फहीम किरमानी एवं अधिवक्ता गिरिवर कुमार महतो, दूसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय और अधिवक्ता प्रशांत पाल तथा तीसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल एवं अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा मौजूद थे। उक्त जानकारी बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह व्यवहार न्यायालय तेनुघाट के एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

# बाईसी में गूंजेगा जय परशुराम का उदघोष, मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां तेज



**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परशुराम सेवा समाज, बाईसी के तत्वावधान में आगामी अप्रैल माह में धार्मिक अनुष्ठान होने जा रहा है। श्री श्री भगवान परशुराम एवं श्री श्री संकटमोचन हनुमान जी के नवनिर्मित मंदिरों की प्राण-प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक किया जाएगा। महायज्ञ और यज्ञ मंडप के निर्माण कार्य को गति देने के लिए आज मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन एवं देव पूजन संपन्न हुआ। मुख्य पुरोहितः वाराणसी से पधारे आचार्य केशव प्रसाद मिश्रा, निखिल चंद्र मिश्रा एवं पंडित धनंजय शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान बाईसी समाज के अध्यक्ष उमेशचंद्र शर्मा ने सपरिवार देव पूजन कर अनुष्ठान का संकल्प लिया। वर्तमान में मंदिरों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। दर्जनों कुशल कारीगर और मजदूर दिन-रात एक कर भव्य संरचना को मूर्त रूप देने में जुटे हैं। इस पावन अवसर पर सेवा समिति के संरक्षक मृत्युंजय शर्मा, उपाध्यक्ष गयाराम सिंह चौधरी, सचिव सपन माहथा और कोषाध्यक्ष कृष्ण कान्त माहथा सहित समाज के दुर्योधन सिंह चौधरी, राजदेव माहथा, सुनील चौधरी, संजय चौधरी, अशोक शर्मा, अधिवक्ता दिनेश शर्मा, बधन शर्मा, निमाई लाल माहथा, बासुकी नाथ माहथा, सपन कुमार माहथा, दयाल सिंह चौधरी और वैद्यनाथ माहथा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महोत्सव सप्ताह का हुआ समापन

## महिलाएं निर्णय लेने की भूमिका में आएं, वह अपने को कमजोर नहीं समझेः उपायुक्त





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को समाहरणालय सभागार में महिला महोत्सव सप्ताह का भव्य समापन आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल हों और कभी अपने आप को कमजोर नहीं समझें। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार में महिलाओं को सम्मान और विशेष स्थान देना आवश्यक है।

### महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

उपायुक्त ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाएं गंगा के समान पवित्र होती हैं। महिला होने पर गौरव महसूस कीजिए। अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहें और कभी भी अपने आत्मविश्वास को कम मत समझें। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर की महिलाओं को स्पेश दें और कभी भी आक्रोश के साथ उनका व्यवहार नहीं करें।

### समानता और सम्मान का दिया संदेश

कार्यक्रम में महिलाओं को उनके योगदान के लिए मेडल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सूचिता किरण, बाल संरक्षण पदाधिकारी अनिता झा आदि ने अपने व्यक्तिगत और पेशेवर अनुभव साझा किए, जिससे अन्य महिलाओं को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला। महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना और समाज में उनके योगदान को मान्यता देना है। सप्ताह भर महिला महोत्सव के तहत हुए कार्यक्रम का वीडियो दिखाया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुमन गुप्ता ने दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला परिवहन पदाधिकारी मारूति मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, महिला पर्वेक्षिका, समाहरणालय में कार्यरत सभी महिला कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता में बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम ने लहराया परचम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास नेटवर्क एनएचआरडी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 'इनक्विजिशन क्विज-2026' के प्रथम संस्करण में बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम ने अपनी बौद्धिक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए द्वितीय उप-विजेता का स्थान प्राप्त किया है. इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीएसएल का प्रतिनिधित्व सहायक महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटी) एस. डब्ल्यू. किस्पोट्टा और सहायक महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) आनंद राज ने किया. यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता अत्यंत चुनौतीपूर्ण और बहु-चरणीय थी, जिसकी शुरूआत अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन प्रिलिम्स से हुई. इसमें देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों की 160 से अधिक टीमों ने भाग लिया था. प्रिलिम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर देशभर से शीर्ष 24 टीमों का चयन जोनल फाइनल के लिए किया गया, जिन्हें चार क्षेत्रों (जोन्स) में विभाजित किया गया था. उत्तर क्षेत्र से प्रतिभाग करते हुए बीएसएल की टीम ने शीर्ष दो में स्थान बनाकर नई दिल्ली में 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल ग्रैंड फिनाले के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया. नई दिल्ली में आयोजित ग्रैंड फिनाले में प्रत्येक जोन की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों सहित कुल 8 दिग्गज टीमों ने हिस्सा लिया. पाँच अत्यंत कड़े और रोमांचक राउंड्स के पश्चात श्री एस. डब्ल्यू. किस्पोट्टा और श्री आनंद राज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उप-विजेता का खिताब अपने नाम किया. इस प्रतियोगिता में टीसीएस विजेता तथा ईएंडवाई उप-विजेता रही. अन्य फाइनलिस्ट टीमों में भारतीय रिजर्व बैंक, सेल-एमटीआई, एलएंडटी, आईओसीएल और एचपीसीएल जैसी बड़ी संस्थाएं शामिल थीं. बोकारो इस्पात संयंत्र की इस उल्लेखनीय सफलता ने राष्ट्रीय स्तर पर सेल की बौद्धिक क्षमता और पेशेवर उत्कृष्टता की छवि को और अधिक सुदृढ़ किया है. इस प्रकार की उपलब्धियाँ न केवल कार्मिकों के मनोबल में वृद्धि करती हैं, बल्कि संयंत्र के भीतर निरंतर ज्ञानार्जन और सीखने की संस्कृति को भी बढ़ावा देती हैं. ॅ

# रामनवमी - ईद पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

## जुलूस के झंडे की ऊंचाई तय सीमा में रखें, सभी समुदाय आपस में मिलकर मनाएं पर्व





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी रामनवमी - ईद पर्व 2026 के मद्देनजर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंद सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में दोनों पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### झंडे की ऊंचाई तय सीमा में रखने का निर्देश, सभी समुदाय मिलकर मनाएं पर्वः डीसी

रामनवमी को लेकर आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान लगाए जाने वाले झंडों की ऊंचाई निर्धारित सीमा के भीतर ही रखी जाए, ताकि किसी प्रकार की सुरक्षा या यातायात संबंधी समस्या उत्पन्न नहीं हो। उपायुक्त ने दोनों समुदायों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व-त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि जिले की पहचान हमेशा से सामाजिक सद्भाव और एकता के लिए रही है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म और समुदाय के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। उन्होंने सांकेतिक रूप से कहा कि जैसे ईद पर लोग एक-दूसरे के साथ सेवई बांटते हैं और रामनवमी पर लड्डू प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं, उसी तरह सभी समाज के लोग एक-दूसरे के पर्व में शामिल होकर खुशियां साझा करें। इससे समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश जाता है।

### सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का दिया निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें तथा विधि-व्यवस्था बनाएं रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी

बैठक में सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सूचना प्रसारित होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शांति व्यवस्था प्रभावित न हो।

### जुलूस पुराने निर्धारित रूट से ही निकाले जाएंगे

बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले सभी जुलूस पूर्व से निर्धारित पुराने रूट से ही निकाले जाएंगे। नए रूट के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि शांति समिति की बैठकों में सभी अखाड़ा समितियों को समय का पालन करने के लिए अवश्य कहा जाए, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### डीजे संचालकों से अलग बैठक करने का निर्देश

रामनवमी जुलूस - ईद के दौरान डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एसडीओ एवं एसडीपीओ को अलग से बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में संबंधित अखाड़ा समितियों एवं विभिन्न आयोजकों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

### चास क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर भी हुई चर्चा

बैठक के दौरान चास क्षेत्र में पूर्व से चली आ रही कुछ समस्याओं से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की गई। इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। सभी पक्षों के साथ आपसी समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर बल दिया गया तथा प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। चिन्हित स्थानों पर भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक स्थानों पर बैरिकेटिंग करने का निर्देश दिया गया, ताकि जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

### पूरे क्षेत्र में व्यवस्था के व्यापक इंतजाम

मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि रामनवमी - ईद पर्व को लेकर सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में ग्राउंड स्तर पर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें तथा संभावित समस्याओं की पहले से पहचान कर उनका समाधान कर लें। पर्व के दौरान संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com